

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, पीढ़ियों को अनुप्राणित करने वाले भारत रत्न डॉ. बीसी रॉय व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ कृष्ण पक्ष नवमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -2, अंक -310, पृष्ठ -,14+4 मूल्यः -5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

**आज का मौसम** 33.9° अधिकतम तापमान | 25.3° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल छाए रहेंगे, बारिश होगी। | सूर्योदय 05 : 19 सूर्यास्त 07 : 06

कानपुर, रविवार, 30 जून 2024




श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की...14

## रोडवेज बस की टक्कर से ऑटो चालक समेत 4 की मौत, दो घायल

संवाददाता, गंजमुरादाबाद उन्नाव

- बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गंजमुरादाबाद कस्बे में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद मोड़ पर तेज रफ्तार रोडवेज बस ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी जिससे ऑटो में बैठी दो सवारियों की मौके पर मौत हो गई।

वहीं ऑटो चालक व चार सवारियों को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने एक अन्य को मृत घोषित कर दिया। वहीं चालक समेत तीन को जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन वहां पहुंचने से पहले चालक की भी सांसे थम गईं। कोतवाली क्षेत्र के बल्लापुर गांव निवासी रामचन्द्र (57) अपने ऑटो रिक्शा में बांगरमऊ तिकोनिया पार्क से सवारी लेकर हरदोई के मल्लावां कस्बा जा रहा था। दोपहर करीब 12 बजे उन्नाव-हरदोई मार्ग पर कस्बा गंजमुरादाबाद से करीब एक किमी. पहले मोड़ पर स्थित पेट्रोल पंप के सामने हरदोई की ओर से आई रोडवेज बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। ऑटो में पीछे बैठे श्रीकृष्ण (45) निवासी पंपापुर बांगरमऊ कोतवाली, लक्ष्मण (35) निवासी ग्राम हज़रतपुर मल्लावां की मौके पर ही मौत हो गई। चालक सहित चार सवारियों को पुलिस ने सीएचसी भेजा। जहां सुनील उर्फ कल्लू (35) निवासी ग्राम खेतहरागंज जलालाबाद मल्लावां को मृत घोषित कर दिया गया। ऑटो चालक व रामसनेही (60) निवासी ग्राम जोगी कोट थाना बेहटा मुजावर और बब्लू (30) निवासी मुन्नू मियां तलैया कस्बा बांगरमऊ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया लेकिन यहां पहुंचने से पहले चालक रामचंद्र की सांस भी थम गई। हादसे की जानकारी पर बांगरमऊ एसडीएम नम्रता सिंह, सीओ अरविंद कुमार मौके पर पहुंचे। बस के चालक व परिचालक भाग निकले। पुलिस ने बस को थाने में खड़ा कराया है।

**पांच दिनों तक उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत को खूब भिगोएंगे बादल**

## उत्तर प्रदेश सहित कई राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले चार से पांच दिन में उत्तर-पश्चिम और पूर्वोत्तर भारत में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान शनिवार को व्यक्त किया। आईएमडी ने कहा है कि पूर्वोत्तर राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश के पूर्व, उत्तर-पश्चिम में निचले क्षोभमंडल स्तर पर चक्रवाती परिसंचरण का निर्माण हुआ है। उत्तर प्रदेश के उत्तर-पश्चिम हिस्से से निम्न दबाव वाले क्षेत्र की एक प्रणाली बन गई है। जिसके कारण 29 जून से तीन जुलाई तक हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में भारी वर्षा होने का अनुमान है। छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी क्षेत्र, झारखंड और ओडिशा में 29-30 जून को और बिहार में 30 जून से दो जुलाई तक भारी वर्षा होने का अनुमान है।

आईएमडी ने इस अवधि में उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, पूर्वी राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में बहुत भारी वर्षा का भी अनुमान जताया है। पूर्वोत्तर में, असम के उत्तर-पूर्वी हिस्से में एक चक्रवाती परिसंचरण अगले पांच दिन में पश्चिम बंगाल, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ बौछारें, बिजली गिरने तथा कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा लाएगा। अरुणाचल प्रदेश में 29-30 जून को तथा 29 जून को असम और मेघालय में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान है। एक जुलाई तक सौराष्ट्र, कच्छ, केरल, तमिलनाडु तथा तटीय और दक्षिण कर्नाटक में भी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का पूर्वानुमान लगाया है।

### राजकोट हवाई अड्डे के बाहर कैनोपी का हिस्सा ढहा



**राजकोट।** राजकोट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में पिकअप और ड्रॉप वाले क्षेत्र के ऊपर कनात से बनी छत (कैनोपी) का एक हिस्सा शनिवार को भारी बारिश के कारण गिर गया। इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। गुजरात में हवाई अड्डे पर इस घटना के पहले दिल्ली और जबलपुर में भी इसी प्रकार की घटनाएं हुई हैं। राजकोट हवाई अड्डे के अधिकारियों ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारी बारिश के कारण पूर्वाह्न 11.40 बजे टर्मिनल भवन में छत वाले हिस्से में पानी जमा हो गया। इसकी जानकारी मिलने पर लोक निर्माण विभाग को सूचना दी गई और छत के नीचे के हिस्से को घेर दिया गया। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11.55 बजे भारी बारिश के कारण छत पर अधिक पानी जमा हो गया, जिसके कारण कनात का कपड़ा फट कर गिर गया।

### एक नजर

#### 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थ नष्ट किए

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान एवं निकोबार पुलिस ने केंद्र शासित प्रदेश में 475 करोड़ के जब्त मादक पदार्थों को नष्ट किया है। मादक पदार्थ निपटान कार्यक्रम के तहत जीबी पंत अस्पताल में लगभग 238.41 किग्रा मेथमफेटामाइन, 67.63 किग्रा गांजा, 1.060 किग्रा कोकीन, 76 ग्राम चरस समेत अन्य मादक पदार्थ नष्ट किए गए।

#### हरिद्वार में भारी बारिश सूखी नदी में कारें बहीं

**हरिद्वार।** उत्तराखंड के हरिद्वार में शनिवार दोपहर भारी बारिश हुई, जिससे सूखी नदी में बाढ़ आने से कई कारें तेज बहाव में बह गईं। हरिद्वार में बारिश का पानी घरों में घुस गया और प्रमुख सड़कों में जलजमाव हुआ। यह नदी आमतौर पर सूखी रहती है इसलिए लोग अपनी गाड़ियां सूखी नदी के किनारे खड़ी कर देते हैं।

#### सीबीआई का मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्रों में छापा

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बड़े पैमाने भ्रष्टाचार के आरोप में मुंबई में दो पासपोर्ट सेवा केंद्र के 14 अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज करने के बाद शनिवार को महाराष्ट्र में 33 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया। सीबीआई ने लोअर परेल और मलाड में केंद्रों से जुड़े एक भ्रष्टाचार रैकेट का पर्दाफाश किया है।

## मेधावियों के नाम पर होंगी सड़कें

### मुख्यमंत्री ने कहा, स्कूल जाने से कोई छात्र वंचित न रहने पाए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान
- छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट व एक लाख रुपये किए वितरित

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में सड़कों का नाम मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम पर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि कोई छात्र स्कूल जाने से वंचित न रहने पाए। यह देश की सबसे बड़ी सेवा होगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर छात्रों को प्रमाण पत्र, टैबलेट और एक लाख रुपये वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये छात्र जिस गांव व मोहल्ले के होंगे, वहां की सड़क का नामकरण उनके नाम पर होगा। सड़क का निर्माण कार्य सरकार के स्तर पर होगा। विधायक व सांसद के साथ मिलकर इन्हीं से शिलान्यास भी कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षित करना सबसे पवित्र कार्य है। शिक्षकों का आचरण एक शासकीय अधिकारी की तरह नहीं, बल्कि समाज के एक मार्गदर्शक के रूप में होना चाहिए। कहा कि हमारे विद्यालय 'इनोवेशन' और 'रिसर्च' के नए सेंटर के रूप में स्थापित हों, छात्र-छात्राओं के अंदर कठिन से कठिन चुनौतियों से जूझने का जज्बा हो, इसके लिए शिक्षक स्वयं को तैयार करें।

समारोह में हाईस्कूल और इंटर की मेरिट में जगह बनाने वाले कुल 170 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिनमें छात्र 58 हैं और छात्राएं 112 हैं। बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के छात्र-छात्राओं के लिए ड्रेस, जूता-मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी व स्कूल बैग खरीद के लिए प्रति छात्र-छात्रा 1200 रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं के माता-पिता या अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेजने की प्रक्रिया की शुरुआत की।



समारोह में बच्चे को पाठ्य सामग्री देते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। ● अमृत विचार

#### इन योजनाओं की शुरुआत व लोकार्पण

- ड्रेस-स्टेशनरी के लिए 1200 रुपये खाते में
- विभिन्न बोर्डों के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान
- 165 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी विद्यालय का लोकार्पण
- 11 जिलों के डायट में अतिरिक्त कक्षा का शिलान्यास
- कक्षा एक व दो की पुस्तकों के वितरण की शुरुआत
- टोल फ्री नंबर 1800-889-3277 की शुरुआत
- शैक्षणिक शोध संकलन 'शोध संगम' का विमोचन

#### योगी ने बच्चों को बताया सफलता का मंत्र

मुख्यमंत्री ने छात्र-छात्राओं को सफलता का मंत्र बताया। उन्होंने कहा कि जीवन में किसी भी क्षेत्र में जाना हो, याद रखें, परिश्रम का कोई विकल्प नहीं हो सकता। जीवन में 'शॉर्टकट' का रास्ता अपनाने वाला व्यक्ति कभी भी अपनी मंजिल को प्राप्त नहीं कर सकता, इसलिए जीवन में जितना कठिन परिश्रम कर सकते हैं, करना चाहिए। जिन छात्रों ने कठिन परिश्रम किया, मेरिट में उनका नाम आया। सफलता हमें ये भी बताती है कि हमने मंजिल पा ली है, हमारी दिशा सही है, हमें दिशा भ्रम में नहीं पड़ना है।

**नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामला**

## सीबीआई ने की गुजरात के चार शहरों में सात स्थानों पर छापेमारी

नई दिल्ली, एजेंसी

- झारखंड के हजारीबाग से एक पत्रकार को भी दबोचा

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र लीक मामले में गुजरात में सात स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि चार जिलों - आनंद, खेड़ा, अहमदाबाद और गोधरा में संदिग्धों के परिसरों पर सुबह छापेमारी की कार्रवाई शुरू की गई। सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में झारखंड के हजारीबाग स्थित एक स्कूल के प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य के अलावा हिंदी अखबार के एक पत्रकार को शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि ओएसिस स्कूल के प्रधानाचार्य एहसानुल हक को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा पांच मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी के लिए हजारीबाग का नगर समन्वयक बनाया गया था। उन्होंने बताया कि उप-प्रधानाचार्य इम्तियाज आलम को एनटीए का पर्यवेक्षक और ओएसिस स्कूल का केंद्र समन्वयक नियुक्त किया गया था। सीबीआई प्रश्नपत्र लीक मामले के सिलसिले में जिले के पांच और लोगों से भी पूछताछ कर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पत्रकार जमालुद्दीन अंसारी को प्रधानाचार्य और उपप्रधानाचार्य की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई ने इस मामले में छह प्राथमिकी दर्ज की हैं। एनटीए ने देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी परीक्षा आयोजित की थी।

#### दो दिन में घोषित होगी नीट-पीजी की नई तिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) अगले दो दिन के भीतर राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) के लिए नई तारीख की घोषणा करेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर बढ़ते विवाद के बीच एहतियाती कदम उठाते हुए पिछले सप्ताह रद्द की गई परीक्षाओं में नीट-पीजी की परीक्षा भी शामिल है। प्रधान ने हरियाणा के पंचकूला में संवाददाताओं से कहा कि नीट-पीजी के लिए तिथि की घोषणा एनबीई द्वारा एक या दो दिन में की जाएगी।

#### तीन और अभियुक्तों की सीबीआई को मिली रिमांड

**पटना।** सीबीआई की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने शनिवार को (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र लीक मामले में तीन और अभियुक्तों को पुलिस रिमांड पर हिरासती पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश दिया। सीबीआई ने हजारीबाग से गिरफ्तार डॉ. एहसान उल हक, इम्तियाज और जमालुद्दीन को विशेष अदालत में पेश कर हिरासती पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड पर दिए जाने की प्रार्थना की। अदालत ने तीनों को 29 जून से 04 जुलाई तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार, बेऊर के अधीक्षक को दिया है।

## टैंक सवार जवान बहे, जेसीओ समेत 5 की मौत

**एलएसी के पास हुआ हादसा** | **लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान श्योक नदी में फंस गया था टैंक**

लेह, एजेंसी

लद्दाख के न्योमा-चुशुल क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के पास श्योक नदी में शुक्रवार देर रात अचानक आई बाढ़ के कारण टी-72 टैंक पर सवार एक 'जूनियर कमिशंड ऑफिसर' (जेसीओ) समेत पांच सैन्यकर्मी डूब गए। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना यहां से 148 किलोमीटर दूर मंदिर मोड़ के पास देर रात करीब एक बजे अभ्यास के दौरान हुई। लेह में सेना के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) ने कहा कि 28 जून, 2024 की रात एक सैन्य प्रशिक्षण अभ्यास के बाद, पूर्वी लद्दाख के सासेर ब्रांगसा के पास श्योक नदी में अचानक जल स्तर बढ़ने के कारण सेना का एक टैंक फंस गया। बयान में कहा गया कि बचाव दल घटनास्थल पर पहुंचे, लेकिन तेज बहाव और अधिक जल स्तर के कारण बचाव अभियान सफल नहीं हो सका और टैंक के चालक दल के सदस्यों की जान चली गई। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि लद्दाख में एक टैंक को नदी पार कराते समय हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे में भारतीय सेना के हमारे पांच बहादुर कर्मियों की जान जाने से मुझे गहरा दुख हुआ है। हम अपने वीर जवानों द्वारा देश के लिए की गई अनुकरणीय सेवा को कभी नहीं भूलेंगे। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।

#### देश जवानों के परिवारों के साथः शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को लद्दाख में अचानक आई बाढ़ में सैनिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और कहा कि पूरा देश उनके परिवारों के साथ है। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि लद्दाख में सैन्य अभ्यास के दौरान हुए हादसे की सूचना से मन व्यथित है। इस हादसे में अपना जीवन गंवाने वाले वीर जवानों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरा देश वीर जवानों के परिजनों के साथ है।

#### राहुल गांधी और प्रियंका ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी वाद्रा ने लद्दाख में पांच सैनिकों की मौत होने पर शनिवार को गहरा दुख व्यक्त किया। खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि लद्दाख में पांच बहादुर सैनिकों की मौत से बहुत दुखी हूं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सैन्यकर्मियों की मौत की खबर अत्यंत दुखद है। दुख की इस घड़ी में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं। प्रियंका गांधी ने भी सैन्यकर्मियों के परिजन के प्रति संवेदना व्यक्त की।

### अमरनाथ यात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शनिवार को अमरनाथ यात्रा का दूसरा जत्था पवित्र गुफा के लिए रवाना हुआ। इस जत्थे में 4029 तीर्थयात्री शामिल हैं, जो 200 वाहनों से भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से दक्षिण कश्मीर के पहलगाम और उत्तर कश्मीर के बालटाल के मार्गों से पवित्र गुफा के दर्शन करने पहुंचेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि 2179 तीर्थयात्रियों में से 1670 पुरुष, 332 महिलाएं, दो बच्चे, 144 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं जो 96 वाहनों से पहलगाम आधार शिविर के लिए रवाना हुए। बालटाल में 1850 तीर्थयात्रियों में से 1264 पुरुष, 448 महिलाएं, 19 बच्चे, 87 साधु और 31 साध्वियां शामिल हैं।

## चिकित्सकों ने पैर की जगह कर दी गुप्तांग की सर्जरी

**पैर में चोट लगने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था बच्चा**

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शाहपुर के एक नौ वर्षीय लड़के के माता-पिता ने पुलिस से अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि एक सरकारी अस्पताल के चिकित्सकों ने उनके बेटे के घायल पैर की जगह गुप्तांग की सर्जरी कर दी। पीड़ित नाबालिग के माता-पिता के आरोप पर एक स्वास्थ्य अधिकारी ने मामले की जांच का आश्वासन दिया है। पुलिस ने कहा कि वे मामले की जांच कर रहे हैं। नाबालिग के माता-पिता ने संवाददाताओं को बताया कि पिछले महीने जब नाबालिग बच्चा अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था तब उसके पैर में चोट लग गई थी। उसे 15 जून को शाहपुर के उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा था। चिकित्सकों ने उसके जख्मी पैर की जगह गुप्तांग का खतना कर दिया। उन्होंने कहा कि बाद में अपनी गलती का एहसास होने पर चिकित्सकों ने जख्मी पैर की सर्जरी की। माता-पिता ने शाहपुर पुलिस में भी शिकायत दर्ज कराई है। हालांकि इस संबंध में अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, लेकिन एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत की जांच चल रही है। जिला सिविल सर्जन डॉ. कैलाश पवार ने कहा कि स्वास्थ्य अधिकारी आरोपों की जांच करेंगे।

### ऊर्जा निगमों में अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे निदेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत ऊर्जा निगमों में निदेशक अब 65 वर्ष तक रह सकेंगे। राज्य सरकार ने उनकी सेवानिवृत्ति आयु तीन वर्ष बढ़ा दी है। चयन प्रक्रिया में भी आयु सीमा की छूट दी गई है। इस सिलसिले में आदेश जारी किया गया है। पहले निदेशक पद पर तैनात बिजली अभियंता 62 वर्ष में सेवानिवृत्त हो रहे थे। निदेशक पद पर चयन के लिए अब न्यूनतम 50 और अधिकतम 62 वर्ष तक सेवानिवृत मुख्य अभियंता, कार्यरत मुख्य अभियंता या प्रोन्नति के लिए चयनित अधीक्षण अभियंता आवेदन कर सकेंगे।

## केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली, एजेंसी

**आबकारी घोटाला**



- तीन दिन की हिरासत के बाद सीबीआई ने कोर्ट में किया था पेश

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आबकारी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में शनिवार को यहां की अदालत ने 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल को सीबीआई ने तीन दिन की हिरासत में पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने केजरीवाल को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेजने का अनुरोध करते हुए कहा कि जांच और न्याय के हित में उनकी हिरासत जरूरी है। याचिका मंजूर करते हुए विशेष न्यायाधीश सुनयना शर्मा ने कहा कि केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश किया जाए। केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति में अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

सीबीआई ने केजरीवाल को तीन दिन की हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद अदालत में पेश किया। सीबीआई ने अपनी याचिका में कहा कि पूछताछ के दौरान केजरीवाल ने जांच में सहयोग नहीं किया।

**बदरंग तस्वीर** | **कानपुर में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होने की जगह एकसाथ हैं, जो गंगा व पांडु नदी को कर रहे प्रदूषित**

## गंगा क्यों न हो मैली, बहा रहे करोड़ों लीटर सीवेज

अभिषेक वर्मा, कानपुर

- गंगा को निर्मल बनाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' सिस्टम की आवश्यकता
- बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से वर्षा जल के साथ गंगा में बहा रहे मल-जल

**अमृत विचार :** कानपुर को भले ही स्मार्ट सिटी बनाया जा रहा है, लेकिन यहां का लचर ड्रेनेज सिस्टम पूरे शहर की तस्वीर बदरंग कर रहा है। स्मार्ट सिटी में सीवेज और ड्रेनेज सिस्टम अलग-अलग होना चाहिए, लेकिन शहर में आज भी 80 प्रतिशत सीवेज सिस्टम नालों से कनेक्ट हैं। लिहाजा, बारिश के पानी के साथ मल-जल भी नालों के जरिए गंगा और पांडु नदी में बहा दिया जाता है। वर्षा जल के साथ करोड़ों लीटर सीवेज भी नदियों में जाता है। 2019 में बंद किए जा चुके सीसामऊ नाले से भी सीवेज मिला वर्षा जल गंगा में बहाया जा रहा है। ऐसे में गंगा नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए 'स्टॉर्म वाटर ड्रेन' यानी सतही जल निकासी मात्र एक विकल्प बचा है।



कानपुर शहर में 16 बड़े नाले हैं। इनमें से 10 टैप्ड (बंद) हैं, जबकि छह खुले हैं। टैप्ड नालों में सीवेज पंपिंग स्टेशन के माध्यम से गैर-शोधित पानी को एसटीपी भेजा जाता है, जबकि छह अनटैप्ड नालों में बायोरेमिडिएशन विधि से जलशोधन होता है। नगर निगम के प्रभारी पर्यावरण अभियंता आरके पाल ने बताया कि भारी बारिश के बाद नालों में जलप्रवाह बढ़ जाता है। टैप्ड नालों में भी पानी पहुंचता है। लोड संभालने के लिए टैप्ड नालों में आपात स्थिति में चैनल को खोलना पड़ता है, जिससे पानी गंगा में गिरता है। पाल ने बताया कि हमारे पास स्टॉर्म वाटर और सीवेज का अलग-अलग चैनल नहीं है। ऐसी स्थिति में पानी गंगा में छोड़ना मजबूरी है। वरना, शहर तो बहेगा, साथ ही चैनल भी टूट जाएंगे।

#### ड्रेनेज समस्या से जूझ रहा 80 फीसदी शहर

शहर की बसावट वर्ष 1800 के बाद शुरू हुई। बरसाती पानी के निकासी के लिए वर्ष 1892 में सीसामऊ नाला बनाया। जब सीसामऊ नाला बना, तब आबादी डेढ़ से दो लाख थी। 132 साल बाद भी सीसामऊ नाला शहर का 20 प्रतिशत ड्रेनेज संभाले हुए है। शहर की बसावट अब 300.89 वर्ग किमी में हो गई है। आबादी भी 50 लाख से ज्यादा हो गई है, लेकिन ड्रेनेज सिस्टम अपडेट नहीं किया गया।

#### 18 सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी समस्या

शहर में गंगा को निर्मल बनाने में 1810 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन अब भी शहर में ड्रेनेज सिस्टम के नाम पर सीवर और नाला एक में है। अंग्रेजों के जमाने में शहर में जल निकासी के लिए डॉट नाला बनाया गया था। शहर का विस्तार होता गया। गंगा को साफ करने में करोड़ों खर्च होने के बाद भी न तो गंगा साफ हुई और न ही शहर का ड्रेनेज सिस्टम सुधरा।

कानपुर स्मार्ट सिटी तो है, लेकिन यहां चंडीगढ़ की तरह स्टॉर्म वाटर ड्रेन सिस्टम नहीं है। शहर की बसावट के अनुसार सीवेज और वर्षा जल निकासी की लाइनें अलग होनी चाहिए, जो शहर में नहीं हैं। जीओ के तहत ही नालों के जरिए वर्षा जल गंगा में भेजा जाता है। - **अमित मिश्रा**, क्षेत्रीय अधिकारी, उप्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

हमारी प्राथमिकता पहले शहर को डूबने से बचाने की होती है। मजबूरी में ही नालों को खोला जाता है। ऐसा नहीं करेंगे तो चैनल फट जाएंगे। सरकार की गाइडलाइन का पालन किया जाता है। -**आरके पाल**, पर्यावरण अभियंता (प्रभारी), नगर निगम



# विश्व कप आईसीसी का महत्वपूर्ण आयोजन

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी**

टी-20 विश्व कप दुनिया भर के खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन बनने की ओर अग्रसर है। खिलाड़ियों के बीच किए गए सर्वे में वनडे विश्व कप के मुकाबले टी-20 विश्व कप को आईसीसी का सबसे अहम आयोजन करार देने वाले खिलाड़ियों की संख्या में इजाफा हुआ।

वर्ल्ड क्रिकेटर्स एसोसिएशन (डब्ल्यूसीए) की ओर से किए गए सर्वे के अनुसार 85% खिलाड़ियों ने 2019 में 50 ओवर के विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना, जबकि 15%ने टी-20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण माना था। इस साल हालांकि इन आंकड़ों में बड़ा बदलाव हुआ है और सिर्फ 50% खिलाड़ियों ने ही वनडे विश्व कप को महत्वपूर्ण माना जबकि टी-20 विश्व कप को पसंद करने वालों की संख्या 35% पहुंच गई। अमेरिका और वेस्टइंडीज की संयुक्त मेजबानी में मौजूदा टी-20 विश्व कप का समापन शनिवार को बारबाडोस में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी मुकाबले के साथ होगा। री-ब्रांडेड संस्था की ओर से किए गए सर्वेक्षण के अनुसार 26 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के लिए टी-20 विश्व कप के प्रति झुकाव काफी बढ़ गया।

सर्वे में भाग लेने वाले 49% ऐसे खिलाड़ियों ने टी-20 विश्व कप को सबसे महत्वपूर्ण आयोजन माना। कुल मिलाकर टी-20 प्रारूप की लोकप्रियता में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। साल 2019 में 82% खिलाड़ियों ने टेस्ट क्रिकेट को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना था, अभी यह केवल 48% है। इस सर्वे में 30% खिलाड़ियों ने टी-20 को सबसे महत्वपूर्ण प्रारूप के रूप में चुना। भारत, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के खिलाड़ियों ने इस सर्वे में भाग नहीं लिया क्योंकि वे संघबद्ध नहीं हैं। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश और वेस्टइंडीज सहित अन्य प्रमुख क्रिकेट देशों के खिलाड़ियों से इस सर्वे में राय मांगी गयी थी। डब्ल्यूसीए के अनुसार इस साल के सर्वे में 13 देशों के 330 पेशेवर खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिनमें से अधिकांश वर्तमान टीम के सदस्य है। इस सर्वे में महिला खिलाड़ियों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया।

## प्रज्ञानानंदा ने सुपरबेट टूर्नामेंट के तीसरे दौर में गुकेश से ड्रा खेला

**बुकारेस्ट (रोमानिया)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा तीसरे दौर में हमवतन डी गुकेश से ड्रा खेलने के बाद सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट में संयुक्त बढ़त हासिल करने से चूक गए। टूर्नामेंट में तीन दिन में पहली बार 10 खिलाड़ियों के डबल राउंड रोबिन में सभी पांच मैच ड्रा रहे।



अभी 3,50,000 डॉलर की पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट में छह दौर बाकी हैं। सभी ड्रा से बढ़त हासिल करने वाले खिलाड़ी के स्थान में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुकेश अमेरिका के फैबियानो कारूआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने हुए हैं। दोनों के दो अंक हैं। कारूआना ने उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव से ड्रा खेला। मैक्सिम वाचियर लाग्रेव ने अलीरेजा फिरौजा से अंक बांटे। इससे वाचियर लाग्रेव, प्रज्ञानानंदा, अलीरेजा, वेस्ले सो, अनीष गिरी और इयान नपोमनियाच्ची 1.5 अंक लेकर संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। गिरी और नेपोमनियाच्ची के बीच बाजी ड्रा रही।

# अमेरिका में 'ड्रॉप इन' पिचों के कारण कम रन बने : गेल

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस), एजेंसी**



- ऑस्ट्रेलिया से फ्लोरिडा तक आने के बाद लंबी उड़ान से मिले जेट लेग से उबर नहीं पाईं पिचें

वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज और टी-20 विश्व कप के दूत क्रिस गेल ने टूर्नामेंट के अमेरिका चरण में कम स्कोर वाले मैचों के लिए पिचों को जिम्मेदार ठहराया जो 'ड्रॉप इन' के बाद पूरी तरह तैयार नहीं हो सकीं। आईसीसी के मुताबिक न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में ड्रॉप-इन पिचों का इस्तेमाल किया गया था। इन पिचों को ऑस्ट्रेलिया के एडिलेड में तैयार कर दिसंबर 2023 में फ्लोरिडा लाया गया था।

गेल ने कहा कि लंबी उड़ान के बाद पिच जेट लेग से उबर नहीं पायी थीं। जेट लेग का आमतौर पर मतलब लंबी उड़ान या यात्रा से होने वाली थकान होता है, गेल का मानना था कि न्यूयॉर्क की पिचों को ड्राप इन के बाद तैयार होने का पूरा समय नहीं मिला। फ्लोरिडा से ट्रकों की मदद से इन पिचों को न्यूयॉर्क लाया गया था। ये पिचें टूर्नामेंट के दौरान बल्लेबाजी के लिए कठिन विकेटों में से एक साबित हुई थी। गेल ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह कम स्कोर वाला विश्व कप रहा है और कभी-कभी विकेट भी धीमा हो जाता है। यह बल्लेबाजों का प्रारूप है... लेकिन इस टूर्नामेंट में समय-समय पर गेंदबाजों को बढ़त मिलती रही है। इस टी20 विश्व कप पर गेंदबाजों का काफी नियंत्रण रहा है।

## खेल डायरी

### अन्नू रानी ने भाला फेंक में जीता स्वर्ण पदक

**पंचकुला।** एशियाई खेलों की चैंपियन अन्नू रानी ने नेशनल इंटर-स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में शुक्रवार को यहां महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता अन्नू रानी ने पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए अपने तीसरे प्रयास में 57.70 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया। 31 वर्षीय खिलाड़ी के नाम 63.82 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी दर्ज है, जिसे उन्होंने साल 2022 में जमशेदपुर में अपने नाम किया था। इंटर-स्टेट मीट 30 जून को विंडो बंद होने से पहले भारतीय एथलीटों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग इवेंट है। वहीं, अन्नू रानी क्वालीफाइंग पीरियड में 64 मीटर की महिलाओं की भाला फेंक में ओलंपिक क्वालिफिकेशन मार्क हासिल करने में विफल रही हैं।

### शुभंकर इटालियन ओपन गोल्फ में सातवें स्थान पर

**रोम।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा शुरुआती दो दौर में एक समान 68-68 का कार्ड खेलने के बाद इटालियन ओपन में संयुक्त सातवें स्थान पर है। पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का कर चुके शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले पांच बर्डी लगाई। इससे पहले शुरुआती दौर में उन्होंने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी और एक ईगल लगाई। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे एक अन्य भारतीय ओम प्रकाश चौहान 72 और 71 का कार्ड खेलने के बाद कट में जगह बनाने से चूक गये।

### अदिति डोऊ चैंपिनयशिप में कट से चूकीं

**मिडलैंड (अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक और उनकी थाईलैंड की जोड़ीदार पजारी अन्नारूकर्ण एलपीजीए टूर की डोऊ चैम्पियनशिप गोल्फ चैम्पियनशिप के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के अच्छे कार्ड के बावजूद कट हासिल करने से चूक गयीं। भारत और थाईलैंड की इस जोड़ी ने क्रमश: 72 और 66 के कार्ड बनाये जिससे दोनों संयुक्त 59वें स्थान पर थीं। लेकिन इससे यह जोड़ी कट से चूक गयी जो सात अंडर पर था। पांच जोड़ियां लीडरबोर्ड में शीर्ष पर रहीं।

### पानागियोटिस पंजाब एफसी के नये मुख्य कोच नियुक्त

**मोहाली।** पंजाब एफसी (पीएफसी) ने आगामी आईएसएल 2024-25 सत्र के लिए पानागियोटिस दिलमपेरिस को हेड कोच के रूप में नियुक्त किया है। कोस्टान्टिनोस कात्सारास सहायक कोच के रूप में और पपाईओन्नू योनिस स्ट्रेंथ कंडीशनिंग कोच के रूप में उनके साथ जुड़ेंगे। पीएफसी से पहले दिलमपेरिस पिछले सत्र में एई एरमियोनिडा एफसी के हेड कोच के रूप में कार्यरत थे। उनके 15 साल के विस्तृत कोचिंग करियर में इराकलिस लारिसास एफसी, रोचेस्टर एनवाई एफसी, पंसेराइकॉस एफसी सहित अन्य प्रमुख टीमों के साथ कोचिंग शामिल है।

# टेस्ट के इतिहास में भारत ने बनाया रिकॉर्ड स्कोर

## दूसरे दिन भारतीय महिला टीम ने 603 रन पर की पारी घोषित, द. अफ्रीका ने बनाए 4 विकेट पर 236 रन

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय टीम ने शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन महिला टेस्ट क्रिकेट के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाते हुए छह विकेट पर 603 रन पर पहली पारी घोषित की। इसके बाद मारिजाने काप और सुने लुस की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने इसके जवाब में स्टंप तक चार विकेट पर 236 रन बना लिये थे। मेजबान टीम ने बीती रात के चार विकेट पर 525 रन के स्कोर से खेलना शुरू किया।

अपना पांचवां टेस्ट खेल रही कप्तान हरमनप्रीत कौर ने लंबे प्रारूप में अपना पहला अर्धशतक बनाया और 115 गेंद में 69 रन की पारी खेली जबकि ऋचा घोष ने भी भारत का दबदबा जारी रखते हुए करियर की सर्वश्रेष्ठ 86 रन की पारी खेली। इन दोनों ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 143 रन की साझेदारी निभायी। भारत ने 576 रन बनाते ही महिला टेस्ट क्रिकेट में आस्ट्रेलिया द्वारा बनाया पिछला नौ विकेट पर 575 रन का सर्वोच्च टीम स्कोर का रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। हरमनप्रीत के टुमी सेखुखुने की गेंद पर पगबाधा आउट होते ही 593 रन पर यह साझेदारी टूट गयी। इसके 10 रन बाद ही ऋचा भी नोनकुलुलेको मलाबा की गेंद पर पगबाधा आउट हो गयी और भारतीय कप्तान ने पारी घोषित कर दी।



ऐनेक बॉश का विकेट लेने के बाद जश्न मनाती भारतीय महिला टीम। ● एजेंसी

दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रम ने भी शानदार जज्बा दिखाते हुए पारी की शुरूआत की जिसमें सुने लुस (65 रन) और मारिजाने (नाबाद 69 रन) की अर्धशतकीय पारियों से स्टंप तक चार विकेट पर 236 बनाने में मदद की। अब टीम भारत से 367 रन से पिछड़ रही है। दक्षिण अफ्रीका के लिए डेल्मी टकर सबसे सफल गेंदबाज रही जिन्होंने 141 रन देकर दो विकेट झटके जबकि मसाबाटा क्लास सबसे फिकायती रहीं। दक्षिण अफ्रीका ने बल्ले से अच्छी शुरूआत करते हुए लंच ब्रेक तक बिना विकेट गंवाये 29 रन बना लिये थे। लेकिन स्नेह राणा ने दक्षिण अफ्रीकी कप्तान लौरा वुलवार्ट (20) को पगबाधा आउट कर 33 रन पर पहला झटका दिया। फिर एनेके बॉश का साथ निभाने लुस उतरीं। इस जोड़ी ने बल्लेबाजों के मुफीद विकेट का पूरा फायदा उठाया और दूसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी निभायी। राणा ने ही इस भागीदारी का अंत किया जब बॉश उनकी गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच दे बैठीं। अब काप और लुस क्रीज पर थीं। दक्षिण अफ्रीका ने चाय ब्रेक तक दो विकेट गंवाकर 106 रन बनाये। अंतिम सत्र में दोनों बल्लेबाजों ने अपने अर्धशतक पूरे करते हुए 93 रन की साझेदारी की जिसका अंत दीप्ति शर्मा ने लुस को पगबाधा आउट कर किया। इससे स्कोर तीन विकेट पर 189 रन हो गया। यह दक्षिण अफ्रीका की इस प्रारूप में तीसरे विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी भी है। नौ गेंद बाद डेल्मी टकर खाता भी नहीं खोल सकीं और राणा की गेंद का शिकार हुई। काप और नाडिने डि क्लर्क ने मिलकर पांचवें विकेट के लिये स्टंप तक नाबाद 38 रन की साझेदारी निभा ली थी। भारत के लिए राणा ने गेंद से शानदार प्रदर्शन करते हुए 61 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि दीप्ति शर्मा ने 40 रन देकर एक विकेट हासिल किया।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी घोषित) 603/6 (115.1 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| शेफाली वर्मा रन आउट | 205 | 197 | 23/8 |
| स्मृति मंधाना का डर्कसेन बो टकर | 149 | 161 | 27/1 |
| सतीश शुभा का जाफ्टा बो डि क्लर्क | 15 | 27 | 2/0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स का डि क्लर्क बो टकर | 55 | 94 | 8/0 |
| हरमनप्रीत कौर पगबाधा सेखुखुने | 69 | 115 | 4/0 |
| रिचा घोष पगबाधा मलाबा | 86 | 90 | 16/0 |
| दीप्ति शर्मा नाबाद | 2 | 7 | 0/0 |

अतिरिक्त : 22 रन, गेंदबाजी : क्लास 17-2-74-0, डेर्कसन 17-0-80-0, डि क्लेर्क 12-1-79-1, सेखुखुने 14-0-70-1, मलाबा 26.1-1-122-1, टकर 26-1-141-2, लुस 3-0-15-0

| द. अफ्रीका (पहली पारी) 236/4 (72 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| लॉरा वुलवार्ट पगबाधा राणा | 20 | 39 | 3/0 |
| ऐनेक बॉश का दीप्ति बो राणा | 39 | 73 | 4/1 |
| सुने लुस पगबाधा दीप्ति | 65 | 164 | 6/1 |
| मारिजाने काप नाबाद | 69 | 125 | 8/0 |
| डेल्मी टकर का रिचा बो राणा | 0 | 8 | 0/0 |
| नाडिने डि क्लर्क नाबाद | 27 | 28 | 5/0 |

अतिरिक्त : 16 रन, गेंदबाजी : रेणुका 7-0-22-0, वस्त्राकर 9-2-32-0, राणा 20-2-61-3, राजेश्वरी 16-3-50-0, दीप्ति 15-3-40-1, हरमनप्रीत 3-0-9-0, मंधाना 2-0-8-0

## गेंद आगे अधिक टर्न और असामान्य उछाल लेगी : राणा

**चेन्नई।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन तीन विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज स्नेह राणा ने कहा कि उन्होंने सही लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी के साथ पिच से मिल रही असामान्य उछाल से उन्हें फायदा मिला। इस 30 साल की ऑफ स्पिनर डेल्मी टकर (0) के साथ कप्तान लौरा वोलवार्ट (20) और एनेके बॉश (39) की सलामी जोड़ी को पवेलियन की राह दिखाई।

राणा ने दूसरे दिन के खेल के बाद कहा मेरी योजना सरल है, सही लाइन लेंथ के गेंदबाजी के साथ अपनी स्टॉक गेंदों का अधिक उपयोग करना। हमने उनके शीर्ष चार-पांच बल्लेबाजों के वीडियो देख कर उनके खिलाफ योजना बनाई तैयार की है। गेंदबाजी की शुरुआत में इस पिच पर अधिक टर्न नहीं मिल रहा था और हमें अपनी गेंद पर उंगलियों और मजबूत पकड़ का इस्तेमाल करना पड़ रहा था। मैच के आगे बढ़ने के साथ पिच गेंदबाजों के अनुकूल होने लगी और असामान्य उछाल के साथ अधिक टर्न मिलने लगा। इस तरह की पिच पर गेंदबाजी करना चुनौतीपूर्ण होता है लेकिन हम हमेशा इसके लिए तैयार रहते हैं। राणा ने इसके पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये भारतीय महिला टीम के पिछले टेस्ट में भी सात विकेट लेकर अहम भूमिका निभाई थी।

# मालविका सेमीफाइनल में, त्रिसा और गायत्री का अभियान समाप्त

**फोर्ट वर्थ (अमेरिका), एजेंसी**



- बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर को रोमांचक मैच में हराया

भारतीय खिलाड़ी मालविका बंसोड ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमौर पर तीन गेम की रोमांचक जीत से अमेरिकी ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश किया। नागपुर की 22 साल की मालविका ने 2014 राष्ट्रमंडल खेलों की रजत पदक विजेता क्रिस्टी को 10-21 21-15 21-10 से शिकस्त दी।

49वीं रैंकिंग की मालविका ने हायलो ओपन 2022 में क्रिस्टी को हराया था जब स्कॉटलैंड की शटलर ने चोट के कारण दूसरे गेम में रिटायर होने का फैसला किया था। भारतीय खिलाड़ी इससे पहले क्रिस्टी से दो बार हार चुकी हैं। इस साल अजरबेजान अंतर्राष्ट्रीय चैलेंजर जीतने वाली भारतीय खिलाड़ी का सामना अब जापान की छठी वरीय नातसुकी निडाइरा से होगा। पुरुष एकल में प्रियांशु ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन वह चीन के चौथे वरीय लेई लान जि की चुनौती पार नहीं कर सके और एक घंटे में 21-15 11-21 18-21 से हार गये। दूसरी वरीय त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को जापान की रूई हिरोकामी और युना काटो की छठी वरीय जोड़ी से 17-21 21-17 19-21 पराजय झेलनी पड़ी जिससे उनका अभियान अंतिम आठ में समाप्त हो गया।

## टेस्ट मैच के लिए ग्रीनपार्क में तैयारियां शुरू

**कानपुर।** 27 सितंबर से भारत और बांग्लादेश के बीच खेले जाने वाले टेस्ट मैच के लिये ऐतिहासिक ग्रीनपार्क स्टेडियम पर तैयारियां शुरु कर दी गयी हैं। तैयारियों का जायजा लेने जुलाई के पहले सप्ताह में उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) के अध्यक्ष निधि पति सिंघानिया ग्रीन पार्क का निरीक्षण करेंगे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उनका ग्रीनपार्क मैदान पर पहला दौरा होगा।

सूत्रों ने बताया कि ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लौदेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले टेस्ट मैच की घोषणा की गयी है। तब से ही तैयारियों को शुरु करा दिया गया है उसका जायजा लेने उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष कानपुर के ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचेगे।

# कोई प्रायोजक नहीं, सुधार के लिए जूझ रही हूं : लिली

**पंचकुला (हरियाणा), एजेंसी**

धाविका लिली दास ने जब 2016 में भारतीय एथलेटिक्स में शुरूआत की थी तो उन्हें उम्मीद की किरण के तौर पर देखा जा रहा था लेकिन चीजें इतनी अच्छी नहीं रहीं और आठ साल बाद भी वह अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय पदक की कोशिश में जुटी हैं। प्रायोजकों की कमी के कारण लिली शीर्ष स्तर पर अपनी काबिलियत नहीं दिखा सकी हैं लेकिन 2016 में फेडरेशन कप की जूनियर स्तर की 1500 मीटर स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली पश्चिम बंगाल की यह एथलीट अभी हार मानने को तैयार नहीं है।



26 साल की लिली ने पोलैंड के बिडगोस्ज में 2016 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था। इसमें लिली 1500 मीटर के फाइनल में 10वें स्थान पर रही थीं। सीनियर स्तर पर उन्होंने 2019 दक्षिण एशियाई खेलों की 800 मीटर स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के अलावा कोई अंतरराष्ट्रीय पदक नहीं जीता है। लिली ने कहा, मैंने जूनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक जीते हैं लेकिन सीनियर स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पदक नहीं जीत पा रही। यह दुखद हिस्सा है। लेकिन मैं अभी हार नहीं मान रही हूं।

# फाइनल : कोहली की विराट पारी ने भारत को पहुंचाया 170 के पार

## विराट और अक्षर के दम पर भारत ने दिया 177 का लक्ष्य

## 17 साल में पहली बार बिना मैच गंवाए कोई टीम बनेगी चैंपियन

**बारबाडोस, एजेंसी**




विराट कोहली (76) की सूझबूझ भरी अर्धशतकीय पारी और अक्षर पटेल (47) के साथ 72 रनों की महत्वपूर्ण भागीदारी की मदद से भारत ने आईसीसी टी-20 विश्वकप के फाइनल में शनिवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले खेलते हुए सात विकेट पर 176 रनो का स्कोर खड़ा किया।

लगभग पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहने वाला विराट का बल्ला आज खिताबी मुकाबले में जम कर दहाड़ा। विराट ने मार्को यैंसन के पहले ओवर में तीन चौके लगाकर अपने इरादों का इजहार किया। भारत ने पहले ओवर में 15 रन जुटाए, उस समय लग रहा था कि इस पिच पर 200 से ऊपर का स्कोर खड़ा हो सकेगा मगर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने जबरदस्त वापसी करते हुए पहले पावर प्ले में ही भारत के तीन महत्वपूर्ण विकेट रोहित शर्मा (9), ऋषभ पंत (0) और सूर्यकुमार यादव (3) का विकेट झटक कर नीली जर्सी वाली टीम को बैकफुट पर धकेल दिया और मैदान पर सन्नाटा छा गया। रोहित और ऋषभ के विकेट केशव महाराज ने निकाले जबकि सूर्य कुमार कैसिगो रबाडा की गेंद को पुल करने के प्रयास में डीप स्कैवयर लेग पर धरे गए।

इस कठिन समय पर विराट का साथ देने आए अक्षर ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए भारत के स्कोरबोर्ड को चलाया और दोनो बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए अहम 72 रन जोड़े। विराट पारी के 19वें ओवर में मार्को यैंसन का शिकार बने। आखिरी के ओवर में शिवम दुबे (27) रन गति बढाने के प्रयास में अनरिख़ नॉर्खिये को अपना विकेट थमा बैठे। रविंद्र जडेजा (2) भी नार्खिये का शिकार बने। पांड्या पांच रन बनाकर नाबाद लौटे।

बता दें कि टी-20 विश्व कप की शुरुआत 2007 में हुई थी और भारतीय टीम पहले ही संस्करण में चैंपियन बनी थी। तब से लेकर अब तक 17 साल में पहली बार ऐसा होगा कि पूरे टूर्नामेंट में अजेय रही टीम चैंपियन बनेगी। यह नौवां संस्करण है और पिछले आठ संस्करण में कभी ऐसा नहीं हुआ कि कोई टीम एक भी मैच न गंवाते हुए चैंपियन बनी हो। इस बार न तो दक्षिण अफ्रीका और न ही भारत ने अब तक अपने फाइनल तक के अभियान में कोई मैच गंवाया है।

### स्कोर बोर्ड

| भारत 176/6 (20 ओवर) | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा कैच क्लासेन बो महाराज | 9 | 5 | 2/0 |
| विराट कोहली कैच रबाडा बो यैंसन | 76 | 59 | 6/2 |
| ऋषभ पंत कैच डिकॉक बो महाराज | 0 | 2 | 0/0 |
| सूर्यकुमार कैच क्लासेन बो रबादा | 3 | 4 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट डिकॉक | 47 | 31 | 1/4 |
| शिवम दुबे कैच मिलर बो नॉखिए | 27 | 16 | 3/1 |
| हार्दिक पांड्या नाबाद | 5 | 2 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा कैच महाराज बो नॉखिए | 2 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 6 रन, गेंदबाजी : यैंसन 4-0-49-1, महाराज 3-0-23-2, रबाडा 4-0-36-1, मारक्रम 2-0-16-0, नॉखिए 4-0-26-2, शम्सी 3-0-26-0

# विनिसियस जूनियर के दो गोल से ब्राजील ने पराग्वे को रौंदा

**लास वेगास।** विनिसियस जूनियर के पहले हाफ में किए दो गोल से ब्राजील ने कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच में पराग्वे को 4-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने का दावा मजबूत किया। ब्राजील के लिए साविन्हो ने पहले हाफ में गोल भी किया और लुकास पाक्वेटा ने दूसरे हाफ में पेनल्टी किक पर गोल किया। विनिसियस ने मैच के 35वें मिनट में गोलकर टीम का खाता खोला जबकि साबियो ने 43वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना किया। विनिसियस ने मध्यांतर से पहले दूसरे गोल के साथ मैच पर ब्राजील का दबदबा बनाया। पाक्वेटा ने 61वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलने में गलती नहीं की। एल्डेरेटे ने 81वें मिनट में पराग्वे के लिए सांत्वना गोल दागा। ब्राजील को अंतिम आठ में जगह बनाने की संभावना बढ़ाने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत थी क्योंकि उसे ग्रुप के शुरुआती मैच में कोस्टा रिका ने गोलरहित बराबरी पर रोक दिया था।



कोपा अमेरिका कप ग्रुप डी के फुटबॉल मैच गोल के लिए के और पनामा के खिलाड़ी।

## कोस्टा रिका को हराकर कोलंबिया कोपा कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**ग्लेनडाले।** डेविंसन सांचेज और जॉन कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में 3 मिनट के अंदर गोल किए, जिससे कोलंबिया ने कोस्टा रिका पर 3-0 से जीत के साथ कोपा अमेरिका कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोलंबिया ने ग्रुप डी मैच की शुरुआत से ही दबदबा कायम किया। लुइस डाज ने पेनल्टी को गोल में बदल कर टीम को 31वें मिनट में बढ़त दिला दी। सांचेज और कोर्डोबा ने दूसरे हाफ में मैच के 59वें और 62वें मिनट में गोल कर टीम की बढ़त को 3-0 कर दिया। कोलंबिया के सामने अब मंगलवार को खेले जाने वाले ग्रुप मैच में ब्राजील की चुनौती होगी। विश्व कप क्वालीफायर 2022 में अर्जेंटीना से हारने के बाद कोलंबिया की यह 25 मैचों में यह कुल 20वीं जबकि लगातार 10वीं जीत है। टीम ने इस दौरान पांच मैच ड्रॉ खेले हैं। कोस्टा रिका की टीम पूरे मैच में एक बार भी कोलंबिया की रक्षा पंक्ति को नहीं भेद सकी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहेंगे। बारिश की संभावना। उमस भी रहेगी।

33.9° अधिकतम तापमान | 25.3° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 19 | सूर्यास्त 07 :01

# जिले के 21 मेधावी सम्मानित मिले टैबलेट और प्रशस्ति पत्र

## हाईस्कूल, इंटरमीडिएट में अच्छे अंक लाने पर मिला इनाम

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में शनिवार को प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इसी क्रम में जिला मुख्यालय में कार्यक्रम हुआ। यूपी बोर्ड में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में सबसे बढ़िया अंक लाने वाले 21 होनहारों को टैबलेट और प्रशस्ति पत्र दिए गए।

विधायक मानिकपुर /मऊ अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, भाजपा जिलाध्यक्ष ने बच्चों के बेहतर भविष्य की कामना की। इनको टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व डेमो चेक देकर सम्मानित किया।

डीएम ने बच्चों को कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विधायक और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी बच्चों से देश का नाम रोशन करने की आकांक्षा जताई। सभी ने उनको बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक आदि मौजूद रहे।



मेधावी को पुरस्कृत करते अधिकारी और जनप्रतिनिधि। अमृत विचार

### इन होनहारों को किया गया सम्मानित

इंटरमीडिएट में शिवम चौरसिया को एक लाख का डेमो चेक व अजय पांडेय, काव्या रघुवंशी, पूजा देवी, अभिषेक कुमार, अभिषेक धनपत सिंह, आकाश कुमार श्रीवास्तव, जननायक, आयुष शुक्ला आदि को 21 हजार का डेमो चेक दिया गया। हाई स्कूल में कार्तिक गुप्ता, दीपा देवी, बप्पा रावल सिंह, राममिलन, विपिन पाल, जितेंद्र कुमार, सिद्धार्थ नारायण, ऋषभ पटेल आदि को भी 21 हजार रुपये का डेमो चेक, टैबलेट व प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

# ...जब दूसरे जनपद जांच को पहुंच गए इंस्पेक्टर साहब

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

● **वीडियो वायरल, हो गई झड़प मामला संदिग्ध**

**अमृत विचार।** जिले के एक खनिज इंस्पेक्टर के सीमावर्ती बांदा जिले में जाकर चेकिंग करने की बात चर्चा में है। आरोप है कि यह सब उगाही के चक्कर में हुआ। इसका वीडियो भी वायरल हुआ हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता। उधर, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने कहा कि चित्रकूट जिले को वाहन आ रहा था और अधिकारी को देखकर कहानी गढ़ ली गई।

मामला शुक्रवार रात का है। बताया जाता है कि जिले के खनिज विभाग के एक इंस्पेक्टर ओवरलोड एवम् बिना रवन्ना गाड़ियों की पहाड़ी थानांतर्गत सांईपुर के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान वह सीमावर्ती बांदा जिले के सिंहपुर गांव तक पहुंच गए और वहां जांच करने लगे। एक वाहन को पकड़ लिया। आरोप है कि वह धन की मांग करने लगे।

उधर, ट्रक चालकों ने यह कहा कि यह उनका जांच क्षेत्र नहीं है। इस पर विवाद होने लगा। बताया जाता है कि ट्रक मालिक ने 112 नंबर डायल कर पुलिस बुला ली। पहाड़ी पुलिस भी पहुंच गई। यहां तक बताया जाता है कि 112 की टीम और पहाड़ी पुलिस में कुछ बहस भी हुई। आखिरकार अंत में ट्रक छोड़ना पड़ा। इस संबंध में एक वीडियो भी वायरल हुआ है। उधर, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने इंस्पेक्टर पर लगाए आरोपों को मनगढ़ंत बताया। उन्होंने कहा कि चेकिंग चित्रकूट सीमा में की जा रही थी और जब ट्रक चालक ने चेकिंग टीम को देखा तो उसने बांदा सीमा से ही ट्रक वापस कर लिया। इस पर उसको पकड़ा गया था। आरोप तो कोई कुछ भी लगा सकता है।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राजापुर मनीष कुमार ने बताया कि खनिज इंस्पेक्टर के मांगे जाने पर थाने से पुलिस बल उपलब्ध कराया गया था। पुलिस बल अपने सीमाक्षेत्र से आगे नहीं गया।

## एक नजर

### जिलाधिकारी और नेताओं ने किया वेयरहाउस का मुआयना

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को वेयरहाउस का निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा चालू रहे। सुरक्षाकर्मियों को भी निर्देशित किया कि किसी प्रकार की लापरवाही न होने पाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, न्यायिक राजेश प्रसाद, उप कृषि निदेशक राजकुमार, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संतोषी लाल शुक्ला, महासचिव जितेंद्र गोयल, समाजवादी पार्टी से अमर पटेल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल आदि मौजूद रहे।

### महिला उत्पीड़न पर होगी सख्त कार्रवाई : विनोद

**मऊ (चित्रकूट)।** बीते एक सप्ताह से चर्चित रहे थाने में नए प्रभारी के रूप में निरीक्षक विनोद कुमार राय ने कार्यभार संभाल लिया। विनोद कुमार ने कहा कि महिला उत्पीड़न के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मादक पदार्थों का अवैध धंधा करने वालों को चिह्नित किया जाएगा। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि वे किसी भी समस्या पर कभी भी थाने आ सकते हैं। पुलिस मदद करेगी। बताया कि असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जाएगी। नवागंतुक थाना प्रभारी ने बताया कि भयमुक्त वातावरण बनाने के लिए प्रतिदिन सायंकालीन भ्रमण करेंगे। जनता से संवाद स्थापित करने के लिए हर प्रयास किए जाएंगे।



विनोद कुमार राय।

### महिला थाना पुलिस ने दंपति में कराई सुलह

**चित्रकूट।** महिला थाना की पुलिस टीम ने परिवारिक झगडे को समाप्त कराकर सुलह कराई। कटनी निवासी आशाबाई की पुत्री शोभा ने पति सुरेंद्र कुमार निवासी तरौंहा पर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए महिला थाने में प्रार्थनापत्र दिया था। गया । थानाध्यक्ष सविता सरोज व टीम ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर साथ रहने पर राजी किया। पुलिस टीम में आरक्षी जूली देवी शामिल रहीं।

### चित्रकूट से करेंगे फिल्म को रिलीज

**चित्रकूट।** फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निदेशक सनोज मिश्रा शनिवार को चित्रकूट पहुंचे। बताया कि वह चित्रकूट से ही फिल्म को रिलीज करेंगे। उन्होंने प. बंगाल सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। बताया कि फिल्म बनाने के दौरान 26 मुकदमे दर्ज हुए। फिल्म निर्माण शुरू होते ही लगातार विवाद उठते रहे हैं। सनोज ने कहा कि जगद्गुरु रामभद्राचार्य उनके लिए भगवान के समान हैं। स्वामी आचार्य रामचंद्र दास ने बताया है कि अगस्त में फिल्म रिलीज हो सकती है।



सनोज मिश्रा।

# खेतिहर मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण पर मंथन

संवाददाता, सीतापुर (चित्रकूट

● **ग्रामोदय विवि में दो दिन तक विद्वान करेंगे विचार-विमर्श**

**अमृत विचार।** भूमिहीन और खेतिहर मजदूरों की खुशहाली और आर्थिक समृद्धि कैसे हो, इस पर मंथन करने के लिए महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि में शनिवार से गोष्ठी शुरू हुई। इसमें दो दिन तक देश के जाने माने विशेषज्ञ विचारविमर्श करके कोई निष्कर्ष निकालेंगे।

राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विश्वविद्यालय के साथ दीनदयाल शोध संस्थान और मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद ने किया है। पहले दिन उद्घाटन सत्र में मप्र के ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर ने कहा कि भूमिहीन कृषि मजदूरों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए बहुआयामी प्रयास करने की आवश्यकता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री संजय पासवान ने लीक से हटकर विचार करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि देश विरोधी ताकतें किसानों और भूमिहीन श्रमिकों में संघर्ष देखना चाहती हैं। हमारा प्रयास समन्वय से समाधान निकालने का होना चाहिए। सामाजिक समरसता के राष्ट्रीय संयोजक श्यामप्रकाश ने कहा कि पाश्चात्य चिंतन ने हमारी दृष्टि को किसानों और भूमिहीन श्रमिकों में भेद करने वाली बनाने का प्रयास किया है पर ये दोनों एक ही हैं। कुलपति प्रो. भरत मिश्रा ने कहा कि नानाजी कहा करते थे कि आज की परिस्थितियों में गांव उजाड़ हो रहे हैं और शहर आबाद।

विकास का यह मॉडल दूरगामी रूप से ठीक नहीं हैं। इसके परिणाम समाज और राष्ट्र के हित में नहीं होगे। देश को नानाजी का चिंतन एक नई दृष्टि दे सकता है। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने भी नानाजी के आत्मनिर्भर गांवों के संकल्प को साझा किया। बसंत पंडित ने डीआरआई की ओर से भूमिहीन श्रमिकों के उत्थान के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यपालक निदेशक डा. धीरेंद्र कुमार पांडेय, जनजातीय प्रकोष्ठ राजभवन के संयोजक दीपक खांडेकरआदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर 13 राज्यों के भूमिहीन श्रमिकों की सामाजिक आर्थिक स्थिति पर अध्ययन के आधार पर बनाए गए प्रतिवेदनों की पुस्तक 'सोशियो इकानोमिक रिपोर्ट्स आफ लैंडलेस लेबर फ्राम वैरियस स्टेट्स और इस विषय पर आलेखों का संकलन 'वाइस आफ द लैंडलेस' का विमोचन किया गया। संयोजक प्रो. अमरजीत सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, दीनदयालजी और नानाजी के चित्रों पर माल्यार्पण से हुआ।



उद्घाटन सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो . भरत मिश्रा। अमृत विचार



कार्यक्रम के दौरान मौजूद कृषि विशेषज्ञ। अमृत विचार

# सार-संक्षेप



कार्यशाला में मौजूद एसपी और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

### कार्यशाला में दी गई नए कानूनों की जानकारी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में नए कानूनों की जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी बृजमोहन सिंह, अभियोजन अधिकारी शशिकांत यादव तथा जिला कोआर्डिनेटर सीसीटीएनएस मनीष वर्मा ने पुलिसकर्मियों को एक जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 की धाराओं के संबंध में बताया। एसपी ने बताया कि कोई भी कठिनाई आती है तो इसके समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय लखनऊ स्तर पर तथा जनपद स्तर पर समन्वय समितियों का गठन किया गया है। पुलिसकर्मियों को समिति के सदस्यों के नंबर उपलब्ध कराए गए। इस मौके पर सीओ राजापुर निष्ठा उपाध्याय, मऊ जयकरन सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, प्रधान लिपिक अनिल मोहन शुक्ला, थानों के प्रभारी सहित कुल 34 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।



जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे जिला जज, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक।

### जिला कारागार का निरीक्षण कर दिए निर्देश

**चित्रकूट।** जिला जज विकास कुमार प्रथम ने शनिवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीजेएम राजेंद्र प्रसाद भारती, सचिव/अपर जिला जज विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल के साथ जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान महिला बंदियों से समस्याओं की जानकारी की। पठनपाठन देखा व कई महिलाओं से स्मार्ट बोर्ड पर नाम लिखवाया। अस्पताल वार्ड के निरीक्षण के दौरान बंदियों से स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। भजन कीर्तन करने वाले बंदियों से कुशल क्षेम पूछा और कहा कि सकारात्मक ऊर्जा संचार करते रहें। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, जेलर राजीव कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

### समन्वय समिति की हुई बैठक

**चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत अंतर्विभागीय समन्वय समिति की द्वितीय बैठक शनिवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुख्य चिकित्साधिकारी ने अभियान के संबंध में बताया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी आदि ने भी महत्वपूर्ण बातें बताईं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधीक्षक आदि मौजूद रहे।



कोटेदार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते ग्रामीण। अमृत विचार

### ग्रामीणों का आरोप, जबर्दस्ती चाय, साबुन दे रहा कोटेदार

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत विलास के बाशिंदों ने गांव के कोटेदार पर खाद्यान्न में घटतौली करने व जबरन साबुन एवं चाय पत्ती बेचने का आरोप लगाया है। इस संबंध में जिला आपूर्ति अधिकारी ने जांच का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि कोटेदार किसी को साबुन आदि खरीदने को बाध्य नहीं कर सकता। कार्डधारक सदाप्यारी व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार द्वारा राशन में प्रति यूनिट एक किलो की कटौती की जाती है। दीपक सिंह, सज्जन सिंह, गोली श्रीवास, राजकिशोर, अतुल, मलखान सिंह, जियालाल, बिंदा, बदौलत निषाद, राकेश एवं कंचन देवी आदि ने बताया कि कोटेदार पास मशीन में अंगूठा लगाने के बाद इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन में पहले यूनिट के अनुसार बोरियों में राशन तैयार रखता है, जैसे ही कार्डधारक का अंगूठा लग जाता है, इन बोरियों को मशीन से नीचे रख दिया जाता है। इसके बाद दूसरे तराजू से खाद्यान्न की घटतौली कर अनाज दिया जाता है। कई लाभार्थियों ने यह भी बताया कि इस माह कोटेदार ने कपड़ा धोने का पावडर, साबुन, चाय पत्ती जबरन दी। आरोप लगाया कि अंत्योदय कार्ड धारकों को दो किलो शक्कर के दाम वसूल किए गए। लाभार्थियों ने बताया कि घटतौली की शिकायत मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर की जा चुकी है पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कंचन देवी ने बताया कि यूनिट बढ़ाने के नाम पर कोटेदार ने पैसा लिया पर यूनिट नहीं बढी। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी आनंद कुमार ने बताया कि जल्द ही टीम बनाकर जांच कराई जाएगी। बताया कि कोटेदारों की आय बढ़ाने के लिए सरकार ने एक आदेश किया था, जिसमें 34 प्रकार के सामग्री राशन की दुकान में बेच सकते हैं। लाभार्थियों को सामग्री खरीद के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता।

# गांवों में शिविर लगाकर बनाएंगे गोल्डन कार्ड

**चित्रकूट।** उप कृषि निदेशक राजकुमार ने बताया कि भारत परियोजना एग्रीस्टैक (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर फार एग्रीकल्चर) के अंतर्गत आठ जुलाई से राजस्व ग्रामों में शिविर लगाकर भूमिधर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री की जाएगी। इसके बाद किसानों को गोल्डन कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। बताया कि किसान अपने मोबाइल नंबर को आधार नंबर से लिंक करा लें, जिससे गोल्डन कार्ड बनाने में दिक्कत न आए।

# वृद्ध ने बहू से जानमाल का खतरा बताया


संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● **कहा, बेटी की मौत के बाद प्रताड़ित कर रही**

● **कार्रवाई की मांग**

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत रगौली के पूर्व प्रधान देवकुमार निषाद ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर जान माल एवं फर्जी मुकदमों में न फंसाने जाने की गुहार लगाई है। उसने अपनी बहू और परिजनों से जानमाल का खतरा बताते हुए न्याय की अपील की है।

देवकुमार ने बताया कि उसने अपने पुत्र ननकूराम (अब स्वर्गीय) की शादी कौशांबी जिले के सिघवल गांव में की थी। उसने बताया कि कुछ साल पहले उसके पुत्र की मौत हो गई। आरोप लगाया कि इसके बाद से बहू आयेदिन छोटी छोटी बातों को लेकर उसे व उसकी पत्नी देवकी को अपमानित करती है। गालीगलौज करती है और फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी देती है। उसका कहना है कि उसके घर में उसके रिश्तेदार का भी नियमित आना जाना बना रहता है और उसी के भड़काने पर वह प्रताड़ित करते हुए रास्ते से हटाने का षड्यंत्र रच रही है। उसने बताया कि वह अपनी बहू से कह भी चुका है कि व माता पिता, भाइयों को बुलाकर राजीनामा करा ले। वह पौत्रों अर्जुन (8) व राजकुमार (6) की परवरिश करने के लिए तैयार है। वृद्ध का कहना है कि वह मॉर्डन स्कूल खोहरा बाबा में चौकीदारी की नौकरी करके परिवार का जीवकोपार्जन करता है। उसे बहू और उसके परिजनों से जानमाल का खतरा है।



देव कुमार।

# आंख की बीमारियों के प्रति किया जागरूक

**सुमेरपुर।** शनिवार को ग्राम विदोखर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय एवं साइट सेवर्स के सहयोग से ग्रामवासियों को आंख की बीमारियों एवं उपचार तथा मोतियाबिंद के बारे में जागरूक किया गया। जानकी कुंड नेत्र चिकित्सालय के डा आशीष गुप्ता ने बताया कि जीवन में आखों का बड़ा महत्व है। आंख के बिना जीवन अंधकार मय हो जाता है। इसलिए हमें आखों के प्रति सदैव संवेदनशील रहना चाहिए। प्रदीप रजक ने मोतियाबिंद के बारे में लोगों को विस्तार से जानकारी दी।

# जिम्मेदारों ने मूंदी आंखें, राजापुर में कभी भी हो सकता है हादसा





नयागंज में गिरा बिजली का खंभा और जगह जगह लटके तार व जर्जर पोल।

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

● **झूलते तारों और जर्जर खंभों में दौड़ रही 'मौत'**

**अमृत विचार।** तुलसीतीर्थ में बिजली विभाग की लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। कहीं खंभे टूटे पड़े हैं तो कहीं लटकते तार मौत को दावत देते नजर आ रहे हैं। लोगों की शिकायत है कि इस संबंध में कई बार जिम्मेदारों को सूचित किया गया पर हुआ कुछ नहीं।

राजापुर में घनी आबादी व भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगभग छह खंभे जर्जर अवस्था में हैं। वार्ड नंबर नौ गयागंज शिक्षकपुरम निवासी पूर्व प्रधानाचार्य रामराज मिश्रा, सत्येंद्र शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा आदि ने इस संबंध में लगभग एक हफ्ते पहले शिकायत की थी लेकिन उदासीन अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। शनिवार की सुबह अचानक पोल टूटकर गिर गया। भगवान का शुक्र रहा कि कोई हादसा नहीं हुआ। कस्बे के शंकर दयाल जायसवाल, राकेश नामदेव, अनिल गुप्ता, राजू चौरसिया, समीर विश्वकर्मा व व्यापारियों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही करने के आरोप लगाए हैं।

### तहसील दिवस में भी की शिकायत

गयागंज की सभासद सीता देवी रायकवार ने बताया कि वह तहसील दिवस में भी जर्जर पोल के संबंध में बता चुकी हैं पर नहीं सुना गया। इस तरह तो कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है।

### नहीं बदले गए तार

लोग बताते हैं कि राजापुर में सन् 1960 में विद्युतीकरण कराया गया था। तब से अब तक न तो तारें और न खंभों को बदला गया है। कई खंभे तो तारों के सहारे टिके हुए हैं। आंधी तूफान आने पर ये गिर सकते हैं, जिससे हादसा हो सकता है।

### कई अन्य जगहों पर भी यही हाल

सब्जी मंडी चौराहे में कई जगहों के पास जर्जर खंभे मुड़कर धनुषाकार हो गए है। राजापुर-खटवारा रोड के पास सड़क के किनारे सीमेंट का टूटा पोल भी तारों के सहारे खड़ा है। अग्रवाल धर्मशाला के पास जर्जर विद्युत पोल टूट जाने पर तो बीते दिन घंटो आपूर्ति ठप रही।

**अनदेखी** — कागजों पर हो रहा विकास और हकीकत में बदहाली की तस्वीर

# कई गांवों में सड़कें बदहाल, होगी बारिश में दिक्कत

संजय साहू, चित्रकूट

**अमृत विचार।** आकांक्षी जिला होने के बाद भी चित्रकूट में विकास कार्यों को लेकर जिम्मेदारों का जो रवैया है, वह आहत करने वाला है। गांव-मजरे ही नहीं कस्बों की हालत भी ऐसी नहीं है, जिससे कहा जा सके कि यहां जिंदगी जीने की हर जरूरत मुहैया करा दी गई है। पाठा क्षेत्री की हालत तो और भी ज्यादा बदतर है।

मानिकपुर ब्लाक की न्याय पंचायत रुख्मा खुर्द में विकास की राह निहारते कई पीढ़ियां स्वर्ग सिधार गईं। बांदा से चित्रकूट जनपद अलग होने के बाद यहां के बाशिंदों में उम्मीद जगी थी पर कुछ हुआ नहीं। लगभग हर प्रमुख पार्टी का जिले में कभी न कभी प्रतिनिधि रहा पर उसने क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान नहीं दिया। कुछ लोग तो जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर सवालिया निशान लगाते हैं। ये कटाक्ष करते हैं कि पहले डकैत लूटा करते थे और अब कुछ नेता। मतलब काम वही है बस किरदार बदला है।



पुलिया बनने के बाद भी नहीं दूर हुई ग्रामीणों की दिक्कत। अमृत विचार


### यह है हाल गांव का

रुख्मा न्याय पंचायत में लगभग आधा दर्जन ग्राम पंचायतें है। जहां से आवागमन के लिए एकमात्र बहिलपुरवा-मानिकपुर संपर्क मार्ग है। गांव की कुल आबादी लगभग 20 हजार है और सबसे ज्यादा यहां अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं। लोग बताते हैं कि तीन साल पहले निवर्तमान सांसद आरके सिंह पटेल ने वादा किया था कि रास्ता जल्द बन जाएगा, वन विभाग की ओर से अड़चन है। इसके लिए लोक निर्माण विभाग ने 50 लाख की धनराशि भी आवंटित की है। पर इस आश्वासन के बाद भी कोई असर और फर्क नजर नहीं आया।

### छीतूपुर में भी समस्या

पाठा की ददरी माफी ग्राम पंचायत के मजरे छीतूपुर में लोगों के सामने नई मुसीबत आकर खड़ी हो गई है। लोग कहते हैं कि जब 'अमृत विचार' खबर छापी तो पुलिया तो बना दी गई पर ऊपर सड़क नही बनाई। ऐसे में आशंका है कि बारिश में वाहन पुल पर जमी मिट्टी में धंसेंगे और पानी भी घरों में घुस जाएगा।

### इस बार होगी बहुत दिक्कत : जियालाल



छीतूपुर निवासी जियालाल ने कहा कि पहले पुलिया की परेशानी थी और अब सड़क ऊंची बनने से पानी के बारिश में घरों में जाने का खतरा है। इस ओर भी ठेकेदार को ध्यान देना होगा।

### पहले भी समस्या थी, अब भी है : अभय



ग्रामीण अभय ने कहा कि बड़े बड़े बोल्डर होने से लोगों के अक्सर गिरने की आशंका रहती है। जलनिकासी की समस्या पर कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं देता। समस्या पहले भी वही थी और अब भी वही है।

### मिट्टी डाल दिए जाने से दिक्कत बढ़ी : मणिपाल



बिलहरी निवासी मणिपाल ने कहा कि सड़क निर्माण के नाम पर मिट्टी डाल दिए जाने से समस्या और बढ़ेगी। इसी सड़क से मारकुंडी तक आनाजाना होता है। यहां से बिलहरी, छीतूपुर, ददरी, कैलहा आदि के ग्रामीण आते जाते हैं।

### बरसात में घरों को है खतरा : मइयादीन



छीतूपुर के मइयादीन ने कहा कि गांव में लंबे समय से जलभराव की समस्या है। गांव के लगभग छह घरों को हर बारिश में ढहने का खतरा रहता है।

### टूट जाता है मुख्य मार्ग से संपर्कः रामभवन



छीतपूर के रामभवन ने कहा कि दो एक बार विधायक, सांसद यहां आए तो आश्वासन देकर चले गए। बरसात में कई गांव मजरों का मुख्य मार्गों से संपर्क टूट जाता है। पिछली बार तो कई घर भी डूब गए थे। हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

# अधिवक्ता संघ मनाएगा काला दिवस

## सोमवार को करेगा नए कानूनों का विरोध, फौजदारी कानूनों के विरोध में क्रमिक अनशन लगातार जारी

कार्यालय संवाददाता, बांदा


क्रमिक अनशन को संबोधित करते अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दीक्षित।

**अमृत विचार।** फौजदारी कानूनों में साक्ष्य अधिनियम के नाम पर किए गए परिवर्तन को न्याय के लिए असंगत और जनविरोधी बताते हुए बांदा अधिवक्ता संघ लगातार आंदोलन चला रहा है और अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर बैठकर सरकार से नए कानूनों को स्थगित करने व परिवर्तन वापस लेने की मांग बुलंद कर रहे हैं। जिला अधिवक्ता संघ की आम सभा की बैठक में आंदोलन की आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया और एक जुलाई को ब्लैक डे मनाने का फैसला लिया गया। बताया गया है कि काला दिवस मनाते हुए अधिवक्ता सोमवार को न्यायिक कार्य से विरत रहकर काली तख्ती व काले फीता के साथ शहर में पैदल मार्च निकालेंगे और अपनी आवाज को केंद्र की मोदी सरकार तक पहुंचाएंगे।

जिला अधिवक्ता संघ से शुरू हुआ कानूनों में परिवर्तन का विरोध अब समूचे देश में व्यापक रूप ले रहा है। मामले का संज्ञान लेकर जहां सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता संघ ने कानूनों को जनविरोधी बताया है, वहीं बार कौंसिल आफ इंडिया और उप्र बार कौंसिल ने भी बांदा अधिवक्ता संघ के आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है। चौतरफा मिल रहे समर्थन से जहां जिला अधिवक्ता संघ के वकीलों के हौसले खासे बुलंद हैं, वहीं कानूनों को लेकर सियासी दलों ने भी अधिवक्ता संघ की मांगों को समर्थन देना शुरू कर दिया है। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अशोक दीक्षित ने बताया है कि 8 जुलाई को अब वह सुप्रीम कोर्ट बार

● समूचे देश में फैल रही बांदा बार से शुरू हुए आंदोलन की चिंगारी

एसोसिएशन के संपर्क में रहकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया के निर्देशन पर गठित होने वाली कमेटी में बांदा व बुंदेलखंड बार के अधिवक्ताओं को प्रतिनिधित्व देने की बात रखेंगे। बांदा बार के मेमोरेंडम का संज्ञान लेकर बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने अब आंदोलन न करने की सलाह दी है। लेकिन अधिवक्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। युवा अधिवक्ता खून से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विधि मंत्री, बार कौंसिल और सुप्रीम कोर्ट बार संघ के अध्यक्ष को संक्षिप्त ज्ञापन भेजकर दो जुलाई से हड़ताल स्थगित की जाएगी और दिल्ली में होने वाली महापंचायत में तय होने वाली रणनीति पर अमल किया जाएगा। उधर शनिवार को बार के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, राजाभइया मिश्रा समेत अन्य अनशनकारियों को बार अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष ने जूस पिलाकर अनशन समाप्ति का ऐलान किया। आम सभा को हाईकोर्ट बार के पूर्व अध्यक्ष आईके चतुर्वेदी, शंकर सिंह, अवधेश गुप्ता, जागेश्वर यादव, ओमप्रकाश सिंह, रामकृष्ण त्रिपाठी, अशोक त्रिपाठी जीतू, शिवनायक सिंह, एजाज अहमद समेत तमाम वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने संबोधित किया।

### बिहार के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर बुलंद की मांगें

■ बांदा अधिवक्ता संघ ने जब नए कानूनों के विरोध में आंदोलन का ऐलान किया था, तब शायद उन्हें भी इतने अपार समर्थन की उम्मीद न रही होगी। बांदा जैसे छोटे शहर से उठी आंदोलन की चिंगारी अब समूचे देश में व्यापक रूप ले चुकी है और बांदा बार के मेमोरेंडम के आधार पर सुप्रीम कोर्ट और बार कौंसिल आफ इंडिया ने भी मामले का संज्ञान लिया है। साथ ही सियासी दलों के लोगों का भी समर्थन मिलने लगा है। इसी क्रम में जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी पटेल ने बांदा अधिवक्ता संघ के मेमोरेंडम और ज्ञापन को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सौंपा और उनसे बांदा अधिवक्ता संघ के मेमोरेंडम पर समर्थन मांगा। बता दें कि इसके पहले वरिष्ठ अधिवक्ता व समाजावादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विशंभर प्रसाद निषाद ने सपा सांसदों को दिल्ली में ज्ञापन सौंपा था।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को ज्ञापन सौंपतीं शालिनी।

# ननिहाल में बच्ची की बुखार से मौत

**बांदा।** ननिहाल में रह रही बच्ची की बुखार से मौत हो गई। मृतका के बाबा ने नाना और मामा पर हत्या का अरोप लगाया है। इसी बाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले के समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

फतेहगंज थाना क्षेत्र के कुलसारी गांव निवासी पीयूष त्रिपाठी अपनी पत्नी अंजना के साथ मध्य प्रदेश के कीरतपुर मे रहता है। उसकी 3 वर्षीय बड़ी बेटी आराध्या करीब डेढ साल से अपने नाना कुलदीप के यहां रह रही थी। गुरुवार को दोपहर आराध्या को अचानक बुखार आ गया। हालत ज्यादा खराब होने पर उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के दौरान उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घरवालो ने उसे यहां लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर प्रयागराज जा रहे थे। तभी रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पाकर मृतका का बाबा रामशिरोमणि त्रिपाठी साथी गांव पहुंच गए। रामशिरोमणि ने नाना और मामा पर हत्या का आरोप लगा दिया। इसी बात को लेकर दोनो पक्षो मे विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनो पक्षो के लोगो को समझा बुझा कर शांत करा दिया।


प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते अभाविप के कार्यकर्ता। अमृत विचार

# विभाग प्रमुख बनीं डॉ. विद्या नीतीश विभाग संयोजक

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत का चार दिनी अभ्यास वर्ग संपन्न

**अमृत विचार।** कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत का चार दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ, जिसमे विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत के 21 जिलों से लगभग 300 प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

प्रांतीय प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ.प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री घनश्याम शाही, उड़ीसा प्रांत संगठन मंत्री बैलोचन साहू, अवध प्रांत संगठन मंत्री अंशुल विद्यार्थी, कानपुर प्रांत संगठन मंत्री मनीष राय, प्रांत अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश मिश्र, प्रांत मंत्री शिवा राजे बुंदेला ने कानपुर प्रांत के सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन संगठन की सैद्धांतिक भूमिका, कार्यपद्धति एवं अन्य प्रकार के विषयों को रखते हुए किया। अभ्यास वर्ग के आखिरी दिन संगठन में कार्यकर्ता की जिम्मेदारी में बदलाव करते हुए नवीन दायित्व की घोषणाएं की गई, जिसमे बांदा विभाग (बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर) में विभाग प्रमुख डॉ.विद्या मिश्रा, विभाग सह प्रमुख डॉ.अशोक सिंह परिहार, विभाग संयोजक नीतीश कुमार निगम, विभाग सह छात्रा प्रमुख आयुषी त्रिपाठी, जिला प्रमुख डॉ.आशुतोष राय, जिला संयोजक गोविंद तिवारी, जिला सह संयोजक आशीष पांडेय को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी कार्यकर्ताओं में हर्ष और उल्लास देखने को मिला। संगठन मंत्री बृजनंदन राय ने सभी को शुभकामनाएं दी और कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के पुनः निर्माण के ध्येय के साथ चलते हुए छात्र शक्ति के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

# रोटी बैंक ने पदयात्रियों का किया स्वागत


पदयात्रियों का स्वागत करते रोटी बैंक के पदाधिकारी। अमृत विचार

**बांदा।** चलित हनुमान चालीसा पद यात्रियों का जिले में पहुंचने पर रोटी बैंक सोसाइटी ने जोरदार स्वागत किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को फूल-मालाओं से लाद दिया। स्वयंसेवकों ने पद यात्रियों को जलपान के साथ भेजन कराया। बताया कि चार जुलाई को अयोध्या में रामलला के दर्शनों के बाद चलित हनुमान चालीसा यात्रा खत्म होगी।

देवास (मध्य प्रदेश) से 22 जून से शुरू हुई चलित हनुमान चालीसा पद यात्रा शनिवार को सुबह महोबा होते हुए जिला मुख्यालय पहुंची। यहां रोटी बैंक सोसाइटी अध्यक्ष रिजवान अली की अगुवाई में स्वयंसेवकों ने शहर के कालू कुआं चैराहे पर पद यात्रियों की जोरदार अगुवानी की। यहां चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर में पदयात्रियों ने विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद रोटी बैंक सोसाइटी स्वयंसेवकों ने सभी यात्रियों को भोजन कराया। पद यात्रियों को शुभकामनाएं देकर फतेहपुर जिले की ओर रवाना किया गया। यात्रा में शामिल दिव्य योग संस्थान संस्थापक योगगुरु राजेश वैरागी (देवास), जगद्गुरु रामभद्राचार्य के शिष्य आशीष शुक्ल (रायबरेली), प्रदीप वैरागी, डा.राम सिंह, माखन लाल धाकड़ ने सोसायटी के कार्यों की सराहना की।

# जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनेगा सपा मुखिया का जन्मदिन

**बांदा।** सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन पहली जुलाई को जिले में सपाई जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाएंगे। जिलाध्यक्ष डा.मधुसूदन कुशवाहा ने बताया कि सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर जिला अस्पताल, महिला अस्पताल, वृद्धआश्रम, आदि संस्थाओं में फल वितरण के साथ रक्तदान कार्यक्रम आयोजित होगा। साथ ही बबेरू रोड स्थित मैरिज हाउस में समाजवादी गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। केक काटकर व दीप प्रज्ज्वलित कर मिठाई बांटी जाएगी।

# गांव-गांव कैंप लगाकर बनेंगे किसान कार्ड

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● 8 से 31 जुलाई तक किसान रजिस्ट्री के लिए लगेंगे शिविर

**अमृत विचार।** जनपद में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए पूरे जनपद में 8 से 31 जुलाई से किसान रजिस्ट्री की शुरूआत होगी। इसमें किसान का आधार नंबर, खेत का रकबा, खसरा नंबर आदि का विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके बाद एक किसान नंबर जारी होगा। इस नंबर से संबंधित किसान का विवरण देखा जा सकेगा। रजिस्ट्री का कार्य पूरा होने के बाद किसान कार्ड बनाया जाएगा। रजिस्ट्री से मिलने वाले नंबर के जरिये ही दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

उप कृषि निदेशक विजय कुमार ने बताया कि जिले में आधार की तर्ज पर ही किसान कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए 8 जुलाई से पूरे जनपद में किसान रजिस्ट्री की शुरूआत की जाएगी। किसान रजिस्ट्री में किसानो का नाम, पिता का नाम, मोबाइल नंबर, आधार संख्या, सहमति का विवरण, राजस्व गांव का नाम, तहसील, जनपद, खसरा संख्या व गाटा संख्या, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण एवं पीएम किसान स्टेटस की सूचना संकलित की जाएगी। जनपद के प्रत्येक राजस्व गांवों में लेखपाल कृषि विभाग के तकनीकी सहायक, बीटीएम, एटीएम या पंचायत सहायक की दो सदस्यीय टीम शिविर आयोजित कर किसानों का डाटाबेस (फार्मर रजिस्ट्री) तैयार करेगी। इसी आधार पर दिसंबर से पीएम किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस कार्य में कृषि तकनीकी सहायक, बीटीएम, एटीएम व पंचायत सहायक द्वारा आधार, ई-केवाईसी व मोबाइल नंबर का ओटीपी बेस्ड सत्यापन किया जाएगा। लेखपाल वेब पोर्टल पर प्रदर्शित किसान के भू-लेख विवरण (खसरा, गाटा संख्या, क्षेत्रफल, अंश निर्धारण) का सत्यापन करेंगे। अपर निदेशक ने बताया कि जनपद के सभी गांवों में 8 से 31 जुलाई तक आबादी व कार्मिकों की उपलब्धता के अनुसार एक से लेकर तीन दिवसीय शिविर गांव के सार्वजनिक स्थल और पंचायत भवनों में आयोजित होंगे। जिलाधिकारी व सभी उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में गठित जिला व तहसील स्तरीय समिति पूरे काम पर नजर रखेगी। बताया कि शिविर आयोजन के संबंध में प्रचार-प्रसार को संबंधित खंड विकास अधिकारी अपने सचिवों के माध्यम से मुनादी कराकर किसानों को शिविर के बारे में जानकारी दें।


मेधावी छात्रा को सम्मानित करतीं राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता।

# किशोरी समेत तीन ने जहर खाया

**बांदा।** अतर्रा थाना क्षेत्र के पचोखर गांव निवासी 15 वर्षीय अंकिता पुत्री बुद्धविलास ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला। छतरपुर जिला के ठकुर्रा गांव निवासी 23 वर्षीय रीता पत्नी गंगाचरन ने घरेलू कलह से तंग आकर जहरीला पदार्थ खा लिया हालत खराब होने पर घरवालो को पता चला। मटौध थाना क्षेत्र के गोयरा मुगली निवासी 22 वर्षीय शकील पुत्र खलील का शनिवार की दोपहर किसी बात को लेकर पत्नी से विवाद हो गया। इसी से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

# सर्प ने पिता-पुत्र समेत 4 लोगों को डसा, भर्ती

**बांदा।** अलग अलग स्थानो पर सर्प दंश से पिता पुत्र समेत चार लोगो की हालत बिगड़ गई।

मटौध थाना क्षेत्र के चमरहा गांव निवासी 42 वर्षीय जगराम पुत्र बब्लू शनिवार की सुबह अपने 12 वर्षीय पुत्र आर्दश के साथ लेटा था। तभी सर्प ने पहले पिता को डस लिया। इसके बाद पुत्र को डस लिया। शोर सुनकर परिजन पहुंचे और झाड़ फूक करवाई गई। हालत में सुधार न होने पर दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनो को रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।इसी तरह इसी थाना क्षेत्र के त्रिवेणी गांव निवासी 39 वर्षीय नफीसा पत्नी मुबारक शनिवार की दोपहर कमरे के अंदर कोई सामान निकालने गई थी। तभी सर्प ने डस लिया। जसपुरा थाना क्षेत्र के झझरी पुरवा निवासी 35 वर्षीय जयहिंद पुत्र मुन्नीलाल शुक्रवार की रात घर पर सो रहा था। तभी सर्प ने डस लिया। उन्हे भी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# टीम ए ने जीता मैत्री क्रिकेट मैच


शॉट लगाता खिलाड़ी। अमृत विचार

**बांदा।** डीआर क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित सीरीज का दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। डकवर्थ लुईस नियम के तहत ए टीम को विजेता घोषित किया गया। बी टीम के शाश्वत यादव मैच आफ दी मैच चुने गए।

पुलिस लाइन ग्राउंड में क्रिकेट मैत्री मैच की श्रृंखला के दूसरे मैच का उद्घाटन डीसीए सदस्य रेहान खान ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। डीआर एकेडमी ए टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.3 ओवर में 146 रनों पर आल आउट हो गई। कृष्ण कुशवाहा ने सर्वाधिक 46, अभिषेक कुमार ने 31 और अजय वर्मा ने 15 रन बनाए। बी टीम की ओर से शाश्वत यादव ने 5 और स्कंद भारद्वाज ने 3 विकेट लिए। जवाब में डीआर बी की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9.5 ओवर में पांच विकेट खोकर 68 रन बनाए। वर्षा के करण मैच बीच में रोकना पड़ा। डकवर्थ लुईस नियम के तहत टीम ए टीम को विजयी घोषित किया गया। इस मौके पर शिवप्रताप सिंह, मनोज मिश्रा, पीटीआई संजय मिश्रा, चंद्रमौली भारद्वाज उपस्थित रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राएं किए गए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, बांदा

● मेरिट सूची में आईं दो छात्राओं को सौंपे एक-एक लाख के चेक व टैबलेट

● अन्य मेधावियों को 21-21 हजार के चेक के साथ दी गई टैबलेट की सौगात

**अमृत विचार।** हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा में प्रदेश व जनपद स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को भव्य समारोह के बीच एडीएम समेत सदर विधायक प्रतिनिधि, राज्य महिला आयोग सदस्य व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष व डीआईओएस ने संयुक्त रूप से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को एक-एक लाख व अन्य मेधावियों को 21-21 हजार रुपये के चेक के साथ टैबलेट, प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया।

कलेक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शनिवार को एडीएम (न्यायिक) अभिताभ यादव की उपस्थिति में मेधावी सम्मान समारोह आयोजित हुआ। भव्य समारोह के बीच प्रदेश स्तर पर इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने पर सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज की छात्रा सुरभि सविता और दसवां स्थान प्राप्त करने वाली हिंदू इंटर कालेज (अतर्रा) की छात्रा अंजली को एक लाख रुपये का चेक समेत टेबलेट, मेडल देकर एडीएम राजेश कुमार समेत सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता व भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता व डीआईओएस विजयपाल सिंह ने सम्मानित किया। इसी क्रम में जनपद में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज की शिवानी, जेपी शर्मा इंटर कॉलेज बबेरू की योगिता त्रिपाठी, भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज की रशिम को प्रशस्ति पत्र, टेबलेट व 21 हजार रुपए की धनराशि के चेक प्रदान किए गए। इसी प्रकार से हाईस्कूल के मेधावी सरस्वती विद्या मंदिर की राधिका त्रिपाठी, प्रीती शुक्ला, उपेंद्र कुशवाहा तथा श्रीकृष्ण आइडियल इंटर कॉलेज की छात्रा जान्हवी, ब्रह्म विज्ञान इंटर कालेज अतर्रा के आदर्श सिंह एवं धनंजय गुप्ता, राजकीय इंटर कॉलेज के अभिषेक साहू को प्रशस्ति पत्र, टेबलेट एवं 21 हजार का चेक भेंटकर सम्मानित किया गया।

उधर, अफसरों व जनप्रतिनिधियों के हाथों सम्मान पाकर मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे।

आयोजन | व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई दानवीर भामाशाह की जयंती

# भामाशाह ने दूसरों की भलाई के लिए सबकुछ दान कर दिया

कार्यालय संवाददाता,बांदा

● अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किए गए उद्यमी

● राष्ट्रहित में भामाशाह के सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान


युवा व्यापारी को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर संस्कृति व राज्यकर विभाग तथा जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई। इस मौके पर आधा दर्जन से ज्यादा उद्यमी अंग वस्त्र व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किए गए। कहा कि दानवीर भामाशाह ने दूसरों की भलाई के लिए जीवनभर दान किया। महाराण प्रताप के संकट के समय उन्होंने अपना सब कुछ न्यौछावर कर राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।

कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में शनिवार को दानवीर भामाशाह जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन से हुआ। अध्यक्षता कर रहीं नगर पालिका परिषद चेयरमैन मालती गुप्ता बासू ने कहा कि महाराण प्रताप के संकट के समय भामाशाह ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर राष्ट्रहित में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया। उन्होंने सभी व्यापारियों से राष्ट्र व समाज हित में भामाशाह के सिद्धांतों को अपनाते हुए लोगों की सहायता का आह्वान किया। राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता ने कहा कि दानवीर से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के व्यापारियों के कल्याण के लिए व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया। बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा में किसी व्यापारी की मृत्यु होने पर आश्रितों को 10 लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। एडीएम राजेश कुमार ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने दूसरों की भलाई के लिए जीवनभर दान किया।

कार्यक्रम के दौरान उद्यमी अशोक गुप्ता, डा.नरेंद्र गुप्ता, रोहित जैन, संतोष साहू, नागेंद्र सिंह और प्रदीप गुप्ता सहित अन्य व्यापारियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एडीएम (न्यायिक) अमिताभ यादव, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, संतोष गुप्ता, राज कुमार राज. अमित सेठ भेलू, मनोज जैन, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष वंदना गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अन्य व्यापारी और उपायुक्त व्यापार कर उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों को सम्मानित कर व्यापारियों ने मनाया व्यापारी दिवस

■ भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी दिवस के रूप मनाते हुए वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। साथ ही स्वल्पाहार देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ समेत प्रदेश वरिष्ठ मंत्री मनोज जैन भामाशाह के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जिलाध्यक्ष अमित सेठ भेलू ने सभी व्यापारियों की ओर से मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया। राजकुमार राज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से 29 जून को भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में व्यापारिक दिवस घोषित किए जाने की मांग की। जिला महामंत्री सुरेश गुप्ता कान्हा ने सभी व्यापारियों से दानवीर भामाशाह का चित्र व्यापारिक प्रतिष्ठानों में लगाने का आह्वान किया। इस अवसर पर संतोष कुमार, शांतनु ओमर, अमित गुप्ता मनीष, राकेश गुप्ता दद्दू, अवधेश गुप्ता, रुपानी, नईम नेता, पन्नालाल धुरिया, अंशु गुप्ता, श्याम लाल गुप्ता सहित अनेक व्यापारी मौजूद रहे।


व्यापारियों ने बुजुर्गों के साथ कुछ पल बिताए और उन्हें सम्मानित किया।

### एसडीएम व तहसीलदार ने व्यापारियों को किया सम्मानित

■ पैलानी तहसील सभागार में दानवीर भामाशाह जयंती पर एसडीएम शशि भूषण मिश्र व तहसीलदार विकास पांडेय ने इंडेन गैस एजेंसी सिंधनकला संचालक प्रकाश सिंह सेंगर व पूजा फिलिंग स्टेशन पैलानी डेरा संचालक रामविलास गुप्ता को सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि किसी भी देश और प्रदेश में आर्थिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का आधार व्यापारी होता है। इस दौरान नायब तहसीलदार मोहम्मद मुस्तकीम, नायब तहसीलदार जसपुरा वेद प्रकाश व जगभान सिंह आदि मौजूद रहे।

# मुहर्रम के कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार

## पठनऊपुरा इमामबाड़े में खादिमाने हुसैन समिति की बैठक में सफाई, बिजली व पानी का मुद्दा छाया रहा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक में मुहर्रम की रूपरेखा तैयार करते समिति के सदस्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मुहर्रम त्योहार को लेकर शनिवार को खादिमाने हुसैन समिति के अध्यक्ष अलताफ हुसैन की अध्यक्षता में मोहल्ला पठऊपुरा के इमामबाड़े में बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुहर्रम पर्व परम्परागत तरीके और अकीदत के साथ मनाए जाने पर विचार विमर्श किया गया। पर्व पर होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेखा तैयार की गई। पर्व पर साफ सफाई, बिजली, पानी की पर्याप्त व्यवस्था कराए जाने का मुद्दा लोगों द्वारा उठाया गया। समिति द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों से मुलाकात कर पर्व से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराए जाने की अपील करने का आश्वासन दिया गया।

कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि इस साल 8 से 17 जुलाई तक मुहर्रम त्योहार मनाया जाएगा। दस दिनों तक चलने वाले इस पर्व में ताजिए, अलाव, अखाड़ा आदि के जुलूस निकाले जाते हैं। बताया कि जिन सड़कों से जुलूस निकाले जाते हैं, उक्त रास्ते में पड़ने वाले वाईफाई, डिस्क व तार व केबिलों को ऊंचा कराए जाने की आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि ताजियों के रास्तों पर खड़े वाहनों को अलग कराए जाने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की जाएगी। जिससे ताजिया व अन्य धार्मिक कार्यक्रमों में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

बैठक में लोगों ने अलाव स्थल व इमामबाड़ों के समीप टूटी फूटी नालियों से बह रहे गंदे पानी के बावत जानकारी दी। इस पर अध्यक्ष द्वारा इस मुद्दे को भी प्रशासन के समक्ष रखने की बात कही। बैठक में कमेटी सदस्यों द्वारा मुहर्रम पर्व में होने वाले कार्यक्रमों की रुपरेक्षा तैयार कर बिजली पानी सफाई के बावत नगर पालिका के अधिकारियों से मुलाकात कर त्योहार से पूर्व समस्याओं का समाधान कराए जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुन्ना खां, शमीम चौधरी, मुबीन अली, लल्लन अली, बब्बू लम्बरदार, इरशाद अली उर्फ सब्बन, जाहिद काजी, रज्जब, रसूली, मुजीब, सरताज, अजमेरी, इमरान, फिरोज, मजीद, रियाज सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### ताजिये के भ्रमण व कर्बला में विसर्जन का समय करें घोषित

**पनवाड़ी-महोबा।** शांति समिति की बैठक में ताजिया कमेटी के सदस्यों से जुलूस मार्गो के साथ ही ताजिया विर्सजन के समय की जानकारी ली गई। शासन द्वारा जारी निर्देशों के तहत अवगत कराया गया कि प्रत्येक ताजियेदार को एक फार्म भरना होगा। फार्म में कालम के आधार पर ताजिया इमामबाड़े से भ्रमण व कर्बला में विर्सजन के समय दर्ज किया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक पनवाड़ी ने 8 जुलाई से शुरु होने वाले मोहर्रम त्योहार को लेकर थाना परिसर में पीस कमेटी ती बैठक की। पीस कमेटी की बैठक में कस्बे के 13 ताजियोदारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि सभी को बैठक के बाद फार्म उपलब्ध करा दिए जाएंगे। कमेटी सदस्यो के नाम भी फार्म मे अंकित करने कहा गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि भ्रमण में ताजियो के निकलने वाले रास्तो मे आने वाली समस्या की जानकारी मांगी गई, जिससे प्रभारी निरीक्षक ताजियोदारो के साथ रास्तो का निरीक्षण कर समस्या का समाधान करेंगे। पर्व के समय बिजली पानी सफाई व्यवस्था आदि विषय पर भी चर्चा की गयी। प्रभारी निरीक्षक ने सभी ताजियोदारो को भरोसा दिलाया कि पर्व के मौके पर सभी सुविधाओ को ध्यान रखा जायेगा। बैठक मे बड़े ताजिया कमेटी के अब्बास अली, खुट्टल मन्सूरी, प्यारे मिर्जा सहित मंडी, पठानपुरा तालाब काजीपुरा सहित अन्य इमामबाड़ों के ताजिएदार मौजूद रहे।

# मरम्मत के बाद दरक गई सीसी सड़क

संवाददाता, जैतपुर-महोबा



सीसी सड़क पर पड़ी दरारें।

- पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदी गई थी सड़क

**अमृत विचार।** हर घर जल योजना के तहत जिले में पाइप लाइन डालकर लोगों को पेयजल समस्या से निजात दिलाने का काम किया गया, लेकिन ज्यादातर इलाकों में यह योजना लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रही है। साथ ही पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की आज तक मरम्मत ठीक से न होने से वह दरक गई हैं। इन दरारों में बारिश का पानी भरने से सड़क के टिकाऊ होने की गारंटी भी नहीं रहेगी।

कस्बा जैतपुर में एक साल पहले इस योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए सीसी सडकों को खोदा गया, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी ठेकेदार द्वारा इन सड़कों की मरम्मत कराने में सिर्फ खानापूर्ति की गई है, जिससे ग्रामीणों को इन खामियाजा भुगतना पड़ता है।

ग्रामीणों का आरोप है कि पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त कस्बा जैतपुर की मड़ियापुरा, बजरिया, बाजार, बेरपुरा, कंतमतंपुरा सहित तमाम मोहल्ले में हर घर जल योजना के तहत सड़कों को खोदकर पाइप लाइन बिछाई गई थी और ठेकेदार द्वारा अधूरी सीसी मरम्मत कर खाना पूर्ति करते हुए गुणवत्ता विहीन कार्य किया जा रहा है। बताया कि सीसी निर्माण में मिट्टीयुक्त बालू एवं सीमेंट को कम मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है। साथ ही कार्य के बाद पानी की तराई बिल्कुल नहीं की गई है, जिसमें सीसी डालते ही कई जगह चटक कर उखड़ने लगी है, जिस कारण बारिश के मौसम में पानी भरने से सड़क की हालत बद से बदतर होने की सम्भावना बढ़ गई और इसका खामियाजा यहां के बाशिंदों को भुगतना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि पाइप लाइन डालते समय सड़क को जेसीबी मशीन से खोदा गया था, जिससे सीसी रोड कई जगह से अधिके क्षेत्रफल में खुद गया, लेकिन उसे आज तक दुरुस्त नहीं कराया गया। बताया कि अब उक्त सड़कों को विभागीय ठेकेदार द्वारा तीन में ही सीसी डाल रहे हैं साथ ही गहराई मात्र दो से तीन इंच डाल कर मानकविहीन कार्य किया जा रहा है, जिससे सड़क के अन्य हिस्से में चार में से छह फिट में आई बड़ी बड़ी दरारें जैसे की तैसी बनी हुई है और उनकी मरम्मत नहीं की जा रही है। इस बावत जब विभागीय कर्मचारियों से पूछा गया तो उनका कहना है कि सड़क मरम्मत में मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाना संभव नहीं है। जैतपुर निवासी भागीरथ कुशवाहा, राजेश पांचाल, अरविंद द्विवेदी, राम प्रकाश पाठक, बाबूलाल अहिरवार आदि लोगों ने जिलाधिकारी से निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# भूमि पर कब्जा कर कराया जा रहा अवैध निर्माण

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- पुलिस की उदासीनता पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**अमृत विचार।** थाना महोबकंठ क्षेत्र के ग्राम भुजपुरा में दबंगों द्वारा भूमि पर कब्जा करते हुए उसमें अवैध निर्माण कराए जाने का महिला ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस द्वारा कोई सुनवाई न किए जाने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर मामला दर्ज कराया है। महिला ने दबंग के खिलाफ कानूनी कार्रवाई न होने और इंसाफ न दिए जाने पर अनशन पर बैठकर अपनी आवाज बुलंद करने की चेतावनी दी है।

ग्राम भुजपुरा निवासी राजाबाई पत्नी देवीदीन ने पुलिस और मुख्यमंत्री पोर्टल में दर्ज की गई शिकायती में बताया कि उसका गरीब परिवार है, जो मेहनत मजदूरी करके जीविका चलता है। बताया कि उसके पास एक भूमि है, जिस पर गांव का एक दबंग नजर गढ़ाए हुए है और आएदिन भूमि हथियाने की कोशिश करता रहता है। बताया कि कुछ दिन पूर्व वह आया और भूमि पर कब्जा कर बारी लगा ली और जब मना किया तो अभद्र व्यवहार करने लगा।

पीड़िता ने बताया कि दबंग ने भूमि पर कब्जा करते हुए अवैध निर्माण किया जा रहा है, उसने इसकी शिकायत थाना पुलिस से की, लेकिन पुलिस द्वारा दबंग पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिससे उसके हौसले बुलंद है और अवैध निर्माण कार्य कराने में उतारू है। पुलिस द्वारा पीड़िता की फरियाद न सुने जाने पर मजबूरन उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए जांच कर दबंग के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# अटल भू-जल योजना की दी गई जानकारी

**महोबा।** विकासखंड जैतपुर के ग्राम लाड़पुर में एनपीएमयू (डिस्ट्रिक्ट पब्लिक मेडिकल यूनिट) द्वारा कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें सभी स्प्रिंकलर लाभर्थियों में फोकस ग्रुप डिस्कशन कराया गया। साथ ही अटल भू-जल योजना की जानकारी देते हुए उससे संबंधत प्रश्न पूछे गए। एनपीएमयू की सहायक निदेशक आकांक्षा ने अटल भूजल योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अटल भूजल योजना के तहत एबीवाई जल निकायों को पुनर्जीवित करने, भूजल स्तर में सुधार करने में मदद करता है, खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में। यह योजना स्थानीय समुदायों की सक्रिय भागीदारी की अनुमति देती है जो स्रोतों की स्थिरता सुनिश्चित करती है। अटल भूजल योजना से किसानों की आय दोगुनी करने में मदद मिलेगी।

पंचायत भवन में हुई बैठक में विश्व बैंक विशेषज्ञ स्मिता, एसपीएमयू सोशल एक्सपर्ट नीता गोयल आदि रहीं।

# उपभोक्ताओं से अभद्रता की शिकायत पर भड़के विधायक

कार्यालय संवाददाता, महोबा



विद्युत विभाग के अधिकारियों की बैठक लेते विधायक ब्रजभूषण राजपूत। अमृत विचार

- विधायक ने बैठक कर बिजली विभाग के अधिकारियों को दी हिदायत

**अमृत विचार।** जिले में बदहाल होती विद्युत व्यवस्था को लेकर विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में मिल रही शिकायतों के निस्तारण के लिए बैठक की। उपभोक्ताओं से बिजली अधिकारियों द्वारा अभद्रता किए जाने की शिकायत मिलने पर विधायक भड़क उठे। विभागीय अधिकारियों के पेंच कसते हुए अपने रवैये में सुधार लाने की हिदायत दी। कहा कि आम जनता से यदि कोई अधिकारी अभद्रता करे तो उसकी शिकायत फौरन की जाए। किसान को ट्यूबवेल कनेक्शन में रिश्वत की शिकायत सामने आने पर अधिकारियों को कड़ी फटकार भी लगाई गई और रिश्वत मांगने वाले अधिकारी को निलंबित कराने के लिए भी कहा।

चरखारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ब्रजभूषण राजपूत ने विद्युत विभाग के सभी एक्सईए, एसडीओ व अन्य अधिकारियों को बुलाकर विद्युत जनसमस्याओं के निस्तारण की समीक्षा की। चरखारी विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक ऐसे गांव सामने आए जहां पर विद्युत व्यवस्था पूरे तरीके से खराब पाई गई। अकौना गांव की हरिजन बस्ती में पिछले चार माह से ट्रांसफार्मर खराब होने की शिकायत पर लाइनमैन की लापरवाही सामने आने पर उसे तत्काल हटाए जाने के निर्देश विधायक ने दिए गए, वहीं दूसरी तरफ पनवाड़ी क्षेत्र के टिकरी गांव में एक गरीब के मकान से निकली 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन को हटाए जाने की भी बात भी विधायक ने कही। विधायक ने ग्राम सकुया में पिछले 1 साल से डीपी ख़राब होने की शिकायत सामने आने पर डीपी को जल्द से जल्द बदलकर विद्युत व्यवस्था बहाल किए जाने के निर्देश दिए।

ग्राम बम्होरी खुर्द का रहने वाला किसान निर्दोष ने बताया कि वह दो माह से ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए विभाग और अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है, जहां एक बाबू द्वारा कनेक्शन और विद्युत सामग्री के एवज में रिश्वत भी मांगी जा रही है। कनेक्शन के लिए विभाग जाने वाले किसानों से अधिकारियों द्वारा अभद्रता और बदसलूकी किए जाने की शिकायत सामने आने पर चरखारी विधायक भड़क उठे और मौजूद विभाग के एक्सईएन से तत्काल रिश्वत की मांग करने वाले अधिकारी को बर्खास्त करने के निर्देश दिए। विधायक ने अधिकारियों से कहा कि आम जनता और कार्यकर्ताओं से यदि अभद्रता की गई तो बर्दाश्त नही किया जायेगा और उक्त अधिकारी के व्यवहार को ठीक कर दिया जाएगा।

### एक सप्ताह के अंदर बिजली व्यवस्था हो दुरुस्त

विधायक ने विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के अंदर विधानसभा क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांव की खराब विद्युत व्यवस्था सही नहीं की गई तो, संबंधित एसडीओ और जेई के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने विद्युत जन समस्याओं के निदान के लिए विद्युत विभाग के व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़कर नजर बनाए रखने की भी बात कही। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें विभाग द्वारा बनाए गए वॉट्सऐप ग्रुप में जोड़ा जाए ताकि आने वाली जन समस्याओं और उनके समाधान पर नजर रखी जा सकें।

### शीघ्र होगा बिजली समस्याओं का निराकरण

बिजली समस्याओं को लेकर विद्युत विभाग अधीक्षण अभियंता आरएस गौतम ने बताया कि पिछले एक माह से महोबा में आ रहे हैं आंधी तूफान के चलते कई जगह विद्युत पोल गिरने की शिकायत मिली है, जिन्हे बदलने का काम किया गया है और जो स्थान अभी रह गए हैं वहां भी जल्द से जल्द पोल बदलकर विद्युत व्यवस्था बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक में चरखारी विधायक द्वारा जो समस्याएं बताई गई उनका निराकरण जल्द से जल्द कराया जाएगा।

# अज्ञात युवक का शव मिला

**महोबा।** शहर के सबसे व्यस्तम परमानंद इलाके में एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। लोगों ने शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी, पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और उसकी शिनाख्त करने में जुट गई। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह शहर के परमानंद इलाके में एक युवक का शव पड़ा रहा, लोग वहां से आते जाते रहे और युवक को नशे में पड़ा समझकर किसी ने उस पर ध्यान नहीं दिया।

कई घंटे बीत जाने के बाद आसपास के लोगों ने उसे एक ही मुद्रा में पड़ा होने पर उसके पास पहुंचे और देखा तो वह मृत था। आनन फानन में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव की तलाशी ली, लेकिन पता न मिलने से लोगों से जानकारी की।

# लोक कलाओं व संगीत का जलवा बिखेरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



व्यापारी को सम्मानित करते अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश। अमृत विचार

- दानवीर भामाशाह जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रुप में मनाई गई

**अमृत विचार।** विकास भवन सभागार में राज्यकर विभाग द्वारा शनिवार को दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापार कल्याण दिवस के रुप में मनाई गई। इस मौके पर विकास भवन प्रांगण में ओडीओपी के तहत खादी ग्रामोद्योग विभाग के स्टाल लगाये गये। साथ ही बुन्देलखंड के कलाकारों द्वारा लोक कलाओं एवं संगीत कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। साथ ही अधिकारियों ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी दानवीर होने की गाथा सुनाई। अंत में व्यापारी नवीन बोहरा, सूरज गुप्ता को भीमशः सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश ने कहा कि दानवीर भामाशाह ने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी सारी संपत्ति दान कर दी थी। कहा कि उनका देश की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसके कारण आज हम उनका जन्म दिन धूम धाम से मना रहे। उन्होंने कहा भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ राज्य में वर्तमान पाली जिले के सादड़ी गांव में 29 जून 1547 को ओसवाल जैन परिवार में हुआ, उनके पिता का नाम भारमल था जो रणथम्भौर के किलेदार थे। एडीएम ने कहा कि भामाशाह का निष्ठापूर्ण सहयोग महाराणा प्रताप के जीवन में महत्वपूर्ण और निर्णायक साबित हुआ। डिप्टी कमिश्नर नीरज सेंगर ने कहा भामाशाह अपनी दानवीरता के कारण इतिहास में अमर हो गए। असिस्टेंट कमिश्नर प्रशांत राय ने कहा कि जब महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगलों में भटक रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी सारी जमा पूंजी महाराणा को समर्पित कर दी थी। राज्य कर अधिकारी विजय द्विवेदी ने कहा हल्दी घाटी के युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप को इतना धन दान दिया था कि जिससे 25 हजार सैनिकों का बारह वर्ष तक निर्वाह हो सकता था। धन अर्पित करने वाले किसी भी दानदाता को दानवीर भामाशाह कहकर पुकारते हैं। कार्यक्रम में व्यापारी, अधिवक्ता, समाजसेवी मौजूद रहे।

# महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**महोबा।** थाना कबरई के ग्राम पहरा में दबंग द्वारा महिला के पुत्र व सास के साथ गालीगलौज कर मारपीट किए जाने से परेशान होकर महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने आरोप लगाया कि पुलिस कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।

ग्राम पहरा निवासी कौशल्या पत्नी राकेश ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया कि पडोस का एक दबंग आएदिन उसकी सास व पुत्र संदीप के साथ गाली गलौज कर अभद्रता की जा रही है। कई बार विरोध किया गया तो दबंग ने पुत्र की मारपीट कर पुलिस से झूठी शिकायत कर पकड़वा दिया गया। महिला ने बताया कि थाना पुलिस से दबंग के खिलाफ शिकायत की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई।

# विद्युत खंभों से मवेशियों को न बांधें, खुद भी रहें दूर

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- जनहानि बचाने को अपर जिलाधिकारी ने जारी की एडवाइजरी



**अमृत विचार।** बारिश के मौसम में विद्युत उपकरणों में करंट उतरने की संभावना बढ़ जाती है। अपर जिलाधिकारी द्वारा बरसात के मौसम में बिजली जनित हादसे से बचने के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। ताकि लोग सतर्कता बरतकर अपनी और दूसरे लोगों को बिजली करंट से बचा सके। उपजिलाधिकारी ने बताया कि बरसात के मौसम में बिजली के खंभों से दूरी बनाए रखें। साथ ही खंभों से अपने मवेशियों को न बांधे। साथ ही बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करें।

अपर जिलाधिकारी ने कहा कि नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। खेत की मेड़ पर यदि बिजली खंभा लगा है तो उचित दूरी रख कर ही जुताई करें। बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही हैं तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज, जेई, संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दें। बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आस पास पानी भरा हुआ है तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचे व दूसरों को भी सावधान करें। यदि बिजली के तार किसी पेड़ के निकट से गुजर रहे हो तो किसी भी स्थिति में उस पेड़ पर न चढ़े। उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर, लाइनो पर बम्बू से या किसी और चीज से कुंडी नहीं डाले, हेवी लाइनों पर रिसाव होने से व ग्राउंड होने से बड़ा हादसा हो सकता है। इस मौसम में बड़े वाहन की छत पर बैठकर यात्रा न करे । बताया कि यदि बारिश की वजह से कोई लाइन ढीली पड़ गई हो या सड़क के ऊपर से नीची हो तो तुरंत बिजली विभाग या सब स्टेशन पर सूचना दे, जिससे समय पर उक्त लाइन में सुधार हों सके। विद्युत पोल को चार दिवारी या बाउंड्री वॉल में अतिक्रमण न करें, हादसा होने पर भारी नुकसान हो सकता है। घर के अंदर बिजली फिटिंग में अर्थिंग जरूर कराएं और अपने विद्युत उपकरण को उससे जोड़े रखें।

### करंट लगने पर बचाव के बताए तरीके

बारिश के चलते यदि कोई व्यक्ति बिजली की चपेट में आ जाए तो उसे बचाने के लिए सबसे पहले अपने आपको किसी सुखी जगह पर होना सुनिश्चित करें और शरीर व कपड़ों, जूतो को पानी से बचाते हुए किसी इंसुलेटेड डंडे (प्लास्टिक, लकड़ी जो सुखा हो) से व्यक्ति को छुड़ाने का प्रयास करें। यदि कोई व्यक्ति घर के अंदर करंट से चिपका हो तो सबसे पहले तुरंत मेन स्विच ऑफ करे, जिसे करंट खत्म हो जाएगा और उक्त व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल ले जाएं। एडीएम ने कहा कि बारिश के इस मौसम में यदि बिजली गुल होती हैं तो लोग हंगामा न करे, बल्कि शांति बनाए रखे, ये सोचिए कि आप बारिश में भीगने से भी डरते हो। विपरित परिस्थितियों में भी कोई आपके लिए किसी खंभे पर या सब स्टेशन पर बिजली तारों से जूझ रहा हो।

समय पर तैयारी

बच्चों के साथ अब मां भी सुबह उठ रहीं, कर रहीं किचिन में बच्चों के टिफिन तैयार

# विद्यालय खुले तो बच्चों के साथ मां की भी बदल गई दिनचर्या

कार्यालय संवाददाता, महोबा



ज्ञानस्थली स्कूल के वैन में चढ़ते बच्चे।



संजरी इंटरनेशनल स्कूल में खेलते बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुबह देर तक सोना, न टिफिन पैक करने का टेंशन और न बैग पैक करने का। न होमवर्क की झंझट, न ही स्कूल बस का इंतजार। कोई देर तक क्रिकेट खेल रहा है, कोई अपने डांस की प्रैक्टिस, कोई टीवी देख रहा तो कोई मोबाइल में गेम खेल रहा है। सभी लोग अपने अपने तरह से मस्त हैं, लेकिन जैसे ही स्कूल खुल गए न केवल बच्चों का बल्कि उसकी मां का भी शेड्यूल पूरी तरह से बदल गया। जहां बच्चों की मस्ती खत्म हो गई, वहीं मां भी सुबह किचिन में भागती नजर आ रहीं हैं। वहीं विद्यालय के शिक्षक भी ज्यादा से ज्यादा बच्चों का एडमिशन कराने का गुणा भाग लगाते हुए अभिभावकों से टोलियां बनाकर मोहल्ले मोहल्ले घूमकर विद्यालय का प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

गर्मी की छुट्टियां खत्म होते ही स्कूल खुलते ही चारो तरफ स्कूली बसों की हार्न की आवाज सुनाई देने लगी। चारो तरफ शहर में स्कूली बसें दिखने लगी है। बच्चे भी सुबह से बड़े बड़े बस्ते लेकर मम्मी पापा के साथ स्कूली बसों के स्टाप तक जाते दिखाई दिए। बच्चों की चहल पहल से स्कूल भी गुलजार हो गए। बच्चे नए नए बस्ते लेकर स्कूल पहुंच गए। स्कूल खुलने के पहले दिन बच्चे भी गर्मियों की छुट्टी के बाद अपने दोस्तों से मिलकर खासा खुश नजर आए। गर्मी की छुट्टी खत्म होने के बाद पहले दिन बच्चों की स्कूलों में संख्या कम रही, लेकिन दूसरे दिन शनिवार को छात्र छात्राओं की संख्या में इजाफा नजर आया, जिससे बच्चों ने स्कूलों में खेलकूद के साथ खूब मस्ती की।

उधर प्राइवेट स्कूलों के टीचर्स की एक सप्ताह पहले ही छुट्टियां समाप्त हो गई थी, जिससे वह स्कूलों में जाकर पढ़ाई और अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में एडमीशन कराने का गुणा भाग लगाने में जुटे हुए हैं और टीम बनाकर सुबह शाम मोहल्लों मोहल्लों में घूमकर एडमीशन के बावत बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर स्कूल की सुविधाओं से रुबरू करा रहे हैं।

### पेंटिंग को अब लिमिटेड टाइम

याशिका अग्रवाल अभी 9वीं कक्षा में गई है। उनकी मम्मी शिल्पी अग्रवाल बताती है कि पहले तो यह दिन भर पेंटिंग करती रहती, लेकिन अब स्कूल के बाद बचे हुए टाइम में पेंटिंग कर पाएगी। उसकी मम्मी बताती हैं कि वह हाउस वाइफ के साथ ब्यूटीशियन हैं, इसलिए याशिका के स्कूल आने जाने के हिसाब से मेरे का काम का रुटीन बदलता रहता है। याशिका अपना होमवर्क खुद कर लेती है। वह काफी एक्साइटेड है। वह सब काम टाइम पर कर लेती है।

### मां का तनाव बढ़ा

पांच साल का सैयद अरसलान अहमद अली (सायान) पिछले साल एलकेजी कक्षा में था और उनकी मां उन्हें घर पर ही पढ़ाई करती थी, लेकिन इस साल वह प्रथम स्थान लाकर यूकेजी में पहुंच गया है। अरसालन की मां नाजरीन खातून का कहना है कि अब उनकी जिम्मेदारियां ज्यादा बढ़ गई है। अब उसके बेटे एलकेजी से यूकेजी में पहुंच गया और गर्मी की छुट्टी से उसे ट्यूशन लगा दिया गया, जिससे उसकी पढ़ाई निरंतर चलती रहे, लेकिन अब स्कूल खुल जाने के बाद समय से उसके खानपान के साथ साथ उसकी पढ़ाई की तरफ अधिक ध्यान देना पड़ेगा। उसका स्कूल टिफिन उसकी मनमर्जी से तैयार करना पड़ता है। साथ ही स्कूल और ट्यूशन का होमवर्क मुझे बैठकर कराना पड़ेगा। स्कूल जाने और ट्यूशन पढ़ने से अब उसे खेलकूद के लिए कम समय मिलेगा।

### नई-नई डिसेज टिफिन में ले जाना पसंद

चौथी क्लास में आए आहिल खान क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। हालांकि उसकी मम्मी नेहा ने क्रिकेट पूरी तरह से तो बंद नहीं कराया, लेकिन स्कूल और ट्यूशन खत्म होने के बाद ही अब वह क्रिकेट जा पाता है। आहिल की मम्मी बताती है कि सुबह जल्दी उठना तो मेरा साल भर का रुटीन है। स्कूल खुलने क बाद मुझे किचिन में ज्यादा ही ध्यान देना पड़ता है। उसे नई नई डिसेज टिफिन में ले जाना पसंद है। वह खुद टीवी पर खाने की नई नई डिसेज देखकर फिर मुझसे जिद करता है। आहिल अपनी छोटी बहन जारा को भी स्कूल साथ में ले जाता है।

# परिषदीय स्कूलों के कच्चे भवनों की हालत जर्जर, हो सकता हादसा

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा व्यवस्था विभागीय उदासीनता के चलते बच्चों पर खतरा मंडरा रहा है। छात्रों के बैठने के नाम पर भवन नहीं है। जो है वह या तो इतना जर्जर और किराए के हैं। यहां कभी भी हादसा हो सकता है। फिर भी 8 स्कूलों का ठीक से चलने का दावा किया जा रहा है।

नौनिहालों को लेकर अधिकारियों व प्रतिनिधियों को कोई चिंता नहीं है। निशुल्क पढ़ाई भोजन के नाम पर परिजन भले ही इन स्कूलों में अपने बच्चे भेजने को मजबूर हों, लेकिन न बैठने की व्यवस्था है न ही पढ़ाई की व्यवस्था। यहां तक बेहद जर्जर-खपरैल युक्त एक स्कूल में शीलन व जलभराव से फिसलन के बीच नन्हें मुन्नों की पढ़ाई का दावा किया जा रहा है।



कच्चे घर में खपरैल में चलता प्राइमरी स्कूल। अमृत विचार

बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों व अध्यापक ने स्कूल जर्जर होने की जानकारी दी है जिसमें कभी भी दुर्घटना घटित हो सकती है। यहां तक कि यहां के प्रधानाध्यापक सईद सिद्दीकी ने कहा कि वह यहां पढ़ाना भी नहीं चाहते। इसके लिए वह लिखकर भी दे चुके हैं।

शनिवार को रात 3 बजे से सुबह 9 बजे तक बारिश हुई। इसके बावजूद रजिस्टर की खानापूरी करने के लिए 22 बच्चे स्कूल में आना बताए गए। यहां के सभासद अमरेंद्र ने कहा कि मात्र तीन बच्चे 10 बजे मौजूद थे। जिनके बैठने का भी कोई स्थान नहीं था। चारों तरफ कीचड़ शीलन और पानी भरा था। मिड डे मील का कहीं आता पता नहीं था।उपरौस प्राचीन के नाम पर फत्तूबाबा स्थित यह खपरैल का वही स्कूल है जो कस्बे की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है। सरकार कायाकल्प से लेकर स्कूलों में टाइलीकरण व अच्छा फर्नीचर देकर बच्चों को अंग्रेजी पढ़ा रही है। लेकिन अगर गिनीज बुक में खराब स्कूलों का नाम दर्ज करने की कोई चीज हो सकती है तो विकसित विकसित प्रदेश का यह विद्यालय है।

लकड़ियों की बल्लियों के बीच खपरैल और मोमिया से ढके छप्पर हैं।मिड डे मील की रसोई एक कच्ची कोठी में बेहद जरजर अंधकार में है। कोई कमरा नहीं है आंगन में एक नीम का पेड़ है। उसके नीचे एक टीनशैड पड़ा है। जिसका फर्श कच्चा है और वहां मामूली बारिश में पानी भरता है। इसी तरह चौधराना स्थित जिला पंचायत का एक पुराना भवन है। जिसमें टीनशेड पड़ा है दो कक्षा हैं। इसी में पांच विद्यालय चलाए जाने का दावा किया जा रहा है। यह विद्यालय हैं चौधराना, पूर्वी तरौस, उपपरौस नवीन, हैदरगंज व हुसैनिया। इन पांच के बीच में दो शिक्षामित्र बताए गए हैं। 11 बजे दिन में इस स्कूल में ताला पड़ा था। पड़ोसियों से पूछा कि क्या आज स्कूल खुला था तो बताया कि देखा नहीं। यहां के पूर्व सभासद मोइनुद्दीन ने बताया कि स्कूल में ताला पड़ा है। इसी तरह कॉलोनी स्थित स्कूल में ताला पड़ा था। मिड डे मील का चूल्हा लिपापुता था। यहां गैस से खाना नहीं बनाया जाता। गैस सिलिंडर यहां है ही नहीं। छोटे बच्चों और पड़ोसी ने बताया कि शायद कोई आया था और कुछ देर के लिए खोलने के बंद कर चला गया।

खंड शिक्षा अधिकारी रामगोपाल ने बताया कि स्कूल 11 बजे बंद हो जाते हैं जबकि अध्यापकों ने कहा कि उनके लिए 1:30 तक समय निर्धारित किया गया है और बच्चों के लिए 10:30 बजे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा व्यवस्थाएं की जा रही हैं। इसके लिए पत्राचार जारी है।

## एक नजर

### घर में घुसी बकरी भगाने पर परिवार को पीटा

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के करौंदी गांव में बकरी भगाने को लेकर हुए विवाद में कुछ लोगों ने घर में घुसकर एक परिवार के कुछ लोगों को जमकर पीटा। घायलों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। करौंदी गांव निवासी राजकुमार पुत्र मोहन लाल ने बताया कि उसके पड़ोसी महेंद्र पुत्र हरी मास्टर की बकरी उसके घर में घुस आई थी। जिसे उसकी पुत्री प्रियंका ने भगा दिया। बताया कि बकरी को भगा देने से नाराज महेंद्र, हरी मास्टर, हरगोविंद और देवराज उसके घर के अंदर घुस आए और उसकी पुत्री प्रियंका के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। बताया पुत्री प्रियंका के साथ मारपीट होते देख जब वह और उसकी पत्नी शिवकली व उसका पुत्र देवसिंह और दिनेश प्रियंका को बचाने दौड़े तो आरोपियों ने उसकी पत्नी शिवकली व पुत्र देवसिंह और दिनेश के अलावा उसे जमकर मारापीटा।

### पेड़ से टकराया बाइक सवार युवक घायल

**राठ (हमीरपुर)।** खिरिया गांव के पास तेज रफ्तार एक बाइक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। मझगवां थाने के सरगांव निवासी प्रीतम पुत्र नारायणदास शनिवार सुबह गांव से राठ आ रहा था। राठ मझगवां मार्ग पर खिरिया गांव के पास अचानक उसकी तेज रफ्तार बाइक का संतुलन बिगड़ गया। जिससे उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर नाजुक हालत को देखते हुए मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

### उधार न देने पर चाचा ने भतीजे का सिर फोड़ा

**सुमेरपुर।** नशे में धुत चाचा ने दुकानदार भतीजे के उधार न देने से आग बबूला होकर डंडा मार का सिर फोड़कर लहुलुहान कर दिया। बदनपुर निवासी अतुल पाठक ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी गांव में परचून की दुकान है। शुक्रवार रात पारिवारिक चाचा राजेश पाठक शराब को नशे में धुत होकर आया और उधार मांगने लगा। मना करने पर गाली गलौज करते हुए डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। पुलिस ने मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### जहरीला पदार्थ खाने से वृद्ध की हालत गंभीर

**कुरारा।** कस्बे में अज्ञात कारणों के चलते 78 वर्षीय वृद्ध ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कस्बा के निवासी जगत नारायण (78) पुत्र देवीदीन ने शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ते देख परिजन आनन फानन उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। डॉ दीपक कुमार ने बताया कि वृद्ध ने शराब पीकर जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। जिसको जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया है।

### बाइक से टक्कर मार युवक को पीटा

**राठ।** कस्बे के काजीपुरा मोहल्ले में एक युवक को जमकर मारापीटा। पीड़ित ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी शब्बीर ने बताया कि 15 दिन पूर्व उसके घर में चोरी हुई थी। जिसका उसने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। बताया कि उसे मोहल्ले में रहने वाले एक युवक पर संदेह था। उसने पुलिस को युवक के बारे में जानकारी दी थी। बताया कि इसी बात से नाराज युवक ने शनिवार की सुबह काजीपुरा मोहल्ले में उसे बाइक से टक्कर मार दी और गाली गलौज करते हुए उसे जमकर पीटा।

# रजिस्ट्रार आफिस में बैनामा को लेकर चले लात-घूंसे

## सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को हिरासत में लिया

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित एक विवादित मकान के बैनामे को लेकर दो सगे संबंधियों के बीच रजिस्ट्रार कार्यालय में तू-तू मैं-मैं से शुरू विवाद मारपीट में बदल गया। जिससे वहां अफरा तफरी की स्थिति पैदा हो गयी। सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में ले लिया।

कोतवाली मौदहा के ग्राम नारायच निवासी उस्मान व रमजान तथा बबली पत्नी नवाब मौदहा स्थित एक मकान का बैनामा फिरोज व मोहम्मद हमजा निवासी नारायच के नाम रजिस्ट्री कराने रजिस्ट्रार कार्यालय आए थे। तभी उनके बहनोई जुबेर खान ने मौके पर पहुंच उस मकान पर अपना हक जताते हुए बैनामा होने का विरोध किया। उसने कहा कि मौजूदा समय में इस मकान में वह रह भी रहा है और मकान का वाद न्यायालय में विचाराधीन है। दोनों पक्षों में विवाद बढ़ने पर रजिस्ट्री कार्यालय के सामने एक दूसरे पर लात घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। इसका वीडियो भी वायरल है। यह देख तहसील परिसर में अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को हिरासत में लेकर शांतिभंग के आरोप में चालान किया है।



रजिस्टार आफिस में मारपीट करते लोग। अमृत विचार

इस मामले में जुबेर ने बताया कि उसने मकान दो दशक पूर्व अपने ससुर स्व सरदार से तीन लाख में खरीदा था, लेकिन ससुर की मौत होने के बाद उसके सालों व सरहज की नीयत बदल गई है। जबकि इस मकान को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

# इंसुलेटर ध्वस्त होने से 2 दिन से ठप पड़ी बिजली आपूर्ति

फालोअप

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार की रात से गायब बिजली के दर्शन शनिवार के शाम तक नहीं होने से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर सब स्टेशन के उपभोक्ता गर्मी में हलाकान रहे। सुबह कई गांवों में जलापूर्ति भी नहीं हुई। विभाग अकाशीय बिजली के चमकने से 33 केवी लाइन के इंसुलेटर ध्वस्त होने की बात कह रहा है।

महज 5 वर्ष पूर्व बनी 33 केवी लाइन में लगे घटिया उपकरण आंधी पानी का धक्का नहीं झेल पा रहे हैं। गुरुवार एवं शनिवार को हुई बारिश ने 33 केवी लाइन का बुरा हाल कर दिया है। इस लाइन में खराबी आने से सुमेरपुर द्वितीय एवं विदोखर विद्युत सब स्टेशन की आपूर्ति ठप पड़ी है।

शुक्रवार के शाम को कुछ देर के लिए आपूर्ति बहाल हुई लेकिन अर्धरात्रि में जैसे ही मौसम में पलटी मारी बिजली गुल हो गई और शनिवार शाम तक बिजली के दर्शन नहीं हो सके हैं। पावर हाउस के अवर अभियंता महेश चंद्र तिवारी ने बताया कि 2 दिन में 33 केवी लाइन के 23 इंसुलेटर ध्वस्त हुए हैं। इनको बदला गया है। लाइनमैन मरम्मत में लगे हैं। शाम तक दोनों फीडरो की आपूर्ति बहाल करा दी जाएगी।

### बिजली न होने से इंडियन बैंक का कामकाज ठप

**सुमेरपुर।** दो दिन से विद्युत आपूर्ति बाधित होने से दर्जनों गांवों के लोग तो परेशान हैं ही, इंडियन बैंक इंगोहटा का कामकाज भी ठप होकर रह गया है। सिस्टम न खुलने से लेनदेन नहीं हो पा रहा। इसलिए ग्राहक बैरंग लौट रहे हैं। बता दें कि करीब 48 घंटे से चंद्रपुरवा और बिदोखर फीडर की विद्युत आपूर्ति प्रभावित है। शुक्रवार और शनिवार दो दिन में रात को सिर्फ 5 घंटे बिजली दी गई है। बिजली न आने से इंडियन बैंक का सिस्टम धड़ाम हो गया है। बैंक के ग्राहक सीपी साहू, ज्ञानेश दीक्षित, रामगोपाल, नरेश कुमार आदि ने बताया कि बैंक में कोई काम नहीं हो रहा है। वहां जाने पर बताया गया है कि बिजली न होने से सिस्टम नही खुल रहा है। बैंक मैनेजर आलोक पटेल का कहना है कि बैंक में जनरेटर के लिए पत्राचार किया गया है।

## सार-संक्षेप



सीएचसी में मरीजों को फल बांटते व्यापारी। अमृत विचार

### भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने मरीजों को बांटे फल

**राठ (हमीरपुर)।** दानवीर भामाशाह के जन्म दिन पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल बांटे। शनिवार को दानवीर भामाशाह के जन्म दिन पर भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, जिलाध्यक्ष ब्रजेश गुप्ता कोरकमेटी अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, जिला महासचिव कामेश गुप्ता, महिला जिलाध्यक्ष अर्पणा अग्रवाल, दीपक गुप्ता, प्रशांत गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष धीरेंद्र राजपूत, विकास साहू, युवा नगर अध्यक्ष हर्ष ताम्रकार, देबू ताम्रकार, महिला नगर अध्यक्ष गीता साहू, संगीता ब्रजेश गुप्ता, संगीता सोनी, शालिनी अग्रवाल आदि लोगों ने सीएचसी पहुंच कर मरीजों को फल वितरित किए।

### पुरानी खुन्नस में पड़ोसियों ने दंपति को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव में पुरानी खुन्नस में पड़ोसियों ने दंपति को जमकर मारा–पीटा। पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी बुद्ध सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार को 9 बजे अपने घर आ रहा था। तभी पड़ोसी रमेश उसे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर आए उसके परिजन उदय सिंह, कल्लो पत्नी रमेश, फूल कुमारी पत्नी उदय सिंह भी मारपीट करने लगे। तभी उसकी पत्नी सुधा शोर सुनकर बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी मारपीट करने लगे जिससे वह बेहोश हो गई। मोहल्ले वालों के एकत्र होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### गृहकलह में युवक ने खाया जहर, मौत

**मौदहा (हमीरपुर)।** जहरीला पदार्थ खा लेने से गंभीर युवक को कानपुर ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसके चलते परिजनों में मातम छा गया गया। खबर मिलते ही गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के करहिया गांव निवासी रामबालक (28) ने शुक्रवार की दोपहर गृह कलह के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद जहां चिकित्सकों ने तबीयत में सुधार न होने पर तत्काल सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने कानपुर के हैलट हॉस्पिटल रेफर कर दिया। जहां देर रात अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कोई कार्यवाही की जाएगी।




समर कैंप में अमृत सरोवर में बच्चों के साथ बीडीओ। अमृत विचार

### स्कूली बच्चों को अमृत सरोवर की सैर करा दी कई जानकारियां

**सरीला (हमीरपुर)।** क्षेत्र के छिबौली गांव में खंड विकास अधिकारी ने समर कैंप के तहत स्कूली बच्चों को अमृत सरोवर ले जाकर सैर करायी तथा तमाम जानकारियां दी। शनिवार को खंड विकास अधिकारी दिव्या त्रिपाठी ने छिबौली गांव के प्राथमिक विद्यालय के स्कूली बच्चों को समर कैंप के तहत गांव के कजराहा अमृत सरोवर तालाब ले जाकर वहां की सैर करायी। बीडीओ ने कहा कि स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ मानसिक व बौद्धिक विकास के लिए उन्हें खेलकूद, सामाजिक व संस्कारों की जानकारियां देना बहुत जरूरी होता है। कैंप के दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों को जीव जंतुओं व मौसम के बारे में जानकारी दी।तथा स्वस्थ रहने व पढ़ाई के तमाम टिप्स दिये। अमृत सरोवर तालाब में लगे झूले–झूल कर स्कूली बच्चों ने मौज ली। इस दौरान वह काफी खुश नजर आये। इस मौके पर विद्यालय के अध्यापक जयकरन, एआरपी रामकृपाल भी मौजूद रहे।

# व्यापारी दिवस के रूप में मनाई भामाशाह जयंती

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- **सर्वाधिक कर अदा करने व प्रशंसनीय कार्यों पर व्यापारियों को किया गया सम्मानित**

**अमृत विचार।** राज्य कर विभाग और संस्कृति विभाग ने महान दानवीर भामाशाह की जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में एक गेस्ट हाउस में आयोजित किया। जिसमें जनपद में वर्ष 2023-2024 में सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों को सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्थान पाने वाले छात्रों को भी मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

महान दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस पर सर्वाधिक कर अदा करने वाले व्यापारी अंकित मोटर्स राठ एवं धनीराम रामचंद्र राठ को भामाशाह पुरस्कार प्रदान किया गया। व्यापार क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्यों पर व्यापारियों जेके सीमेंट वर्क्स, जय मां भवानी कंस्ट्रक्शन राठ, एजे कंस्ट्रक्शन, लोधी इंटर प्राइजेज राठ, आरके एंड संस पेट्रोल पंप, देवांशी फिलिंग स्टेशन राठ, त्रिवेणी गैस सर्विस हमीरपुर को प्रशस्ति पत्र तथा शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जूनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में तनय सिंह, माशी, साक्षी व निबंध प्रतियोगिता में कशिश, रूद्र प्रताप, खुशी तथा भाषण प्रतियोगिता में समिष्ट द्विवेदी, भागवती अनुरागी, आरव पाल, रंगोली प्रतियोगिता में यश, नवदीप पांडेय एवं श्रद्धा सिंह तथा सीनियर वर्ग में चित्रकला प्रतियोगिता में प्रशांत कुमार, शिद्धिमा एवं प्रशांत कुमार निबंध प्रतियोगिता में प्रियांशी, अंशु कुमार एवं नरेंद्र कुमार ने स्थान पाया। वहीं सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत में नैंशी, प्रकाशिनी, तमन्ना एवं आराध्या आदि को मेडल एवं गिफ्ट देकर तथा मेधावी छात्रों को जिलाधिकारी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष ने टेबलेट वितरित किए। प्रतिभागी छात्रों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत एवं प्रोत्साहित किया गया।



जिला टॉपर छात्रों के साथ जिलाधिकारी राहुल पांडेय व अन्य। अमृत विचार

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में टॉप-10 में शामिल छात्र-छात्राओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

हाईस्कूल के 9 को 21 हजार, इंटमीडिएट के 11 मेधावियों को 21 हजार व टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल दिया गया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम का यहां प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में सीएम ने बेसिक शिक्षा के छात्र छात्राओं को ड्रेस, जूता, मोजा, स्वेटर, स्टेशनरी एवं स्कूल बैग क्रय करने के लिए प्रत्येक को 1200 रुपये की धनराशि अभिभावकों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई। वहीं पाठ्य पुस्तक वितरण, निपुण विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया।

लखनऊ में हुए समारोह के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2024 में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र छात्राओं को 1 लाख का चेक, टैबलेट, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार में देखा गया। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री के उद्बोधन को भी सुना। यहां सांई कृपा गेस्ट हाउस में जिलाधिकारी राहुल पांडेय, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने हाईस्कूल में राज्य स्तर पर एक मेधावी को एक लाख की धनराशि एवं जनपद स्तर पर मेधावी 9 विद्यार्थियों को 21 हजार, इंटमीडिएट में जनपद स्तर पर मेधावी 11 विद्यार्थियों को 21 हजार व टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेड़ल प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जलीस खान ने किया।

याद किए गए भामाशाह — भामाशाह की जयंती को उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारी दिवस के रूप में घोषित किया है

# भामाशाह ने अपनी पूंजी महाराणा प्रताप को कर दी न्योछावर

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उप्र उद्याग व्यापार मंडल द्वारा रेडीमेड गारमेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान एसोसिएशन की ओर से राहगीरों को शर्बत एवं मिष्ठान वितरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने बताया कि व्यापार मंडल द्वारा विगत कई वर्षों से दानवीर भामाशाह की जयंती को उत्तर प्रदेश सरकार ने व्यापारी दिवस के रूप में घोषित किया है। सरकार ने 29 जून को यह दिवस घोषित किया है। व्यापारियों ने दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। शनिवार को रेडीमेड गारमेंट्स ने कोटबाजार स्थित टाउन हाल में रेडीमेड एसोसिएशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान व्यापारियों और दुकानदारों ने लोगों का मुंह मीठा कराते हुए शर्बत पिलाया।




टाउनहाल में लोगों को शर्बत पिलाते व्यापारी। अमृत विचार

युवा व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि भामाशाह का जन्म राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। राजस्थानी भाषा में दानदाता को भामाशाह कहते है। जब महाराणा प्रताप अपने परिवार के साथ जंगलों में भटक रहे थे। उस वक्त भामाशाह ने अपनी सारी जमा पूंजी महाराणा प्रताप को युद्ध करने के लिए समर्पित कर दी थी। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष काशी प्रसाद गुप्ता, रेडीमेड गारमेंट के अध्यक्ष मनोज कुमार सोनी, दीपू अग्रवाल, मंत्री रहमत वेग, किराना संघ के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, बृजेंद्र गुप्ता, रमेश चंचल, प्रमोद बजाज, सप्पू ठेकेदार, अयूब चश्मा बाले, शिवशरण सोनी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

### भामाशाह की जीवन पर डाला प्रकाश

**हमीरपुर।** समाजवादी पार्टी ने व्यापारी दिवस पर भामाशाह जयंती का आयोजन कर उन्हें नमन किया। सपा कार्यालय में आयोजित जयंती समारोह में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नंदकिशोर शिवहरे ने भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुये कहा कि भामाशाह के पिता महाराणा प्रताप के वंशजों के प्रधानमंत्री थे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद महाराणा प्रताप की आर्थिक स्थिति ठीक न होने पर भामाशाह ने सब कुछ अर्पण कर दिया था। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु सैनी, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष शिवगोपाल यादव, प्रदेश सचिव युवजन सभा बीटू यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव युवजन सभा सैय्यद उमर, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा रिजवान खान, प्रदेश सचिव माया बाल्मीकि आदि मौजूद रहे।



## कार्यालय ग्राम पंचायत कुरारा देहात वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक– राज्य वित्त/चौदहवां वित्त/2024–25 दिनांक: 29.06.2024

**विज्ञप्ति**

राज्य वित्त आयोग / चौदहवाँ वित्त आयोग योजनानतर्गत ग्राम पंचायत में कुरारा देहात बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य–प्रा0वि0 रिवरवा कार्य कराया जाना है उक्त कार्य हेतु स्थल पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु मोहर बन्द टेण्डर दिनाँक–5–07–24 तक आवंटित किये जाते हैं। प्राप्त टेण्डर दिनोंक–5–07–24 अपरान्ह 4 बजे अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष खोले जायेंगे।

सामग्री आपूर्ति के पूर्व टेण्डर दाताओं को यह सपथपत्र देना होगा कि उनके द्वारा नियमानुसार आयकर G.S.T. नं0 की धनराशि आयकर को सीधे जमा कर दी जायेगी / टेण्डरदाताओं को G.S.T. नं0 अनिवार्य है, आपूर्ति की गई सामग्री में मानक / गुणवत्ता की कमी पाये जाने पर भुगतान करना सम्भव नहीं होगा। टेण्डर को बिना किसी पूर्व सूचना / कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी पर निहित होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | सीमेन्ट– | 68 |
| 2 | लोकल बालू– | 2.40 |
| 3 | सी. सैण्ड– | 4.91 |
| 4 | 40 डड ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड | – |
| 5 | 20 एम.एम. ग्रेनाइट स्टोन ग्रिड– | 4.82 |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईटा– | 4400 |
| 7 | सरिया | 4.21 |

सचिव
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

प्रधान
ग्राम पंचायत कुरारा देहात
वि0खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

## एक नजर

### गाली गलौज के विरोध पर देवर-भाभी को पीटा

**बांदा।** गाली गलौज का विरोध करने पर दबंगो ने देवर भाभी को लाठी से पीट कर घायल कर दिया। घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। देहात कोतवाली क्षेत्र के गुरेह गांव निवासी 35 वर्षीय बुधिया पत्नी प्रेमबाबू शुक्रवार की शाम घर के बाहर बैठी थी। तभी पड़ोसी दबंग नशे में गाली गलौज करने लगे बुधिया ने मना किया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। दबंगो ने बुधिया को लाठी से पीटना शुरू कर दिया। भाभी को पिटता देख 25 वर्षीय देवर लखन बचाने आया तो उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### समाजसेवी समेत टीम के सदस्य किए गए सम्मानित

**बांदा।** भगवती मानव कल्याण संगठन और भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के गुलाबचंद्र कुशवाहा की अगुवाई में समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य करने पर उत्तर मध्य रेलवे संस्थान की ओर से सम्मानित किया। स्टेशन प्रबंधक मनोज कुमार शिवहरे ने समाजसेवी व उनकी टीम सदस्यों को अंग वस्त्र भेंट करते हुए सम्मानित किया। बताया कि उनके द्वारा 11 निशुल्क प्याऊ खोले गए। पर्यावरण क्षेत्र में लगभग 670 पौधे लगवाए गए हैं। सम्मानित होने वाले सदस्यों में उमेशचंद्र पांडेय, सीताराम, मनोज विश्वकर्मा, दिलीप कुमार, बालचंद्र कुशवाहा, अनुज कुशवाहा, ललित, जुगुल आदि शामिल रहे।

### हाईवे पर अनियंत्रित होकर पलटी बाइक, दो घायल

**उरई (जालौन)।** डकोर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल उरई पहुंचाया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। बाइक सवार युवक बांदा जा रहे थे। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे पर बांदा निवासी अमित 25 वर्ष व विनोद 24 वर्ष किसी काम से उरई आए थे। काम निपटाने के बाद वह बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे से होकर बांदा जा रहे थे। तभी उनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस को सूचित कर उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल उरई भेजा गया।

### दो शातिर चोरों को बिधूना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**औरैया।** उपनिरीक्षक मूलेन्द्र सिंह ने सिपाही रामरूप, अनिल जुरैल व रवि कुमार के साथ पंचवटी आश्रम के पास एक प्लैटिना मोटर साइकिल लिये खड़े दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि दोनों अभियुक्त चोरी की गई बाइक बेचने के फिराक में खड़े थे। आरोपियों के अनुसार उन्होंने 26 जून को भोगनीपुर में एक मन्दिर के पास से बाइक चोरी की। अभियुक्तों ने अपने नाम नीरज पुत्र सूबेदार निवासी अमरौदा, थाना भोगनीपुर, जनपद कानपुर देहात, हरीश पुत्र रामप्रकाश निवासी अमरौदा, थाना भोगनीपुर जनपद कानपुर देहात बताए हैं।

# झमाझम बारिश से खेत खलिहान लबालब

## किसानों के चेहरे पर छाई खुशी ,बारिश के बाद धान की रोपाई में तेजी आने की बढ़ी उम्मीद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** शनिवार तड़के मानसून की झमाझम बारिश से खेत खलिहान सब कुछ लबालब हो गए। इस बारिश से धान किसानों के चेहरे चमक उठे हैं। अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष ब्लॉक क्षेत्र में धान की फसल का रकबा बढ़ने की उम्मीद है। किसान खरीफ की अन्य फसलों की बजाय धान की फसल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

शनिवार को तड़के मानसून के बदरा झूमकर बरसे। सुबह खेत खलिहान लबालब देखकर किसानों के चेहरे खिल गए। सबसे ज्यादा राहत धान किसानों को मिली है। इस बारिश के बाद धान की रोपाई में तेजी आने की उम्मीद बढ़ी है। किसान परशुराम यादव, उदयभान यादव, सुरेश कुमार, राजू, मानसिंह भदौरिया,प्रदीप गुप्ता, भोला तिवारी आदि ने कहा कि मानसून की यह बारिश धान की फसलों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। साथ ही अन्य फसलों के बोने का भी मार्ग प्रशस्त हो गया है। फिलहाल अधिक बारिश होने से अभी अगले चार-पांच दिन तक धान की रोपाई के अलावा अन्य फसलों की बुवाई का कोई कार्य संभव नहीं दिख रहा है। अगर और बारिश होती है तो ज्वार, अरहर, मूंग, तिल, मूंगफली, उर्द, मक्का,बाजरा,सांवा,कोदों, रागी,सनई, ठेंचा आदि की फसलों की बुवाई में देर हो सकती है।


खेत में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार


चकोठी के परिषदीय विद्यालय में भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

## आया मानसून, अगले चार दिन होगी जबरदस्त बारिश

**हमीरपुर।** मानसून ने दस्तक दे दी है। अगले चार दिनों तक झमाझम बारिश होने की संभावना है। शनिवार सुबह करीब दो घंटे मूसलाधार बारिश हुई है। जिसने जिला प्रशासन की व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी है। पहली ही बारिश में नाली नाला उफना गए। विद्यालय परिसरों में डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया। कई इलाकों में जलभराव होने से लोग परेशान रहे।

**30** मिलीमीटर हुई बारिश गली रास्ते व नाली, नाला सब उफनाए स्कूल परिसरों में हुआ जलभराव, गर्मी से मिली राहत

जिले में शनिवार सुबह शुरू हुई बारिश का सिलसिला करीब दो घंटे तक चलता रहा। सदर तहसील में 28 मिलीमीटर, मौदहा में 56 मिलीमीटर व राठ में छह मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। औसतन पूरे जिले में 30 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई है। पहली बारिश में ही जिला प्रशासन की व्यवस्थाएं धरी की धरी रह गईं। शहर सहित कस्बों में नाला नाली व रास्ते पानी से उफना गए। विद्यालय परिसरों में करीब दो फीट तक जलभराव हो गया। जिससे लोग जूझते नजर आए। हालांकि उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली है।

## पहली बारिश में विद्यालयों में जलभराव से बच्चे हुए परेशान

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** क्षेत्र में दो दिनों से हो रही बरसात से कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र के झलोखर व चकोठी गांव के प्राथमिक विद्यालय में जल भराव होने से विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं को कीचड़ युक्त पानी से होकर कक्षा में जाना पड़ रहा हैं।

विकासखंड क्षेत्र में दो दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते कस्बा में जल भराव होने पर नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी (एसडीएम) अभिमन्यु कुमार ने नगर पंचायत की टीम के साथ वार्ड नंबर 6 के हरिजन बस्ती में रास्ते में जलभराव होने पर सफाई कर्मियों की टीम लगाकर जल निकासी कराई गई। वहीं क्षेत्र के चकोठी व झलोखर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में जलभराव होने से छात्र छात्राओं को कीचड़ युक्त पानी से निकलकर कक्षा में पहुंचे। पानी पीने के लिए हैंडपंप के चारों ओर जलभराव होने से पानी पीने के लिए छात्र छात्राएं परेशान रहे हैं। इस बाबत सहायक खंड विकास अधिकारी धर्मेंद्र पाल ने बताया कि चकोठी व झलोखर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में जलभराव होने की सूचना मिलने पर सफाई कर्मियों को भेज कर नाले की सफाई कराई जा रही है।

# बिना नंबर प्लेट के पकड़े गये दो ओवरलोड डंपर

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी ओवरलोडिगं पर रोक नहीं लग पा रही है। चेकिंग के दौरान एआरटीओ ने बंगरा मार्ग से बिना नंबर प्लेट के चल रहे बालू के दो ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। पकड़े गए डंपरों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

क्षेत्र में नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर, नंबर छिपाकर या बिना नंबर के ट्रकों से बालू की ढुलाई हो रही है। इसके साथ ही ओवरलोड बालू लेकर वाहन चल रहे हैं। पूर्व में नंबर प्लेट में छेड़छाड़ कर व नंबर छिपाकर ओवरलोड ट्रकों के पकड़े जाने के बाद जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की थी । जिलाधिकारी के निर्देश के बाद भी बिना नंबर व नंबर प्लेट से छेड़छाड़ कर ओवरलोडिगं कर बालू की ढुलाई की जा रही है। परिवहन अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा ने बंगरा मार्ग से बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास से दो बालू के ओवरलोड ट्रकों को पकड़ लिया है। पकड़े गए ओवरलोड बालू के ट्रकों में नंबर की प्लेट से नंबर गायब थे। एआरटीओ ने पकड़े गए ट्रकों को पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। वहीं कालपी-जालौन-शुक्रवार को देरदात उपजिलाधिकारी ने बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने आधा दर्जन ट्रकों को सीज किया । आधी रात अचानक हुई कार्रवाई से खनन कारोबारियों में हड़कंप मच गया।


पकड़ा गया ओवरलोड डंपर ।

- पकड़े गए डंपरों को कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया

रविवार मध्य रात्रि से खनिज प्रपत्रों के लिए ओ टी पी बन्द हो जाएगी लेकिन जैसे जैसे समय सीमा समाप्त होने में समय कम बच रहा है वैसे ही वालू का अवैध परिवहन का कारोबार बढ़ता जा रहा था आलम यह था कि दिन में भी हाईवे से ओवरलोड वाहनों का निकलना जारी था जिसकी भनक नये उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह को भी लग गयी थी इसी के चलते शुक्रवार देरदात उन्होंने क्षेत्राधिकारी देवेंद्र पचौरी के साथ मिलकर जोल्हूपुर मोड पर कार्रवाई शुरू कर दी इस दौरान उनके हत्थे अवैध बालू से भरे 6 ट्रक चढ़ गए थे एस डी एम सुशील कुमार ने कहा कि बालू का अवैध परिवहन किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जायेगा।

# खादी ग्रामोद्योग स्थापित कराएगा 40 इकाइयां

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड विभाग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) योजना के जरिए 40 इकाइयां स्थापित कराई जाएंगी। इसके लिए विभाग को पूंजी निवेश मार्जिन मनी में 1140.32 लाख मिले हैं। इसमें 440 बेरोजगारों को रोजगार का लक्ष्य प्राप्त हुआ है।

जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि शासन ने शहरी बेरोजगारों को उद्योग की स्थापना के लिए अधिकतम 50 लाख रुपये तक उत्पादन इकाई के लिए तथा 20 लाख रुपये सेवा उद्योग के अंतर्गत ऋण बैंकों द्वारा स्वीकृत कराए जाने का प्राविधान किया गया है। बताया खादी ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) ग्रामीण क्षेत्र के सामान्य जाति के पुरुष वर्ग को प्रोजेक्ट लागत का 25 प्रतिशत तथा अन्य सभी आरक्षित वर्ग महिला, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक, भूतपूर्व सैनिक एवं दिव्यांग को 35 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान दिया जा रहा है। शहरी क्षेत्र में सामान्य जाति के पुरुष वर्ग को प्रोजेक्ट लागत का 15 प्रतिशत तथा अन्य सभी आरक्षित वर्ग को 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान दिया जा रहा है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र के सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को प्रोजेक्ट कास्ट का 10 प्रतिशत एवं आरक्षित वर्ग को 5 प्रतिशत अंशदान स्वयं वहन करना होगा। उन्होंने बताया कि योजना में उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक उद्यमी आनलाइन (Kviconline.gov.in) पर KVIB Agency पर आवेदन कर सकते हैं। कहा कि अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9580503144 पर संपर्क कर सकते हैं।

- विभाग को मार्जिन मनी के रूप में 1140.32 लाख मिले

## गवाइन नदी कार्य योजना बनाने के मिले निर्देश

**बांदा।** आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी व तत्कालीन डीएम डीएम दुर्गा शक्ति पाल द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन के तहत मुख्य विकास अधिकारी ने बीडीओ बड़ोखर तथा डीसी मनरेगा को गवाइन नदी का स्थली निरीक्षण कर शीघ्र कार्य योजना बनाने के निर्देशदिए।

गौरतलब है कि लोहरा प्रधान सुरेश रैकवार, पूर्व प्रधान अंगद मिश्रा, नदी पुर्नजीवन विशेषज्ञ सिद्ध गोपाल सिंह, जल बिरादरी प्रदेश संयोजक कुंवर अरविंद सिंह, ओम प्रकाश त्रिपाठी, संतोष त्रिपाठी, मोनू त्रिपाठी, रमाकांत त्रिपाठी तथा समाजसेवी अनिल शर्मा ने आयुक्त व तत्कालीन डीएम से मुलाकात कर गवाइन नदी पुनर्जीवन को लेकर निकाली गई पद यात्रा की जानकारी देकर पुर्नजीवित कराए जाने की मांग की थी। इस पर उन्होंने सीडीओ को निर्देश देकर कार्य योजना तैयार कराने को कहा था।


रोते -बिलखते परिजन। अमृत विचार


जहर पीने के बाद अमर सिंह को जीप में लेकर जाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# शराब में सल्फास मिला कर पी लिया, मौत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** पड़ोसियों के साथ हुई मारपीट मामले में शिकायत लेकर सदर कोतवाली पहुंचे एक पीड़ित ने सुनवाई न होने पर शराब में जहर मिलाकर पी लिया। वहीं इससे पहले वह कोतवाली के बाहर सड़क पर लेटकर हंगामा करता रहा। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के बेटे ने कहा पिता के साथ दो पड़ोसियों ने गाली गलौज व मारपीट की थी। जिसकी वह शिकायत करने कोतवाली आया था।

- पड़ोसियों पर गाली गलौज व मारपीट मामले में पुलिस के कार्रवाई न करने पर उठाया कदम

शहर के चुनकी डेरा निवासी अमर सिंह (50) शनिवार दोपहर सदर कोतवाली पहुंचा। यहां वह सड़क पर लेटकर पुलिस को गाली गलौज कर हंगामा करता रहा। फिर पुलिस से कहा उसने सल्फास खा लिया है। कुछ देर बाद ही अचानक वह उल्टी करने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी इलाज दौरान मौत हो गई। अमर सिंह के बेटे राजेश ने बताया कि उसके पिता के साथ पड़ोस के दो लोगों ने शुक्रवार की शाम व शनिवार को गाली गलौज कर मारपीट की थी। इसकी शिकायत करने वह कोतवाली आया था जहां से पुलिस ने उसे भगा दिया। इसी से आक्रोशित होकर शराब में सल्फास मिलाकर पी ली। सदर कोतवाली प्रभारी डीके मिश्रा का कहना है कि अमर सिंह कोतवाली के कोई अंदर नहीं आया और न ही कोई शिकायत की है। बाहर ही सड़क पर लेट गया। सूचना पर वह खुद बाहर गए और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## फाटक न खुलने से लगा लंबा जाम

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह रेलवे फाटक देर से खुलने कि चलते लंबा जाम लग गया। क्रॉसिंग के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गईं। इसके चलते लगभग 25 मिनट तक लोगों को जाम का झाम झेलना0 पड़ा।

दिल्ली-हावड़ा रूट के अछल्दा रेलवे क्रॉसिंग पर शनिवार सुबह लगभग 9 बजकर 35 मिनट बजे गेट बंद हुआ। इसके बाद लगातार ट्रेनों के आवागमन से देर तक गेट नहीं खोला गया। इसके चलते अछल्दा-फफूंद-बिधूना मार्ग पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग 25 मिनट बाद फाटक बंद रहने के बाद गेट सुबह 10 बजे खोला गया।

गेट खुलते ही बड़े वाहनों के आगे बाइकों का काफिला निकल पड़ा। जिससे बड़े वाहन अपनी जगह से भी नहीं हिल सके। वहीं भयंकर गर्मी में लोग जाम में फंसे रहे। जाम के चलते पैदल निकल रहे राहगीरों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। थाना पुलिस ने कड़ी मशक्कत से जाम को खुलवाया।

## कानूनी प्रक्रिया के बारे में दी जानकारी

**बिधूना, औरैया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण औरैया के अध्यक्ष जिला जज गिरीश कुमार वैश्य, प्राधिकरण की सचिव स्वाति चंद्रा के निर्देशन में शनिवार को तहसील क्षेत्र के ग्राम धनवाली में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। पीएलवी राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने उपभोक्ताओं के अधिकार, नशे के दुष्प्रभाव एवं बचाव, मोबाइल से होने वाली हानियों, स्थाई लोक अदालत एवं राष्ट्रीय लोक अदालत आदि के बारे में जानकारियां दी।

## एसीएमओ ने अस्पतालों -पैथोलॉजी में की छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** एसीएमओ संजय कुमार ने शनिवार को कस्बा बिवांर के दो अस्पतालों और एक पैथोलॉजी में छापा मारा।

बताया काव्या डेंटल क्लीनिक के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत की गई थी कि इस नाम से अवैध रूप से चार क्लीनिक संचालित हैं जो बिवांर, मुस्करा और राठ में दो स्थानों में खुले हैं जबकि इसका कोई पंजीकरण नहीं है। बताया कि जांच में शिकायत सही पाई गई। वहीं लोगों द्वारा एक अन्य अवैध अस्पताल और पैथोलॉजी संचालन के बारे में जानकारी दी गई।उदयभान नगर मोहल्ला में पहुंचने पर बालाजी कलेक्शन के नाम से एक अवैध पैथोलॉजी पाई गई। जिसका अधिकृत संस्थान महाराष्ट्र में है, लेकिन उसकी फ्रेंचाइजी के कोई दस्तावेज नहीं मिले और न ही कोई कोल्डचेन सिस्टम मिला। जिसमें सैम्पल कलेक्ट कर संरक्षित किए जा सकें जो कि फर्जी थी। इसी के बगल में एक रिटायर्ड फार्मासिस्ट पुस्सू प्रजापति अपने घर में क्लीनिक खोले मिले जिन्हें अस्पताल खोलने की पात्रता ही नहीं है वह सिर्फ दवाएं वितरित कर सकते हैं। कहा तीनों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए थाना बिवांर में लिखित शिकायत कर प्रतिष्ठान बंद कराने को कहा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बालाजी पैथोलॉजी के अजय और काव्य डेन्टल क्लीनिक के खिलाफ तहरीर दी गई है।

- पुलिस से तीनों को बंद कराने को कहा गया

## सार-संक्षेप

### सेवा मित्र व्यवस्था के जरिए विभिन्न ट्रेड का मिलेगा प्रशिक्षण

**हमीरपुर।** सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी अवनीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि विभाग से संचालित सेवा मित्र व्यवस्था के जरिए लोग विभिन्न सेवाओं इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, मैकेनिक, मैनपावर सर्विसेज नर्सिंग, टूर एंड ट्रैवल्स, कैटरिंग, एसी रिपेयर, कंप्यूटर मैकेनिक आदि घर बैठे प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही सेवा प्रदाता फर्म एवं कुशल कामगार भी इस व्यवस्था के अन्तर्गत अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इन सभी सेवाओं का लाभ सेवामित्र पोर्टल sewayojan.up.gov.in अथवा सेवामित्र मोबाइल एप्लीकेशन या टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर-155330 के माध्यम से उठा सकते हैं। सेवा मित्र व्यवस्था के तहत कौशल प्राप्त युवाओं को सेवा प्रदाता एजेंसी के माध्यम से स्वावलंबन के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। साथ ही इसमें डे-वर्क और प्रोजेक्ट वर्क के अन्तर्गत स्टार्टअप के अवसर भी उपलब्ध हो रहे हैं। यह व्यवस्था पेशेवरों को डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम रोजगार प्राप्त करने और नागरिकों को उचित कीमत पर सत्यापित सेवाएं प्रदान कर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए एक सुव्यवस्थित पहल है। कहा टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 155330 पर संपर्क कर जानकारी ले सकते हैं।

### निर्माणाधीन तहसील भवन का किया निरीक्षण

**उरई।** करोड़ों रुपये की लागत से जिला मुख्यालय स्थित सदर तहसील उरई के निर्माण का ठेका कार्यदायी संस्था को दिया गया, जिसके निर्माणकार्य में तेजी नही लायी जा रही है। आज उसके निरीक्षण में धीमी निर्माण गति देखकर डीएम ने कार्यदायी संस्था को जमकर फटकार लगाई ।आज शनिवार की सुबह जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय अपने सरकारी अमले के साथ निर्माणाधीन तहसील परिसर का औचक निरीक्षण करने जा पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी ने हो रहे निर्माण कार्य का बारीकी के साथ जायजा लिया और चल रहे निर्माण कार्य को परखा। निरीक्षण दौरान जिलाधिकारी ने यह पाया कि कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण में तेजी नहीं लायी जा रही है। जिस उन्होंने कार्यदायी संस्था के लोगों लताड़ लगाते हुए निर्माण कार्य में तेजी लाने के कड़े निर्देश दिये। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर, तहसीलदार सदर, तहसील नाजिर भानू प्रताप कर्मचारी, जेई, ठेकेदार मौजूद रहे।

### केवाईसी को लेकर ग्रामीण और राशन डीलर में चले डंडे

**ऐरवा कटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के नगला पहाड़ी गांव में शुक्रवार को सरकारी राशन डीलर के कोटे पर केवाईसी कर रहे डीलर के पुत्रों और ग्रामीणों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई और मामला तूल पकड़ने पर दोनो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार मामला नगला पहाड़ी गांव में सरकारी राशन डीलर के कोटे का है जहां राशन डीलर के पुत्र शिवम और ऋषि पात्र गृहस्थी राशन कार्ड की केवाईसी कर रहे थे ।जहां राशन कार्ड धारक अपनी बारी के इंतजार में बैठे थे लेकिन सर्वर न होने के कारण केवाईसी होने में देरी हो रही थी ।गांव की ही निवासी रानी देवी का पुत्र भी अपने राशन कार्ड की केवाईसी कराने के लिए बैठा था ।जब शिवम काफी देर घर नहीं पहुंचा तो उसकी मां कोटे पर आ गई और कोटा डीलर रेखा देवी के पुत्रों पर जानबूझकर देरी करने का आरोप लगाकर झगड़ने लगी ।मामला तूल पकड़ गया और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी।

उर्स | 11वें उर्स में कव्वालों ने बांधा समां, कव्वाली सुन कर रात भर झूमते रहे लोग

# लहू अपना दे दूं चमन के लिए, मेरी जान जाए वतन के लिए...

कार्यालय संवाददाता जालौन

**अमृत विचार।** हिंदू मुस्लिम एकता की मिसाल इंसानियत के सूफी बुजुर्ग हजरत सूफ़ी लतीफ शाह उर्फ काले बाबा रह. अलैहि के एक रोजा 11वें उर्स में समां बंधा रहा। जायरीन जहां कव्वालों द्वारा पेश कलामों की गहराइयों में खोकर झूमते रहे। वहीं कुल शरीफ की फातिहा के दौरान वे अपने आंसू भी नहीं रोक सके। जायरीन रात भर अकीदत का नजराना पेश करते रहे।

हजरत सूफ़ी लतीफ शाह उर्फ काले बाबा के एक रोजा उर्स में भारी भीड़ उमड़ी। बाबा की दरगाह पर हाजिरी देने वालों का तांता लगा रहा। फातिहा ख्वानी के साथ दरुदो सलाम को पेश किया गया। महफिले शमां की शुरूआत कुरान पाक की आयत पढ़कर मौलाना साबिर शाह ने की। जिसके बाद कव्वाली का शानदार मुकाबला चांद कादरी और गुलाम वारिस के बीच शुरू हुआ। दोनों ही कव्वालों ने अपने बेहतरीन कलामों का मुजाहरा किया। जिनकों सुनकर श्रोता झूमने पर मजबूर हो गए। मुकाबले की शुरूआत कव्वाल चांद कादरी ने कौमी एकता पर तंज कसते हुये पढ़ा कि लहू अपना दे दूं चमन के लिए, मेरी जान जाए वतन के लिए, मेरा दिल जिगर और मेरी जान भी, हो कुर्बान गंगो चमन के लिए। तो जवाबी मुकाबले में गुलाम वारिस भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने भी कौमी एकता पर तंज कसते हुए पढ़ा कि नफ़रत मिटा के दिल से तुम कर दो -ये-एलान, हाथों से न छोड़ेंगे-चाहे गीता हो या कुरान। इस बेजोड़ मुकाबले को सुनने के लिए लोग अपनी अपनी जगह पर डटे रहे और अपनी फरमाइश के मुताबिक कलाम सुनते रहे। कार्यक्रम का संचालन पप्पू थापा ने किया। इस मौके पर शादाब अली, आफताफ अली, पूर्व चेयरमैन शकीला किन्नर मोठ, चेयरमैन प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, कमेटी अध्यक्ष दीपू त्रिपाठी, चीफ कंट्रोलर जाकिर सिद्दीकी, इस दौरान सैयद सरबर अली, अफ़रोज शाह, बबलू बाबा, हासिम बरकाती, इमरान बरकाती, गुलाम अली उर्फ भूरे, राज मंसूरी, रीना देवी, नफीस मेंबर, तौफीक सलमानी, सादिक अली, सूफी फीरोज बाबा, संजय राठौर, दयाशंकर आदि मौजूद रहे।



कव्वाली पेश करते कव्वाल चांद कादरी। अमृत विचार

## महिला ने खुद गढ़ी थी चोरी होने की झूठी कहानी

**बिधूना, औरैया।** चंद्रभान की पत्नी रेखा इलाज कराकर घर लौटी तो उसने पति को बताया की वो 31000 रुपये 15 दिन पहले सेंट्रल बैंक बेला में जमा करने गयी थी। जैसे ही वो बरकसी मोड़ पर पहुंची तो बच्चे को दूध पिलाने के दौरान उसका रुपयों का बटुआ कहीं गिर गया। चोरी हुए ज़ेवर के बारे में बताया की उसने ज़ेवर बेला स्थित सीपी सिंह उर्फ़ ब्रिजेश कुमार सुनार के यहां गिरवी रखे हैं। पति द्वारा मारपीट के डर से खुद ही 27 जून की सुबह अपने हाथ पैर बांधकर मुंह में कपड़ा ठूस कर फर्जी घटना बनायी थी। इसके बाद पुलिस ने ज्वेलर्स से उसका ज़ेवर बरामद कर लिया।

# वातावरण में तनाव और पृथ्वी का बढ़ता ताप


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं।

वातावरण में तनाव है। पृथ्वी का ताप बढ़ रहा है। सभी जीव व्यथित हैं। प्रकृति में अनेक जीव हैं। सब शुद्ध प्राण वायु पर निर्भर हैं। प्राण वायु का मुख्य स्रोत वनस्पतियां हैं। भारतीय राष्ट्रजीवन में वनस्पतियां, औषधियां देवता की श्रेणी में हैं। पीपल, बरगद, नीम, बेल आदि वृक्षों की उपासना होती है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "पीपल का वृक्ष मैं ही हूं।" भारत की तरह दुनिया के किसी भी अन्य देश, संस्कृति व सभ्यता में वनस्पतियों और वृक्षों को नमस्कार नहीं किया गया। वनस्पतियों के कारण पर्यावरण शुद्ध रहता है। दुर्भाग्य से सारी दुनिया में वन क्षेत्र घटा है। भूमण्डलीय ताप बढ़ा है। वर्षा चक्र गड़बड़ाया है। यहां भारत में वैदिक काल से लेकर पुराण और महाभारत में वनस्पतियों और वृक्षों को विशेष आदर के साथ याद किया गया है। उन्हें देवता जाना गया है। हिन्दू मन वृक्ष वनस्पति की कटान पर आहत होता है। विकास का आधुनिक माडल वनस्पति प्रेमी नहीं है। विश्व को वृक्ष वनस्पति प्रेमी विकास तंत्र की आवश्यकता है।

वृक्ष बोलते हैं संभवतः। सुनते अवश्य हैं। उनसे वार्ता करना आनंद का अनुभव है। एक शोध के अनुसार जिस पौधे से प्रेमपूर्ण वार्ता होती है, वह जल्दी बढ़ता है। पौधों को ध्यान और प्रेम से देखने वाले प्रसन्न रहते हैं। पेड़ पौधे आपस में भी बातें करते होंगे। वे वृक्ष प्रेमी को देखते ही प्रसन्न हो जाते हैं। वे कुल्हाड़ी लेकर आने वाले 'पेड़ कटवा' को देखकर सहम जाते हैं। गहन उदास होते हैं। वृक्ष वनस्पति हमारे परिजन हैं। इन्हें खिलने का पूरा अवसर मिलना चाहिए। बीज से वृक्ष, वृक्ष से फूल और फूलों से बीज का वर्तुल पूरा होना चाहिए।

वनस्पतियां ढेर सारी हैं लेकिन सोम वैदिक पूर्वजों की सर्वाधिक प्रिय वनस्पति है। ऋषियों ने सोम को बहुत बड़ा देवता बताया है। ऋग्वेद के नवें मण्डल में 144 सूक्त हैं। इन सभी सूक्तों के देवता सोम हैं। ऋग्वेद में सोम का अनेक प्रसंगों में उल्लेख है। सोम को सारी वनस्पतियों का राजा भी कहा गया। (9.114.2) सोम वनस्पति से रस निकाला जाता था। वैदिक अभिजन सोम को स्फूर्ति प्रदान करने वाला पेय मानते थे। सोमरस का प्रयोग पीने के लिए तो किया ही जाता था। यज्ञ में इस रस की आहुतियां भी दी जाती थीं। ऋग्वेद के अनुसार सोम देवताओं को प्रिय भी था। पूर्वज मानते थे कि सोमरस पीने से मनुष्यों को अमृत्व की प्राप्ति होती है। आर्यों की ईरानी शाखा में 'होम' वनस्पति की चर्चा है। पारसियों के धर्मग्रंथ अवेस्ता में सोम को होम लिखा गया है। पूर्वज सैकड़ों वर्ष पहले वनस्पतियों के गुण धर्म से परिचित थे।

ऋग्वेद में औषधि विज्ञान संबंधी एक सूक्त के देवता औषधि हैं। ऋषि कहते हैं, "हे औषधियों आपके सहस्त्रों नाम हैं। सहस्त्रों अंकुर हैं। आप हमें आरोग्य दें।" वे औषधियों की रोग निवारक शक्ति की तुलना घोड़े की शक्ति से करते हैं। स्तुति है, "आप गतिशील घोड़े की तरह रोगों को तेजी से दूर करती हैं। आप हमें सुख दें।" खास बात यह है कि वे औषधियों को माता बताते हैं। कहते हैं कि, "आप माता की तरह पालन गुणों से युक्त हैं। हमारी प्रार्थना सुनें।" वनस्पतियां औषधियां माता हैं। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां निकट हैं। कुछ दूरी पर हैं।" कवि को विश्वास है कि, "औषधियां उनकी प्रार्थना सुनती हैं।" अथर्ववेद में भी औषधियों वनस्पतियों को देवता कहा गया है। अथर्ववेद का एक पूरा सूक्त औषधियों पर ही है। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ औषधियां लाल रंग की हैं। कुछ श्वेत हैं। कुछ भूरी हैं। कुछ काली हैं। कुछ कई रंगों वाली हैं। पृथ्वी माता हैं। आकाश पिता हैं। औषधियां भी इसी परिवार की हैं। ऋषि कहते हैं कि, "औषधियों के पिता आकाश हैं।" यहां औषधियां वनस्पतियां माता पृथ्वी व पिता आकाश की परिजन हैं।


रोगों के कारण होते हैं। कुछ रोग मनुष्य की अपनी गलती से पैदा होते हैं। कहते हैं कि, "जल और औषधियां हमारे पाप से उत्पन्न यक्षमा रोग दूर करें।" कुछ औषधियां सर्वसुलभ हैं। कुछ औषधियां खरीदने से उपलब्ध होती हैं। कहते हैं, "क्रयरहित औषधियां मनुष्यों, अश्वों को स्वस्थ रखें।" वनस्पतियां मनुष्य को स्वस्थ रखती हैं। आम महुआ आमला रसपूर्ण है। आमला युवा बने रहने का रसायन है। औषधियां, वनस्पतियां अनेक प्रकार की हैं। कहते हैं, "गुच्छों वाली, एक कोंपल वाली और अनेक शाखाओं वाली औषधियों का आवाहन करते हैं।" प्रत्येक जीव में रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसे रोग निरोधक क्षमता कहते हैं। अथर्ववेद में स्थान के आधार पर भी औषधियों के भेद किए गए हैं। एक मंत्र (8.7.17) में कहते हैं, "अंगिरा द्वारा विवेचित औषधियां पर्वतीय क्षेत्रों व समतल मैदानों में उगती हैं। वे हृदय को सुख शांति देती हैं। कुछ औषधियों को अमर भी बताया गया है। औषधियां जीव रक्षक हैं।

वैदिक काल के समाज को पिछड़ा बताने वाले नोट करें। वैदिक काल के मनीषी ज्वर की आवृत्ति से परिचित थे। ऋषि कहते हैं कि, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़ कर आते हैं, कुछ 2 दिन बाद और कुछ बिना निश्चित समय के ही आते हैं। ऋषि की इच्छा है कि, "ऐसे ज्वर आलसी लोगों के पास चले जाएं।" वैदिक समाज में कर्म प्रधानता है। आलसी की भर्त्सना है। ज्वर और भी कई प्रकार के होते हैं। कहते हैं, "तपाने वाले, हिलाने वाले, भड़काने वाले, ठण्ड के साथ आने वाले और दुर्बल करने वाले ज्वर को हमारा नमस्कार है।" यहां नमस्कार ज्वर को दूर भगाने के लिए किया गया है। ज्वर अकेला नहीं होता। इसका अपना परिवार है। अथर्ववेद में कहते हैं, "ज्वर अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी उसकी बहन है। वह बहन के साथ आता है। यक्षमा इसका भतीजा है।" बीमारियों की व्याख्या रिश्तों में करना मजेदार है।

एक प्रतिष्ठित वनस्पति है गुग्गल। आधुनिक आयुर्विज्ञान इसे रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने वाली औषधि मानते हैं। बताते हैं कि गुग्गल के प्रयोगकर्ताओं के पास कोई रोग नहीं आते। एक मंत्र में पील व जटामांसी को महत्वपूर्ण औषधि बताया गया है। औषधियां प्राणरक्षक हैं। प्राण से ही औषधियां लहराती हैं। मेघों का वर्षा करना प्राण का चमत्कार है। एक सुन्दर सूक्त में कहते हैं कि प्राण औषधियों के समक्ष गर्जन करते हैं। औषधियां शक्तिशाली होती हैं। प्राण औषधियों पर जल वर्षा करता है। औषधियां प्रसन्न होती हैं। प्राण ही रोग व मृत्यु के कारण हैं। कहते हैं कि, "तब अथर्वा द्वारा रोपित अंगिरा वंशजों व मनुष्यों द्वारा निर्मित औषधियां प्रकट होती हैं।" एक वनस्पति पीपली है। अथर्वा के रचे सूक्त में पीपली स्वयं ही बोलती है, "जिस प्राणी द्वारा हमारा सेवन किया जाएगा वह कभी नष्ट नहीं होगा।" वनस्पतियों के अपने आकर्षक रंग रूप हैं। तमाम वनस्पतियां रोगोपचार के लिए औषधियां भी हैं। वनस्पतियां औषधियां वैदिक काल के पहले से ही प्रणम्य हैं। अथर्ववेद के एक सुन्दर सूक्त (1.34) में ऋषि कवि अथर्वा एक लता देखते हैं। अथर्वा कहते हैं, "मधुक मधुरता के साथ पैदा हुई है। हम इसे मधुरता के साथ खोदते हैं-मधुजाता मधूनां त्वां खनामसि।" कहते हैं, "हे लता आप मधुर हैं। हमें भी मधुर बनाएं।" आगे कहते हैं, "हमारी जिव्हा का अग्रभाग मधुर हो। मूल भाग मधुर हो। हमारा घर से बाहर जाना मधुर हो। दूर जाना मधुर हो। वाणी मधुर हो। हम मधुरता से भी ज्यादा मधुर हो जाएं-मधुरस्मि माधुतरो मदुधान्मधुत्तमत्तरः।" वैदिक ऋषि कवि अस्तित्व को नमस्कार करते हैं। यजुर्वेद (36.17) के शान्ति मंत्र में कहते हैं, "अंतरिक्ष शांत हों। पृथ्वी शांत हों। जल शांत हों।" फिर कहते हैं, "औषधियां शांत हों। वनस्पतियां शांत हों। सभी शक्तियां शांत हों। शान्ति भी हमें शान्ति दें।"

# आधुनिक युग का सबसे बड़ा मिथक

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने, उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

प्रायः ही यह समझ लिया जाता है कि मिथक अतीत जीवन का तत्व है। यह बात सच तो है,किंतु अधूरी है। असल में मिथक अवचेतन की प्रवृत्ति है, जो आज भी जीवित है। मिथक की शक्ति है-सामूहिक-मन की मान्यता। भावुकता,नैतिक भावना और विश्वास पर आधृत मिथक मनुष्य के मानस पर शासन करते हैं, आज भी कर रहे हैं,जैसे विचारधारा है,वैज्ञानिकता है और तथाकथित सिद्धांत हैं। इनकी वास्तविकता क्या है?

डॉ. हरद्वारी लाल शर्मा ने सवाल किया था- "क्या है यह स्वतंत्रता? क्या इसकी परिभाषा की जा सकी है? क्या यह सच नहीं है कि एक प्रकार के बंधन समाप्त होने पर नए प्रकार के बंधन पैदा हो जाते है?" प्रत्येक देश ने स्वतंत्रता के प्रतीक स्वरूप प्रतिमाएं स्टेचू ऑफ लिबर्टी खड़ी की हैं,जिन्हें हम अभिवादन करने तीर्थ यात्रा के रूप में जाते हैं। अमेरिका में वाशिंगटन में राष्ट्रीय कब्रिस्तान पुराने यूनानी ओलिम्पस का दृश्य उपस्थित करता है। समाधियां और स्मारक बनाए जाते हैं। करोड़ों का धन लगाकर इन पर फूल मालाएं चढ़ाई जाती हैं। हमने पुराना स्वर्ग खो दिया,किंतु नए स्वर्ग की तलाश कर रहे हैं। वे सवाल करते हैं कि "क्या राष्ट्रीयता एक मिथक नहीं है,जो हमारे मन में इतना गहरा समा गया है? वीर बनाने की प्रवृत्ति आज भी जीवित है। जिसे हम चालू मिथक और पुराण,वर्तमान पौराणिक कथाएं और वर्तमान किंवदंतियां कहते हैं।"

भारत माता क्या है? भारत माता किसी नारी विशेष का नाम तो नहीं है। भारत माता मिथकीय अवधारणा ही तो है,लेकिन आजादी के आंदोलन के जमाने में यह क्रांति का उद्घोष था, कोड़े लगाए जाते थे। विकास के सिद्धांत को कौन नकार सकता है? लेकिन यह मिथक नहीं तो क्या है कि बंदर था, उससे आदमी बन गया? उस थ्योरी में एक मिसिंग लिंक भी डाल दिया।

विश्व की सभी संस्कृतियों में अग्नि को प्राप्त करने,उसे स्वर्ग से चुराने, उसे प्रत्येक घर नगर में स्थापित करने, अग्न्याधान आदि से संबद्ध रोचक कथाएं हैं। प्रोमेथियस मिथक, अथवा प्रमंथ की कथा। आदिम मानव ने अरणि-मंथन से आग को प्राप्त किया था,जिस मनुष्य ने आग का आविष्कार किया था, जिस मनुष्य ने कुआं खोदकर जल निकाला था, जिस मनुष्य ने चाक और बर्तन बनाए थे, जिस मनुष्य ने कपास से वस्त्र बुना था,जिस मनुष्य ने पहिया बनाकर जीवन को गति दी थी,जिस मनुष्य ने नदी की धारा मोड़कर नई सभ्यता को जन्म दिया था,जिस मनुष्य ने ग्रह-नक्षत्रों की गति का आकलन किया, जिस मनुष्य ने खेती का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने भाषा का आविष्कार किया था,जिस मनुष्य ने लिपि का विकास किया था,जिस मनुष्य ने ग्रंथ बनाया था, जिस मनुष्य ने आदिकाव्य की रचना की थी,यदि उस मनुष्य की उपलब्धियां न होती तो आज टेक्नोलॉजी के जिस स्तर पर मनुष्य पहुंच सका है,उस पर पहुंच पाता? उसी आदमी द्वारा बनाई गई सीढ़ियों पर चढ़कर आज का आदमी इतरा कर कहता है कि "वह आदमी कम-दिमाग था, पिछड़ा था"। आज का आदमी समझता है कि "वह आदिम मानव की अपेक्षा अधिक समझ, सूझ-बूझ, सृजन-प्रतिभा से संपन्न है।" क्या यह आज का सबसे बड़ा मिथक नहीं है?

# भारतीय शिक्षा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और वर्तमान शिक्षा


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी।

भारतीय शिक्षा का बीजारोपण सुदूर अतीत में आज से लगभग चार हजार साल पहले हुआ था, परंतु उसके समृद्ध स्वरूप के दर्शन वैदिक काल के आरंभ में होते हैं। वैदिक काल मनु से लेकर महाभारत काल तक माना जाता है और वैदिक कालीन शिक्षण व्यवस्था विश्व की सर्वोत्तम शिक्षक व्यवस्था मानी जाती है। इस काल में शिक्षा पर ब्राह्मणों का अधिकार था। अतः कुछ विद्वानों ने उस दौर की शिक्षा को ब्राह्मण कालीन शिक्षा भी कहा है। तब शिक्षा आश्रम व्यवस्था पर आधारित थी।

छात्र आश्रम में गुरु के परिवार का सदस्य बनकर रहता था। शिक्षा निःशुल्क थी, परंतु गुरु सेवा शिष्य का परम कर्तव्य था। प्राचीन भारत के मनीषी इस तथ्य से भलीभांति परिचित थे कि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास, समाज की चतुर्मुखी उन्नति और सभ्यता के बहुमुखी प्रगति की आधारशिला है। वैदिक काल में शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास हेतु अपरिहार्य मानी गई। शिक्षा प्राप्त करने के लिए कोई वर्ग या जाति बंधन नहीं था। स्त्रियों को भी शिक्षा प्राप्त करने की पूरी स्वतंत्रता थी। उस समय का समाज आश्रमों के प्रति सजग था और गुरु की स्वीकृति पर वह आश्रम को सहायता दे सकता था। शिक्षा में स्वाध्याय, संयम, त्याग और स्वतंत्र चिंतन को प्रमुख स्थान प्राप्त था। गुरु-शिष्य संबंध बड़े मधुर और पिता पुत्र के समान थे। गुरु निर्देशन करता था और शिष्य उसका अनुकरण करके ज्ञान भाव व कर्म में साम्य लाता था। उस युग में विद्वानों का मत था कि शिक्षा का प्रकाश व्यक्ति के सब संशयों का उन्मूलन तथा उनकी सब बाधाओं को दूर करता है। दूसरे शब्दों में शिक्षा को जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में पथ प्रदर्शित करने वाला प्रकाश माना जाता था। प्राचीन भारत में जिस शिक्षा प्रणाली को प्रतिपादित किया गया था, वह अनेक सदियों तक चंद परिवर्तनों के साथ चलती रही। यह इस बात का प्रमाण है कि इस शिक्षा प्रणाली में अनेक महत्वपूर्ण तत्व विद्यमान थे। इन तत्वों ने अनेक महान विचारकों तथा सत्य के अन्वेषकों को जन्म दिया, जिनका बौद्धिक योगदान सराहनीय है, लेकिन धीरे-धीरे प्राचीन शिक्षा प्रणाली में दोष भी दिखलाई देने लगे। इस शिक्षा का प्रमुख दोष उसका पूरी तरह से पारलौकिक जगत पर आधारित होना था। बौद्ध काल में शिक्षा वेदों और प्रचलित जाति व्यवस्था के खिलाफ थी। बौद्ध दर्शन के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य मोक्ष प्राप्त करना था। महात्मा बुद्ध निर्वाण प्राप्ति के लिए ज्ञान को सर्वोत्तम साधन मानते थे। बौद्धों ने प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा के लिए अलग-अलग प्रणाली को अपनाया। माध्यमिक शिक्षा के लिए चरण नमक शिक्षण संस्थाएं चलाई, तो उच्च शिक्षा के लिए मठों की स्थापना की। मठों में विभिन्न प्रकार के हस्तशिल्प तथा व्यावसायिक शिक्षा का भी समुचित प्रबंध था। गौरतलब है कि नालंदा और तक्षशिला विश्वविद्यालय उस काल की विश्व प्रसिद्ध शिक्षण संस्थाएं थीं। मौर्य काल में बौद्ध कालीन शिक्षा की बहुत उन्नति हुई। कौटिल्य स्वयं तक्षशिला विश्वविद्यालय में शिक्षक थे। मौर्य काल में शिक्षा में बहुत परिवर्तन देखने को मिले। उस समय शको, कुषाणों, पल्लवों और यवनों ने भारत पर आक्रमण किया। उन्होंने कुछ हद तक भारतीय शिक्षा को प्रभावित भी किया। आठवीं सदी के प्रारंभ में इस्लामी शासक आक्रमणकारी के तौर पर भारत आए। भारत में लगभग साढ़े पांच सौ सालो तक मुसलमानों का शासन रहा। उन्होंने प्रचलित शिक्षा प्रणाली को हटाकर नई शिक्षा प्रणाली की शुरुआत की जिसे मध्यकालीन मुस्लिम शिक्षा प्रणाली कहा जाता है। मुस्लिम शासकों ने धार्मिक शिक्षा देने के लिए मजहब स्थापित किया और उच्च शिक्षा के लिए मदरसे। इनमें इस्लामिक धर्म और संस्कृति की शिक्षा दी जाती थी।

मुस्लिम शासन के पश्चात भारत में यूरोपीय कंपनियों का आगमन प्रारंभ हो गया। भारत में लॉर्ड मैकाले को अंग्रेजी शिक्षा का जन्मदाता माना जाता है। दरअसल अंग्रेजों को कार्यालयों में कार्य करने के लिए भारतीयों की आवश्यकता थी। मैकाले द्वारा भारत में शिक्षा को मात्र बाबू बनाने और शासकीय कार्यों में सहायक प्रकिया के रूप में प्रतिपादित किया गया। अंग्रेजों ने भारतीय भाषाओं को महत्व नहीं दिया। यह अलग बात है कि शासकीय भाषा अंग्रेजी होने तथा विज्ञान की शिक्षा के आकर्षण से भारतीय लोगों में इस शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ने लगी। प्राचीन भारतीय परंपरा की शिक्षा को उतना प्रोत्साहन नहीं मिला जितना पाश्चात्य संस्कृति के विद्यालयों को मिला। हालांकि इसके बावजूद देश के कुछ महापुरुषों ने प्राचीन भारतीय परंपरा के गुरुकुलों, महाविद्यालय और पाठशालाओं को चलाने का सफल प्रयास किया।

आजादी के बाद समय-समय पर देश में शिक्षा के क्षेत्र में काफी बदलाव देखने को मिले। यह माना गया कि शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य बालक के व्यक्तित्व का सर्वाधिक विकास करना है। स्वतंत्रता के पश्चात शिक्षा के गुण-दोष को ध्यान में रखकर बाल उपयोगी शिक्षा की आवश्यकता महसूस की जाने लगी। केंद्र सरकार ने शिक्षा में आमूलचूल परिवर्तन लाने के लिए समय-समय पर कई आयोग और समितियां गठित की। एनसीईआरटी ने समय-समय पर राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा तय कर सरकार को कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए ताकि सभी को समान रूप से शिक्षा उपलब्ध हो सके। अनिवार्य और निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान किया गया।

एनसीईआरटी ने 2005 में शिक्षा को बाल केंद्रित बनाने, रटंतु प्रणाली को समाप्त करने, परीक्षा में सुधार करने तथा जाति, धर्म, जेंडर आदि आधारों पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने की बात कही। देश में 6 से 14 वर्ष तक के हर बच्चे को शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार ने 2009 में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू किया। यानी शिक्षा का अधिकार अब एक मौलिक अधिकार बन चुका है। इस कानून में सभी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और अनिवार्य शिक्षा देने का प्रावधान है, जिससे ज्ञान कौशल और मूल्यों से परिपूर्ण कर उन्हें भारत का प्रबुद्ध नागरिक बनाया जा सके।

# सोशल मीडिया पर दिखने का सुरूर



अंजलि ओझा
शिक्षिका, प्रतापगढ़

सोशल मीडिया पर ज्यादा दिखने और ज्यादा दिखाने का जो सुरूर है,वह भविष्य में खतरनाक साबित होने वाला है। हाल फिलहाल कुछ सुसाइडल केस ऐसे आएं हैं,जिनमें लोगों की ट्रोलिंग के कारण जाने गईं हैं। पहले लोग ब्लॉग्स लिखा करते थे फिर ट्रेंड में आए ऐसे ब्लॉग्स जिसमें लोग चलचित्रों के माध्यम अपनी दैनिक दिनचर्या शेयर करते हैं।

पब्लिक सिटी और कमाई बढ़ाने के लिए लोग अपना बेडरूम तक शेयर करने से नहीं हिचक रहे। एक व्यक्ति से शुरू हुआ ब्लॉगिंग सिस्टम पूरे रिश्तेदारों नातेदारों तक हावी हो चुका है। लोग हगने-मूतने तक को ऑन कैमरा कर रहे हैं। परिवार की हर बात ऑन कैमरा शो की जा रही है,जिन प्रपंचों से बचने के लिए लोगों ने मोबाइल हाथ में लिया, पास-पड़ोस बैठना-उठना बंद किया,फेसबुक यूट्यूब ब्लॉग्स में वही घर के प्रपंच लड़ाई-झगड़े, साजिशें दिखाई जाती हैं। पचास-पचास साल के लोग हीरो-हीरोइन बने घूम रहे हैं,रोमांस कर रहे हैं। पहले कहा जाता था कि व्यक्ति को तीन चीजें धन, भोजन और स्त्री छिपाकर रखनी चाहिए,लेकिन आज लोग इन्हीं तीनों का भरपूर प्रदर्शन कर रहे हैं और धन कमा रहे हैं। पहले जिन चीजों को घर की मान मर्यादा से जोड़कर देखा जाता था। बदलते वक्त के साथ वो सब बेमानी हो चुके हैं। अब लोगों को अपनी बहू-बेटियों की देह दिखाने से भी परहेज नहीं है,न महिलाएं को कोई लाज शर्म रह गई है।

इन सबका निगेटिव असर घर परिवार समाज को तोड़ रहा है,निजता नष्ट कर रहा है,परिवार के लिए तमाम संकट तैयार कर रहा है, भावनाओं की आहत कर रहा है,मर्यादाएं भंग कर रहा है और दिक्कत यह है कि इन्हीं ट्रेंड्स को नए नॉर्म्स के रूप में प्रतिष्ठित किया जा रहा है। मतलब हमारा समाज नंगेपन और भौंडेपन को आसानी से स्वीकार कर रहा है और उसी दिशा में भाग रहा है।

# बड़ी चीज है जिजीविषा


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

संसार में हर चीज़ का अंत है। प्रतिभा अपना उत्कृष्ट देकर एक दिन चुक जाती है,किंतु मन है कि किसी भी सूरत में मानने को तैयार नहीं होता। प्रतिभाशाली से प्रतिभाशाली लेखक एक बिंदु पर आकर खाली हो जाता है। तब वह अपने को दोहराने लगता है या अतिसाधारण, कूड़ा करकट तक लिखने लगता है। दीर्घजीवी रचनाकारों के साथ यह अक्सर होता है। भाग्यशाली हैं वे जो अपना सर्वोत्कृष्ट देकर विदा हो जाते हैं या शिखर पर पहुंचकर शांत हो जाते हैं। महान अमेरिकी लेखिका मार्गरेट मिशेल ने एक ही उपन्यास, 'गॉन विद द विंड' (1936) लिखकर लेखन से विराम ले लिया और उनकी कृति आधुनिक पूंजीवादी अमेरिका के निर्माण की गाथा के रूप में कालातीत क्लासिक बन गई।

एंतोन चेखव अपने लेखन के सर्वाधिक उर्वर दौर में, 44 वर्ष की अल्पायु में, हमसे विदा हो गए। तब तक उनकी सारी विश्वविख्यात कहानियां और नाटक प्रकाशित हो चुके थे। उनका रोमांचक यात्रा संस्मरण 'सखालिन द्वीप की यात्रा' भी। दूधनाथ सिंह की 'लौट आओ धार' सुमित्रानंदन पंत की पहले जैसी उम्दा कविताएं न लिख पाने की छटपटाहट का जीवंत खाका खींचती हैं। एक के बाद एक वक्ता द्वारा उनके चुक जाने को स्पष्टता से इंगित करने के बावजूद वे अपने कवि के अवसान को स्वीकार नहीं कर पाते। दूधनाथ सिंह ने पंत की बेचारगी का जो आत्मीय आख्यान रचा है,दिल को छू जाता है। (मुझे तो सांप्रदायिकता की शल्य चिकित्सा के तानेबाने को उकेरने का दावा करने वाले दूधनाथ सिंह के बहुचर्चित,विशालकाय किंतु प्रायोजित से लगते उपन्यास 'आखिरी कलाम' से बेहतर लगती है इलाहाबादी साहित्यकारों के संस्मरण पर उनकी यह छोटी सी पुस्तक 'लौट आओ धार'।)

सृजनात्मक प्रतिभा के चुक जाने के बावजूद रचनाकार की आत्ममुग्धता जाती नहीं। जिंदगी भर यही करता रहा,कभी ऐसा कुछ बन गया कि प्रतिष्ठित हो गया। अब वैसा नहीं बन पा रहा है तो क्या करे? आराम से घर बैठो भाई। नहीं, यह कैसे हो सकता है! होता क्या है कि वह लिखता चला जाता है। आत्ममुग्धता में अपने अतिसाधारण को भी उच्च कोटि का समझ लेता है। किसी भी सूरत में यह मानने को तैयार नहीं होता कि उसका वक्त गुजर गया-अब वह चुक गया है। जिजीविषा बड़ी चीज़ है भाई!

# अज्ञानरूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय


ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से नि :सृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं।

श्रीकृष्णकालीन महर्षि वेदव्यास से पूर्व कोई भी शास्त्र पुस्तक के रूप में उपलब्ध नहीं था। श्रुतज्ञान की इस परंपरा को तोड़ते हुए उन्होंने चार वेद, ब्रह्मसूत्र, महाभारत, भागवत एवं गीता जैसे ग्रंथों में पूर्वसंचित भौतिक एवं आध्यात्मिक ज्ञानराशि को संकलित कर अंत में स्वयं ही निर्णय दिया "गीता सुगीता कर्तव्या किमन्यैः शास्त्रविस्तरैः। या स्वंय पद्मनाभस्य मुखपद्माद्विनिः सृता"।। (महाभारत भीष्मपर्व 43.1) अर्थात् गीता भली प्रकार मनन करके हृदय में धारण करने योग्य है, जो पद्मनाभ के श्रीमुख से निःसृत वाणी है। फिर अन्य शास्त्रों के संग्रह की क्या आवश्यकता?

मानव सृष्टि के आदि में भगवान श्रीकृष्ण के श्रीमुख से निःसृत अविनाशी योग अर्थात् श्रीमद्भगवद्गीता, जिसकी विस्तृत व्याख्या वेद और उपनिषद हैं। विस्मृति आ जाने पर उसी आदिशास्त्र को भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन के प्रति पुनः प्रकशित किया। गीता का सारांश इस श्लोक से प्रकट होता है "एकं शास्त्रं देवकीपुत्र गीतम्। एको देवो देवकीपुत्र एव"।। (गीता माहात्म्य) अर्थात् एक ही शास्त्र है, जो देवकीपुत्र भगवान ने श्रीमुख से गायन किया, जिसका नाम है-गीता, एक ही प्राप्त करने योग्य देव हैं-देवकीनंदन भगवान श्रीकृष्ण, उस गायन में जो सत्य बताया गया है वो है-आत्मा। सिवाय आत्मा के कुछ भी शाश्वत नहीं है। यद्यपि विश्व में सर्वत्र गीता का समादर है। फिर भी यह किसी मजहब या संप्रदाय का साहित्य नहीं बन सकी, क्योंकि संप्रदाय किसी न किसी रूढ़ि से जकड़े हैं।

पांडवों ने बारह वर्ष का वनवास और एक वर्ष का अज्ञातवास समाप्त होने पर जब प्रतिज्ञा के अनुसार अपना आधा राज्य मांगा, तब दुर्योधन ने आधा राज्य तो क्या सुई की नोक जितनी जमीन भी बिना युद्ध के देनी स्वीकार नहीं की। अतः पांडवों ने माता कुंती की आज्ञा के अनुसार युद्ध करना स्वीकार कर लिया। निश्चित समय के अनुसार कुरुक्षेत्र में युद्ध आरंभ हुआ दस दिन तक संजय युद्ध स्थल में ही रहे। जब पितामह भीष्म बाणों के द्वारा रथ से गिरा दिए गए। तब संजय ने हस्तिनापुर में (जहां धृतराष्ट्र विराजमान थे) आकर धृतराष्ट्र को यह समाचार सुनाया। इस समाचार को सुनकर धृतराष्ट्र को बड़ा दुख हुआ और वे विलाप करने लगे। फिर उन्होंने संजय से युद्ध का सारा वृतांत सुनाने के लिए कहा। भीष्मपर्व के चौबीसवें अध्याय तक संजय ने युद्ध संबंधी बातें धृतराष्ट को सुनाईं। पच्चीसवें अध्याय के आरंभ में धृतराष्ट्र संजय से पूछते हैं कि "हे संजय धर्मक्षेत्र, कुरुक्षेत्र में एकत्र युद्ध की इच्छा वाले मेरे और पांडु के पुत्रों ने क्या किया"? अज्ञान रूपी धृतराष्ट्र और संयमरूपी संजय। अज्ञान मन के अंतराल में रहता है। अज्ञान से आवृत्त मन धृतराष्ट्र जन्मांध हैं, किंतु संयमरूपी संजय के माध्यम से वह देखता है, सुनता है और समझता है कि परमात्मा ही सत्य है। फिर भी जब तक इससे उत्पन्न मोहरूपी दुर्योधन जीवित है, इसकी दृष्टि सदैव कौरवों पर रहती है या यूं कहें कि विकारों पर रहती है। शरीर एक क्षेत्र है। जब हृदय देश में दैवी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर धर्मक्षेत्र बन जाता है और जब इसमें आसुरी संपत्ति का बाहुल्य होता है तो यह शरीर कुरुक्षेत्र बन जाता है। 'कुरु' अर्थातं 'करो'। यह शब्द आदेशात्मक है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि प्रकृति से उत्पन्न तीनों गुणों द्वारा परवश होकर मनुष्य कर्म करता है। वह क्षण मात्र भी कर्म किए बिना नहीं रह सकता। गुण उससे करा लेते हैं। सो जाने पर भी कर्म बंद नहीं होता। वह भी स्वस्थ शरीर की आवश्यक खुराक मात्र है। तीनों गुण मनुष्य को देवता से कीटपर्यंत शरीरों में ही बांधते हैं। जब तक प्रकृति और प्रकृति से उत्पन्न गुण जीवित हैं, तब तक 'कुरु' लगा रहेगा। अतः जन्म-मृत्यु वाला क्षेत्र, विकारों वाला क्षेत्र 'कुरुक्षेत्र' है और परधर्म परमात्मा में प्रवेश दिलाने वाली पुण्यमयी (पांडवों) प्रवृत्तियों का क्षेत्र 'धर्मक्षेत्र' है। पुरातत्वविद् पंजाब में काशी-प्रयाग के मध्य तथा अनेकानेक स्थलों पर कुरुक्षेत्र की शोध में लगे हैं। विश्वयुद्धों से इतिहास भरा पड़ा है, किंतु उनमें जीतने वालों को भी शाश्वत विजय नहीं मिलती। ये तो आपसी बदले हैं। प्रकृति का सर्वथा शमन करके प्रकृति से परे की सत्ता का दिग्दर्शन करना और उसमें प्रवेश पाना ही वास्तविक विजय है। यही एक ऐसी विजय है,जिसके पीछे हार नहीं है। यही मुक्ति है, जिसके पीछे जन्म मृत्यु का बंधन नहीं है। इस प्रकार अज्ञान से आच्छादित प्रत्येक मन संयम के द्वारा जानता है कि क्षेत्र क्षेत्रज्ञ के युद्ध में क्या हुआ? अब जैसा जिसके संयम का उठान है वैसे-वैसे उसे दृष्टि आती जाएगी।

# सामूहिक दायित्व से नीट एंड क्लीन होंगी परीक्षाएं


कमलेश कुमार मित्तल
बरेली

मेडिकल एवं इंजीनियरिंग की पढ़ाई के इच्छुक छात्रों की विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश हेतु,जो परीक्षाएं अयोजित की जाती हैं, उनमें व्याप्त भ्रष्टाचार से ही उत्पन्न होती हैं प्रवेश माफिया की गतिविधियां। इनकी रोकथाम के लिए बिल्कुल धरातल से विचार करना होगा। आज की परिस्थिति के अनुसार प्रवेश परीक्षा में अच्छे अंक (90-100) लाए बिना आपको किसी अच्छे राजकीय संस्थान में प्रवेश मिलना लगभग असंभव है। इसी कारण अभिभावकों का अपने बच्चे पर अनावश्यक दबाव होता है और उनके मन में धारणा बन जाती है कि इंटर की बोर्ड में चाहें जैसे अंक आए, वो 11 वीं-12 वीं की पढ़ाई छोड़कर विभिन्न कोचिंग संस्थानों के जाल में फंस जाते हैं। कुछ तो 9 वीं कक्षा से ही कोचिंग संस्थानों की तरफ मुड़ जाते हैं और यहां से शुरू होता है विद्यार्थियों का भटकाव व संस्थानों का खुला भृष्टाचार।

चूंकि उनका लक्ष्य प्रवेश परीक्षा में कामयाब होना है तो स्कूल की पढ़ाई व वहां के वातावरण को तिलांजली दे देते हैं व सिर्फ नाममात्र के लिए स्कूल में प्रवेश लेते हैं और परीक्षा देने के लिए उपस्थित होते हैं। भारतीय समाज में लोअर मिडिल और मिडिल क्लास की मजबूरी है कि अच्छे अंक प्राप्त किए बिना जीवन में और कोई विकल्प नहीं है। इतने पैसे भी नहीं कि किसी प्राइवेट स्कूल में प्रवेश ले सकें,अतः सिर्फ एक ही विकल्प रह जाता है, राजकीय संस्थान, जिसमें सीटें कम विद्यार्थी कहीं ज्यादा, इसलिए कंपटीशन होना तो स्वभाविक है ही।

कई सालों के प्रयास से भी जब सफलता नहीं मिलती है तो व्यापार ही विकल्प बचता है, परंतु व्यापार में धन एवं अनुभव की कमी उन्हें इसकी इजाजत नहीं देती। अतः निराशा और अवसाद के कारण वो अपना जीवन ही दांव पर लगा देते हैं और अनुचित कार्य (आत्महत्या) कर बैठते हैं। अगर नीट को अपने नीट एंड क्लीन परीक्षा आयोजित करानी है तो पहली और अति महत्वपूर्ण शर्त ये रखनी होगी कि विद्यार्थी को 10 वीं के एवं 12 वीं के बोर्ड की परीक्षा की थ्योरी पेपर्स में मिनिमम 60 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। (प्रैक्टिकल के अंक जोड़े बिना) क्योंकि हम सब जानते है कि प्रैक्टिकल में अंक कैसे दिए जाते हैं। इन प्रयासों से ही कोचिंग संस्थानों पर लगाम लगेगी तथा बच्चों पर अनावश्यक दबाव भी कम होगा। परीक्षा में हर वर्ष 24-25 लाख बच्चें बैठते हैं, वो संख्या भी घटकर आधी रह जाएगी। परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था पर भी दबाव कम होगा। प्रवेश माफियाओं का भी बच्चों से संपर्क सूत्र टूट जाएगा। इस प्रकार नकल विहीन परीक्षा प्रणाली को स्थापित किया जा सकता है।

# 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में मनाई भामाशाह की जयंती

## कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने की

कार्यालय संवाददाता उरई



कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय, विधायक मूलचंद्र निरंजन व अन्य।

● कार्यक्रम में जिलापंचायत अध्यक्ष तथा भाजपा के सभी विधायक रहे मौजूद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती 29 जून को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनायी गई। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, विधायक माधौगढ़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन में वृहद स्तर पर व्यापारी कल्याण दिवस मनाया गया, जिसमे सम्बंधित अधिकारियों ने व्यापार से जुड़े बिंदुओं पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही राज्य कर विभाग में पंजीकृत व्यापारियों के लिए राज्य सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में राज्य सरकार की व्यापारियों के कल्याण हेतु संचालित योजनाओं तथा कार्यो की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने अवलोकन किया, जनपद में 'व्यापारी कल्याण दिवस' की सार्थकता के दृष्टिगत राज्य कर विभाग एमएसएमई नगरीय विकास विभाग ग्राम्य विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग अपने उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओडीओपी के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का कार्य किए जाने की अपील की, जिलाधिकारी ने प्रदर्शनी भी आयोजित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, इस अवसर पर सीडीओ शिवकांत द्विवेदी, सुभाष चन्द्र त्रिपाठी , अन्य अधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।

# बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाएं लोग

कार्यालय संवाददाता उरई (जालौन)

● जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक हुई संपन्न

**अमृत विचार।** महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य व मिशन शक्ति योजना के तहत जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति बाल विवाह की रोकथाम हेतु जनपद स्तरीय टास्क फोर्स तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना की जनपद स्तरीय टास्क फोर्स की त्रैमासिक संयुक्त बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहुत की गई।

बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने निर्देशित किया कि जनपद में बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत होने वाले प्रत्येक बच्चों की काउंसलिंग अनिवार्य रूप से कराई जाए तथा इन बच्चों के पुनर्वासन के लिए बेहतर प्रबंध किया जाए ताकि बच्चे समाज की मुख्य धारा में शामिल हो सकें। गत बैठक की अनुपालन आख्या बताते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने समिति को अवगत कराया कि गत बैठक में जो भी निर्देश प्राप्त हुए थे उसका अनुपालन कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए धनराशि प्राप्त हो गई है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सार्वजनिक जगहों पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित पोस्टर बैनर लगाया जाए तथा बेटियों के जन्म को उत्सव के रूप में मनाए। बाल कल्याण समिति तथा किशोर न्याय बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि इनकी सतत पर्यवेक्षक कर बच्चों के बेहतर पुनर्वास की व्यवस्था सुनिश्चित करें बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनडी शर्मा, जिला कारागार अधीक्षक नीरज देव, जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रवीण सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तिखार अहमद, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रामदत्त प्रजापति, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्र प्रकाश, जिला पंचायत राज अधिकारी राम अयोध्या प्रसाद, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सतीश चन्द्र तथा सदस्य गरिमा पाठक, विनीता बाथम तथा महिला कल्याण विभाग की ओर से संरक्षण अधिकारी जूली खातून जन साहस संस्था के प्रतिनिधि टीआरपी तथा वन स्टाफ केंद्र की केंद्र प्रबंधक अंजना ,प्रवीण तथा महिला थाना से उमा सैनी, पूनम यादव तथा महिला कल्याण विभाग के आदर्श, आलेख, सुरेश रचना, डॉ० ममता स्वर्णकार तथा समस्त कार्मिक उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी व अन्य। अमृत विचार

### स्वास्थ्य शिविर में 47 मरीजों का हुआ उपचार

**कालपी जालौन ।** शासन के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजना के तहत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर गोपाल द्विवेदी की अध्यक्षता में आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर चिकित्सकीय टीम के द्वारा 47 मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार किया गया। रोगों से बचाव के लिए जागरूक किया गया। बजरंग दल के तत्वावधान में सेवा दिवस के अवसर पर काशीराम आवासीय कॉलोनी के परिसर में आयोजित शिविर में मरीजों को जागरूक करते हुए डॉक्टर गोपाल जी द्विवेदी ने कहा कि बरसात के मौसम में सभी लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जरूरत है।उन्होंने बताया कि किसी प्रकार की बीमारी होने पर चिकित्सकों की सलाह पर इलाज करायें। चिकित्सा अधिकारी डॉ गोपाल जी द्विवेदी ने बताया कि शिविर में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सुविधा जनता को उपलब्ध कराई गई है। मेले में मरीजों के मलेरिया , डेंगू, हीमोग्लोबिन, शुगर, बीपी आदि का स्वास्थ्य परीक्षण कर 23 लोगों की जांच की गई। इस मौके पर चीफ फार्मेसिस्ट राकेश बघेल,माया वर्मा शामिल रहे। इस अवसर पर दीपक शर्मा व हर्ष विश्नोई ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल कालपी द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत चिकित्सा शिविर काशीराम कॉलोनी में लगाया गया एवं सभी मरीजों की जांच कर कर उनको दवा फ्री में उपलब्ध कराई जिसमें प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के जिला संयोजक मोनू पंडित विश्व हिंदू परिषद के नगर पलक दीपक शर्मा, बजरंग दल नगर संयोजक हर्ष बिश्नोई, विश्व हिंदू परिषद, के नगर अध्यक्ष मनीष महाराज के नगर मंत्री बब्बन ठाकुर, प्रखर गुप्ता नगर सहसंयोजक बजरंग दल के नगर सुरक्षा प्रमुख निखिल पंडित, श्री छोटू विधायक, नगर विद्यार्थी प्रमुख, आदित्य पंडित वरुण श्रीवास्तव, नगर सुरक्षा प्रमुख गोपाल शर्मा हर्ष पंडित मुकेश जी, नगरवल उपासना प्रमुख सोनू पंडित , ऋषभ गोलू सरदार एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

### नगरीय विकास राज्यमंत्री आज नगर में

**कालपी (जालौन)।** प्रदेश के नगरीय विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु आज जनपद में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। कालपी नगर में पूर्व सभासद अरविंद सिंह राठौर के संयोजकत्व में दुर्गा मंदिर हाईवे चौराहे में भाजपा कार्यकर्ताओं के कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह राठौर ने बताया कि नगरीय विकास राज्यमंत्री एसआर इंटर कॉलेज उरई में मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रतिभा सम्मान समारोह में भाग लेंगे ।

### करंट लगने से वृद्धा की मौत

**उरई।** छत पर कपड़े सूखाने के लिए गई वृद्ध महिला करंट की चपेट में आकर झुलस गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। कुठौंद थाना क्षेत्र के शेखपुर बुजुर्ग निवासी रामकली 65 काफी समय से अपने बिटिया दामाद के साथ थाना क्षेत्र के हदरूख गांव में रह रही थी आज सुबह नहाने के बाद छत पर कपड़े सुखाने के लिये डालने गई थी कपड़े डालते समय महिला छत पर टीन से निकले तार से करंट की चपेट में आ गई। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। गंभीर हालत में महिला को परिजन जालौन सीएससी ले गये जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई (जालौन)।** शहर कोतवाली उरई क्षेत्र के मुहल्ला बघौरा निवासी 28 वर्षीय अनूप यादव अपनी पत्नी प्रीति यादव व चार साल के लड़के के साथ रहता था। उसका नदीगांव ब्लाक का ग्राम अकनीवा गांव है। जहां पर उसकी खेती के साथ मकान भी है। उसके मकान पर परिवार के ही जगत सिंह ने कब्जा कर रखा है। इसको कब्जे के लेकर कई बार झगड़ा भी चुका था। इसके साथ ही परिवार के गांव के लोगों ने पंचायत में भी कहा था कि उसके घर को खाली कर दिया जाए। इसके बाद भी कब्जेधारक घर खाली करने को राजी नहीं हुई। इससे परेशान होकर पीड़ित अनूप यादव ने शनिवार की सुबह घर के आंगन में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

# बिजली गिरने से लाखों के उपकरण जले

कार्यालय संवाददाता उरई

● बिजली गिरने से हाईटेंशन लाइन का तार एलटी लाइन पर गिरा

● 36 घंटे तक बिजली की सप्लाई रही ठप


बिजली गिरने से जले उपकरण ठीक करता विद्युत इंजीनियर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय उरई के झांसी रोड पर स्थित पुराने क्रय विक्रय भवन में संचालित इफको उर्वरक केंद्र में बिजली गिर गई, जिससे केंद्र के लाखों रूपये के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल कर खाक हो गए।

केंद्र प्रभारी जितेंद्र कुमार ने जिला कृषि अधिकारी को लिखे पत्र में केंद्र भवन में बिजली गिर जाने की जानकारी देते हुए बताया कि उपकरण जल जाने से उर्वरक, बीज, की बिक्री ठप हो गई है, इसी तरह से उरई के कालपी रोड स्थित फैक्ट्री एरिया की पुरानी ट्रांसफार्मर फैक्ट्री में बिजली गिर गई, जिससे फैक्ट्री का बिजली कनेक्शन का मीटर कई फीट दूर जा गिरा और बम फटने जैसी तेज गर्जना के साथ 11 हजार के वी लाइन का तार लोकल लाइन में टूट कर गिर गया जिससे आस पास के कई मकानों में 11 हजार का करंट उतरने से कई घरों के फ्रिज, कूलर, ए सी समेत कई अन्य उपकरण फूंक गए, जिससे पूरे 36 घंटे तक बिजली की सप्लाई बंद रही ।

कालपी संवाददाता के अनुसार , कालपी कस्बे में बिजली गिरने से कई मोहल्लों की बिजली गुल हो गई, विद्युत आपूर्ति पटरी पर लाने के लिए कर्मचारी दिन भर जुटे रहे । स्थानीय नगर के अलग-अलग आधा दर्जन स्थानों में बिजली की चपेट में आने व तकनीकी गड़बड़ी के कारण विद्युत आपूर्ति कई घंटे तक ठप रही। जिस कारण उमस भरी गर्मी के कारण लोग दिनभर गर्मी से बिलबिला उठे। सभी स्थानों पर अलग-अलग टीमों के द्वारा विद्युत गड़बड़ियों को ठीक करने के बाद सप्लाई पटरी पर लौट सकी।

# बारिश के चलते कॉलेज की मिट्टी सड़क पर आई

संवाददाता कालपी(जालौन)


रास्ते में पड़ी मिट्टी से निकलते राहगीर।

**अमृत विचार।** नगर के एक इंटर कॉलेज के क्रीड़ा ग्राउंड की मिट्टी बारिश के चलते बहकर सड़क पर पहुंच गई, जिससे सड़क दलदल के रूप में परिवर्तित हो गई। इस कारण स्टेशन रोड पर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। दलदल युक्त सड़क हो जाने से राहगीरों तथा मोहल्लेवासियों को तमाम समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

एमएसवी इंटर कॉलेज कालपी में क्रीड़ा ग्राउंड की चाहरदीवारी पिछली बारिश में टूटकर गिर गई थी। विद्यालय प्रबंधक के द्वारा टूटी दीवार के हिस्से को पिलर तथा बीम देकर बनवा दिया गया था। सुबह हुई बारिश से दीवार के नीचे से मिट्टी बहकर स्टेशन रोड हिंदी भवन रोड में एकत्रित हो गई, जिससे रोड दलदल के रूप में परिवर्तित हो गई। इस कारण मोहल्लेवासियों राजेश द्विवेदी, कमल, नरेंद्र यादव, प्रदीप तिवारी, बृजेश द्विवेदी,जावेद आदि ने बताया कि सड़क में दलदल भरी गीली मिट्टी एकत्रित हो जाने से वाहन तो दूर पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस वजह से कई मुहल्ले के नागरिक प्रभावित हो रहे हैं।

# मेधावी छात्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**जालौन।** मेधावी छात्र को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित, इंटरमीडिएट की परीक्षा में महाराणा प्रताप साइंस एकेडमी के छात्र अर्चित सेंगर ने यूपी बोर्ड में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है। उरई विकास भवन में आयोजित मेधावी छात्र सम्मान समारोह में डीएम ने छात्र को एक लाख रुपये की चेक, टैबलेट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक क्षेत्र के एक छोटे से गांव कुठौंदा बुजुर्ग निवासी अर्चित सेंगर ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट की परीक्षा में 96.4 फीसदी अंकर लाकर प्रदेश में 8वां स्थान प्राप्त किया है। अर्चित सेंगर को जिलाधिकारी राजेश पांडेय, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी की उपस्थिति में एक लाख रुपये की चेक, टैबलेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# दुधमुंही के साथ महिला ट्रेन के आगे कूदी, मौत

कार्यालय संवाददाता उरई

● पति ने कहा कि महिला मानसिक रूप से अस्वस्थ थी

**अमृत विचार।** दुधमुंही बच्ची को साथ लेकर एक महिला ने ट्रेन आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतका व बच्ची के शव का पंचनामा भरकर जांच पड़ताल करने में जुटी हुई है।

एट थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिंडारी कानपुर-झांसी रेलवे लाइन पर एक महिला ने अपनी दुधमुंही बच्ची को लेकर ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही एट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। जानकारी करने पर पता चला कि महिला का नाम अंजना राजपूत था वह पिंडारी गांव की रहने वाली थी।

वहीं क्षेत्राधिकारी कोंच उमेश कुमार ने बताया कि थाना एट के अंतर्गत कानपुर झांसी रेलवे ट्रैक पर आज एक महिला और एक साल की बच्ची का शव कटा हुआ मिला था। शुरुआत में महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। बाद में महिला की पहचान अंजना राजपूत पत्नी केशव राजपूत निवासी पिंडारी के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पता चला है कि महिला ने गृह क्लेश के चलते आत्महत्या की है। वहीं मृतका के पति केशव का कहना है, की उसकी पत्नी मानसिक रूप से अस्वस्थ थी, इसी के चलते उसने आत्महत्या कर ली।

# हत्या की धारा अब 302 नहीं बल्कि 103 होगी

संवाददाता कालपी जालौन


नये कानूनों के बारे में जानकारी देते एसडीएम कालपी सुशील कुमार सिंह व अन्य ।

● 1 जुलाई से लागू होने जा रहे हैं नये कानून

● एसडीएम सुशील कुमार ने लोगों को दी जानकारी

**अमृत विचार।** शनिवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में पुलिस तथा राजस्व विभाग के अधिकारियों की मीटिंग सम्पन्न हुई। इस मौके पर अभियोजन अधिकारी ने आगामी 1 जुलाई से लागू होने जा रहे हैं नए भारतीय आपराधिक कानूनों को लेकर सभी को जानकारियां दी गई।

तहसील के सभागार में आयोजित बैठक में अभियोजन अधिकारी प्रशांत मिश्रा ने बताया कि धारा 302 हत्या के लिए पुरानी भारतीय दंड संहिता में प्रयुक्त होती थी । इसके स्थान पर नई धारा 103 भारतीय न्याय संहिता हो गई है। इसी प्रकार धारा 304 के स्थान पर धारा 105 तथा धारा 304 ए के स्थान पर 106, धारा 304 बी के स्थान पर दहेज हत्या के लिए नई संहिता में धारा 80 में प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही धारा 376 के स्थान पर नई संहिता में बलात्कार का दंड के लिए धारा 64 एवं चोरी के लिए धारा 379 के स्थान पर धारा 303 एवं चेन स्नेचिंग के लिए नई संहिता में धारा 304 में दंड संबंधित प्रावधान किया गए हैं ।

इन सभी धाराओं का सभी लोगों को अच्छा ज्ञान होना चाहिये।

बैठक में सीओ डॉ देवेंद्र कुमार पचौरी , अभिनव कुमार तिवारी, हरदीप सिंह नीलमणि सिंह, आदि ने नये कानूनों तथा विधिक मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में पुलिस, राजस्व विभागी के अधिकारी तथा कर्मचारी मौजूद रहे।

### शत प्रतिशत करायें नोटिसों की तामीली

**उरई।** राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए न्यायायिक अधिकारियों की पुलिस और संबंधित विभागों की एक बैठक सम्पन्न हुई। अपर जिला जज ने 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए पुलिस क्षेत्राधिकारियों की बैठक ली। इस मौके पर सचिव राजीव सरन द्वारा सीओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी थानों के प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों को इस आशय का निर्देश निर्गत करें कि वे विभिन्न न्यायालयों से निर्गत सम्मान, नोटिसों का तामीली शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। इस सम्बंध में ढिलाई न बरती जाये। बैठक में प्रमुख रूप से सीओ सदर गिरजाशंकर पांडेय, सीओ कोंच उमेश कुमार पांडेय, सीओ जालौन रामसिंह यादव, सीओ कालपी डॉ. देवेंद्र कुमार मौजूद रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मुझे ओमप्रकाश गुप्ता व घनश्याम गुप्ता दोनों ही नामों से जाना जाता है। ये दोनों ही नाम मेरे हैं। **ओमप्रकाश गुप्ता पुत्र शिवनाथ गुप्ता निवासी – रमईपुर कलां, पोस्ट – सरेनी ,तहसील–लालगंज, जनपद –रायबरेली**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **इशरत उल्ला पुत्र स्व0 रहमतउल्ला, निवासी– म0नं0– 281 मीरपुर कैण्ट कानपुर नगर,** मेरा पुत्र अरबाजउल्ला व उनकी पत्नी रिजवाना जो कि आये दिन मुझसे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौज व परेशान करते है। मेरे द्वारा मना करने पर परिवार के लोगों को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते है जिसके चलते मैने अपने पुत्र अरबाजउल्ला व उसकी पत्नी रिजवाना के कृत्यों व अमर्यादित व्यवहार के चलते हर प्रकार के सम्बंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य के जिम्मेदार उपरोक्त लोग स्वयं होगे, मै व अन्य परिवार किसी भी तरह से जिम्मेदार न होगे।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम ABDUL ALI FAROOQUI था अब मैंने बदलकर अपना नाम ABDUL ALI FAROOQI रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O: ABDUL HALIM FAROOQUI R/O- 233/17, KOREY WALI GALI PATA NALA CHOWK, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **सुधा देवी पत्नी कमलेश कुमार बाजपेई, निवासी– वाइटगंज, जिला हरदोई,** मेरे बैंक खाता में मेरा नाम ओम बेटी (Ombeti) अंकित है तथा मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुधा देवी (Sudha Devi) अंकित है। उपरोक्त दोनों ही नामों से मुझे जाना व पहचाना जाता है, तथा दोनों ही नाम मेरे ही हैं। अत: मेरा नाम ओम बेटी (Ombeti) के स्थान पर आधार कार्ड के अनुसार सुधा देवी (Sudha Devi) अंकित किया जाये।



भारत विकास परिषद संस्कार सेवा संपर्क परियोजना के साथ समाज की सेवा करती है : मुकेश जैन

# भारत विकास परिषद ने दो वाटर कूलर का किया लोकार्पण

संवाददाता जालौन उरई


लोगों को संबोधित करते भारत विकास परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन ।


वाटर कूलर का लोकार्पण करते आयोजक।

● 10 जुलाई को 12वें वाटर कूलर का होगा लोकार्पण

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा जालौन के प्रयास से कस्बे में अभी तक कई वाटर कूलर लगवाए जा चुके हैं, जिससे राहगीरों और कस्बा वासियों को भीषण गर्मी में पीने का ठंडा पानी उपलब्ध हो रहा है।

आज कम्पोजिट प्राथमिक विद्यालय तोपखाना जालौन में कल्पना बाजपेई ने अपने पिता स्व महेश चंद्र बाजपेई एवं माता स्व विद्यादेवी बाजपेई की स्मृति में एक वाटर कूलर स्थापित कराया जिसकी संख्या 10वीं है,जिसका लोकार्पण मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी चंद्रप्रकाश एवं मुकेश जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा किया गया। इसी क्रम में जालौन बालिका इंटर कालेज में सुधा अग्रवाल व डॉ वेद प्रकाश शर्मा द्वारा स्थापित 11वें वाटर कूलर का लोकार्पण मुख्य अतिथि अमिता जैन राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य एवं मुकेश जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष के कर कमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का श्रीगणेश मुख्य अतिथि अमिता जैन व मुकेश जैन ने भारत माता व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। तदुपरांत सभी ने राष्ट्रगीत वन्देमातरम का गायन किया। मंचासीन मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष मुकेश जैन राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य अमिता जैन मुख्य क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव अजय इटौरिया प्रांतीय अध्यक्ष सी पी गुप्ता प्रांतीय सचिव विनोद सरावगी प्रान्तीय वित्त सचिव राजेश गुप्ता पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल शाखा अध्यक्ष डॉ वेद प्रकाश शर्मा व महिला संयोजिका निशा महेश्वरी का माल्यार्पण पट्टिका व बैज अलंकरण भाविप के सदस्यों द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मुकेश जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत विकास परिषद 27 जून से 10 जुलाई तक सेवा सप्ताह मना रहा है। राष्ट्रीय प्रोजेक्ट सदस्य अमिता जैन ने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में कार्य करने की आवयश्कता है। अंत मे शाखा अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा ने उपस्थित सभी लोगो का आभार व्यक्त किया और कहा कि भाविप मुख्य शाखा ने आज 10वें व 11 वें वाटर कूलर का लोकार्पण किया। और स्थापना दिवस 10 जुलाई को 12वें वाटर कूलर का लोकार्पण करने जा रही है। समारोह में डॉ सुरेश साहनी जितेंद्र सिंह गुर्जर जगनेवा मुकेश साहनी राजीव माहेश्वरी सचिव डॉ ब्रजेन्द्र दुबे कोषाध्यक्ष सुशील कुमार बाजपेई मीडिया प्रभारी त्रिलोकी नाथ गुप्ता मधु सिंगल सुरेश हुंका अनुराग बहरे श्याम किशोर गुप्ता गिरीश गुप्ता इंद्रजीत सिंह गुर्जर निक्कू अनिल मित्तल राजेन्द्र अग्रवाल के सी पाटकार बालजी गुर्जर गिरीशनन्दन द्विवेदी गौरव गुप्ता राहुल अग्रवाल राजेश गुप्ता दिनेश यादव शैलेन्द्र चंसौलिया रामसिया अरविंद बाजपेयी आभा शर्मा डॉ रंजना दुबे नैना साहनी आदि रहीं।

# बिखरे परिवार को फिर से एक कराया

**उरई।** 6 माह से अपने पति से नाराज होकर मायके रह रही महिला को समझाबुझा कर महिला चौकी प्रभारी मधु सिंह ने दोनों की सहमति से समझौता करा कर एक साथ रहने को राजी करा लिया।

जालौन चौकी महिला प्रभारी मधु सिंह ने गुरुवार को एक ऐसे परिवार को बिखरने से बचाया जो 6 माह से अपने पति से नाराज होकर अपने मायके में रह रही थी नगर की एक मोहल्ले की एक महिला प्रवीण (काल्पनिक ) पत्नी यासीन अपने पति की शिकायत करने कोतवाली में आई थी ।

महिला चौकी प्रभारी मधु सिंह ने उक्त महिला की शिकायत पर उसके पति को तत्काल कोतवाली बुलाया तथा दोनों को बैठाकर बातचीत की। अंत में दोनों ने आपसी सहमति जताते हुए एक साथ रहने पर सहमति जताई।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम और जन्मतिथि व मेरी माता अमीना बानो जन्मतिथि 1/2/1957 के बजाय अमीना बानो जन्मतिथि 8/7/1962 उपरोक्त संशोधत सभी दस्तावजों में मान्य होगी। **–अमानउल्ला, निवासी– ग्राम–मझना,पो0आ0 अलीगंज बाजार तहसील सदर– जिला–सुल्तानपुर 227805, शपथपत्र नं0– 94AE-936233**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं कि मैं **त्रिभुवन प्रसाद दूबे पुत्र त्रिवेनी प्रसाद दूबे, निवासी– ग्राम भैरोंपुर, औरंगनगर,परगना व तहसील–अकबरपुर, जिला–अम्बेडकरनगर** मेरी पालिसी बाण्ड सं0 2146 25 491 में मेरे पुत्र का नाम अच्युत दूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दुबे अंकित है। जबकि उसके आधार कार्ड, बैंक पासबुक व हाईस्कूल की मार्कशीट में अमन दूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दूबे अंकित है जो सत्य एवं सही है। यहकि मेरे पुत्र का पुकारू नाम अच्युतं दुबे था और सही नाम अमन टूबे पुत्र त्रिभुवन प्रसाद दूबे है जो सत्य एवं सही है

**सूचना**
सूचित करना है के मेरे पति रामकृष्ण दूबे के नाम एलआईसी में 217954090 पालिसी संख्या है। मेरे पति राम कृष्ण दूबे की मृत्यु 28–05–22 को हो गई। बीमा पालिसी में नामिनी के तौर पर मेरा नाम राजकुमारी देवी दर्ज है जबकि आधारकार्ड, बैंक खाते में गीता देवी अंकित है। राज कुमारी देवी व गीता देवी दोनों नाम मेरे है। **–राज कुमारी देवी उर्फ गीता देवी पत्नी स्व राम कृष्ण दूबे निवासिनी चांदपुर तहसील तरबगंज जिला गोंडा।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अफ्फान तनवीर अंसारी पुत्र तनवीर रफीक अंसारी, निवासी– 166, सिटी स्टेशन रोड, कजियारा पुराना सीतापुर, तह0 व जिला सीतापुर,** मेरा नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर त्रुटिवश अफ्फान रफीक अंसारी एवं जन्मतिथि 22.09.2004 हो गई थी जो कि गलत है जबकि मेरा सही नाम अफ्फान तनवीर अंसारी एवं जन्मतिथि 22.09.2005 है जो कि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड पर दर्ज है। जिसमें भविष्य में कोई भी परिवर्तन नहीं किया जायेगा। मुझे अफ्फान तनवीर अंसारी के नाम से जान व पहचाना जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **अजय कुमार पुत्र राम औतार, नि0–ग्राम पूरे रानी मजरे अतरेहटा तहसील व थाना–महराजगंज, रायबरेली** मेरी पुत्री गीतांजली का नाम डाकघर के किसान विकास पत्र व सुकन्या खाते में अंजली पुत्री अजय कुमार तथा जन्मतिथि 05.09.2005 अंकित हो गया है जोकि गलत है जबकि उसका सही नाम गीतांजली पुत्र अजय कुमार तथा जन्मतिथि 01.01.2007 व आधार कार्ड जिसका नं0 601253846887 है। यहकि अंजली व गीतांजली पुत्री अजय कुमार दोनों एक ही है तथा सत्य व सही है।

**सूचना**
मेरी मुवक्किल **दीपशिखा गौतम प्लॉट संख्या 7 आराजी 1941** के दस्तावेज जो कि राजकुमार द्वारा अनिता देवी के पक्ष में 01/10/2018 को की गई रजिस्ट्री का है जिसका बुक संख्या 1 वॉल संख्या 20639 के पृष्ठ 355 से 380 तक है और क्रम संख्या 13941 है गुम हो हुए है मिलने पर एड0 दिनेश सिंह मोबाइल न 6387202121 को दे। किसी अन्य के द्वारा इसका उपयोग गैरकानूनी होगा।

# मां-बेटे की ईंट से कूंचकर हत्या, सनसनी फैली

## बकेवर थाना क्षेत्र के रूसी गांव में हुई घटना, पड़ोसियों ने देखा तो मचा हल्ला, घटनास्थल पर पुलिस अधीक्षक भी पहुंचे

संवाददाता, बकेवर-फतेहपुर



घटनास्थल पर जायजा लेते पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह। अमृत विचार



घर के अंदर जांच करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** घर पर सो रहे मां-बेटे की शुक्रवार रात ईंट से कूंच कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। सुबह घर से किसी के न निकलने से पड़ोसियों ने अंदर जाकर देखा तो वहां का दृश्य देख सब स्तब्ध रह गए। मां-बेटे के रक्तरंजित शव पड़े थे। घटना की खबर फैलते ही ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

बकेवर थाना क्षेत्र के रूसी गांव निवासी सत्यम अवस्थी पुत्र स्व. रामसहाय घर पर अपनी मां माया के साथ रहता था। वह ई-रिक्शा चलाकर घर का खर्च उठाता था। बताया जा रहा है कि उसका छोटा भाई कानपुर में रहकर ट्रक में खलासी का काम करता है। शनिवार सुबह मां-बेटे देर तक घर से नहीं निकले तो पड़ोसियों ने घर जाकर देखा तो अन्दर का दृश्य देख दंग रह गए। घर पर मां-बेटे के रक्तरंजिश शव पड़े थे। वहीं खून से सनी एक ईंट भी पड़ी थी। घटना की जानकारी से ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने दोनों शव कब्जे में ले लिए। वहीं जानकारी पर एसपी उदय शंकर सिंह और सीओ बिन्दकी मौके पर पहुंचे और मामले का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि शनिवार दोपहर में सूचना मिली कि रूसी गांव में मां-बेटे की हत्या कर दी गई। कमरे की हालत देखकर ऐसा लग रहा था कि जान बचाने के लिए दोनों ने काफी संघर्ष किया था। जल्द ही हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा। मां-बेटे की हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है।

### शव के पास मिली खून से सनी ईंट

**बकेवर।** शनिवार सुबह माया देवी और सत्यम का खून से लथपथ शव पड़ा था। मौके पर भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई। थाना पुलिस मौके पर पहुंची। डबल मर्डर की सूचना पर कुछ देर में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह भी आ गए। साथ ही फोरेंसिक टीम भी आ गई। घटना स्थल का जायजा लिया। मौके से सबूत इकट्ठा किए। दोनों का सिर कुचा हुआ था। पास में ही खून से सनी ईंट पड़ी थी। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि कमरे की हालत देखकर ऐसा लग रहा था कि जान बचाने के लिए दोनों ने काफी संघर्ष किया था। जल्द ही हत्या का खुलासा कर दिया जाएगा। कई स्थानों पर खून के छींटे भी मिले हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार रात करीब नौ बजे बाइक में सवार होकर दो लोग पहुंचे थे। इसके बाद वह कब यहां से गए, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। हालांकि ग्रामीणों ने बताया कि पड़ोस के दो लोगों से किसी बात को लेकर कुछ दिन पहले सत्यम का विवाद हुआ था। वहीं कुछ लोग घटना के पीछे रंजिश मान रहे हैं।

# बीज भंडार का ताला तोड़ चोरों ने पार की नकदी

संवाददाता खागा



चोरी की सूचना पर दुकान के बाहर जमा भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र के चचीड़ा माइनर के पास धर्मेन्द्र मौर्य बीज भण्डार में शुक्रवार की रात चोरों ने दुकान के सटर का ताला तोड़कर गुल्लक में रखी नकदी पार कर दी। सुबह घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खागा तहसील क्षेत्र के खखरेरू थाना क्षेत्र में नगर पंचायत स्थित अहिल्याबाई होल्कर नगर वार्ड नम्बर आठ निवासी राहुल मौर्य पुत्र रोशन लाल मौर्य ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि खखरेरू नगर पंचायत के चचीड़ा माइनर के पास उसकी धर्मेंद्र बीज भण्डार के नाम से दुकान है। शुक्रवार की शाम वह रोज की तरह दुकान बन्द कर घर चला गया। जिसमें गुल्लक में करीब 56 हजार रुपये की नगदी रखी थी। सुबह जब पड़ोसी दुकानदार पहुंचे तो देखा तो उसके शटर का ताला टूटा था। ताला टुटा देख कर उसे फोन किया तो वह दुकान पहुंचा। अंदर जाकर देखा गुल्लक में रखा सारा रुपया चोरी हो चुका था। बताया कि बगल में कमेंट इंडिया ई-वार्ड की दुकान है जिसमें बाहर कैमरा लगा था। चोरों ने बगल वाली दुकान का भी शटर का ताला तोड़कर डीवीवर पहचान छिपाने के उद्देश्य से उठा ले गए। मामले में थाना प्रभारी प्रमोद कुमार राव ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पूर्व प्रधान के बेटे को भाजपा नेत्री के भतीजे ने मारी गोली

संवाददाता, औंग



घटना की जानकारी देते घायल के परिजन। अमृत विचार

- तीन राउंड फायर कर हमलावर भागे, गोली सीने में लगी

**अमृत विचार।** चौडगरा कस्बे में जमीनी विवाद की रंजिश में पूर्व प्रधान के पुत्र पर भाजपा नेत्री के भतीजे ने शनिवार दोपहर में रिवाल्वर से कई राउंड फायर किए। सीने में गोली लगने से युवक की हालत नाजुक है। घायल ने संघर्ष के दौरान रिवाल्वर भी आरोपी का छीन लिया। घायल को कानपुर रेफर किया है। गांव में तनाव का माहौल देखकर कई थानों का फोर्स तैनात है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के हरसिंहपुर चौडगरा ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान लवकुश सिंह का पुत्र उदय प्रताप सिंह गौतम निर्माण कार्य की ठेकेदारी करता है। पूर्व प्रधान के पड़ोस में बीजेपी नेत्री गायत्री सिंह की गांव में ही ब्याही बहन पूनम सिंह पत्नी कल्लू सिंह का घर है। इनका पुत्र अनुराग सिंह है। पूर्व प्रधान की पत्नी सुलोचना ने बताया कि बड़ा बेटा उदय प्रताप दरवाजे पर दोपहर को बैठा था। वहीं, पीछे निर्माणाधीन मकान में छोटे बेटे अभय, मुरारी काम देखने गए थे। पति काम से शहर गए थे। अचानक पड़ोसी कल्लू का पुत्र अनुराग सिंह सेंगर रिवाल्वर दरवाजे पर पहुंचा। बेटे पर कई राउंड फायर किया। बेटे ने अनुराग का रिवाल्वर छीन लिया। घर से कुछ दूर खड़ी काली कार से अनुराग साथियों संग भाग निकला। कार में तीन अन्य लोग सवार थे। पूर्व प्रधान पक्ष से भीड़ इकट्ठा हो गई। भीड़ अनुराग के परिजनों पर हमलावर हो गई। आरोपी के परिजनों ने खुद को घर में कैद कर लिया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने अनुराग के परिजनों को सुरक्षित निकाला और थाने ले गई। पुलिस की जीप घेरकर आरोपी के परिजनों पर महिलाओं ने हमले का प्रयास किया। हमले के पीछे सहन की जमीन का विवाद बताया जा रहा है। पूर्व प्रधान के भाई अर्जुन सिंह के दरवाजे पर निर्माण सामाग्री इकट्ठा है।

पूर्व प्रधान, अर्जुन व आरोपी के घरों की दीवारें जुड़ी हैं। निर्माण को लेकर पक्षों के बीच कई दिनों से गहमागहमी का माहौल था। बिंदकी सीएचसी के डाक्टर धर्मेंद्र पटेल ने सीने में एक घाव बताया है। हालत नाजुक देखकर लवकुश को रेफर किया है। मौके पर कई थानों का फोर्स पहुंचा है। मामले में प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि गोली मारने की घटना हुई है। विवाद की जांच की जा रही है। रिवाल्वर पीड़ित पक्ष के पास है। तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### महीने भर पहले हमलावर गया था जेल

शहर के गौतमनगर इलाके में लेनदेने के विवाद पर पिस्टल लहराकर फायरिंग के मामले में बीजेपी नेत्री गायत्री सिंह के पुत्र लखन सिंह समेत तीन को पुलिस ने जेल भेजा था। मामले में पिस्टल समेत एक आरोपी फरार चल रहा है। कोतवाली पुलिस एसपी के सख्त आदेश के बाद भी उसकी तलाश में नाकाम है। गांव में क्षत्रिय बिरादरी के गौतम परिवारों का बाहुल्य है। आरोपी अनुराग सेंगर का परिवार मूल रूप से जालौन जिला के लिढ़उपुर गांव निवासी है। अनुराग के बाबा की हरसिंहपुर में ससुराल थी। यहीं संपत्ति मिलने पर बस गए थे। इसके बाद अनुराग के पिता कल्लू सेंगर की भी गौतम परिवार में शादी हो गई। कल्लू के दो बेटे अनुराग व छोटा बेटा आदित्य सिंह सेंगर है। गांव में गौतम परिवारों का वर्चस्व है।

# मानसिक रोगियों के परामर्श के लिए डिजिटल पहल

संवाददाता फतेहपुर

- टेलीफोन से दिया जाएगा परामर्श, टोल फ्री नंबर जारी

**अमृत विचार।** टेलीफोन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य परामर्श के लिए एक डिजिटल पहल शुरू की गई है, लेकिन लोगों को इसके बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। सीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कॉलेजों और स्कूलों के माध्यम से विभिन्न एफएलडब्ल्यू के माध्यम से स्थानीय प्रभावशाली लोगों और विभिन्न जन मीडिया और सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से इस सुविधा के बारे में जागरूकता फैलाएं जाने के लिए काम किया जा रहा है।

बता दें कि मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने वालों के लिए निरंतर देखभाल और सहायता करने के क्रम में यह प्लेटफॉर्म फॉलो-अप के लिए कॉल-बैक भी करता है। मौजूदा मानसिक स्वास्थ्य संसाधनों को जोड़कर और एक व्यापक डिजिटल नेटवर्क स्थापित करके टेली-मानस देश की मानसिक स्वास्थ्य आवश्यकताओं के समाधान के लिए एक आवश्यक प्लेटफॉर्म बन गया है। मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने तथा विशेष रूप से कमज़ोर आबादी को लक्षित करते हुए मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए सरकार की प्रतिबद्धता और देश भर में सभी व्यक्तियों और परिवारों के लिए सहायता करना, भारत के वर्तमान में जारी प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

ई संजीवनी जैसी पहलों के साथ एकीकरण, प्लेटफॉर्म की पहुंच और प्रभावशीलता को और बढ़ाएगा। जागरूकता और सुलभता को बढ़ावा देना जारी रखते हुए टेली मानस मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों जिनका देश सामना कर रहा है का समाधान करने में और अधिक योगदान दे सकता है। टोल-फ्री नम्बर 18008914416 है। जिस पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## सार-संक्षेप

### आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को सात साल कैद

**फतेहपुर।** महिला की आत्महत्या में जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अदालत ने पति को दोषी करार देकर सात साल की कैद और 13 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। घटना दो अप्रैल 2020 को हुई थी। कौशांबी जिला महेवाघाट थानाक्षेत्र के सरसवां निवासी ऊषा देवी की शादी घटना से 15 साल पूर्व धाता थाने के सोनारी निवासी संतलाल के साथ हुई थी। पति की प्रताड़ना से तंग होकर ऊषा ने दो अप्रैल 2020 को फंदे से लटक खुदकुशी की थी। ऊषा की मां फूलकली ने दामाद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। फूलकली ने आरोप लगाया था कि पुत्री को शादी के बाद तीन बच्चे हुए। इसके बाद भी दामाद मायके से रुपये लाने के लिए प्रताड़ित करता था। दामाद शराब का लती है। वह नशे में पुत्री को पीटकर प्रताड़ित करता था। सहायक शासकीय अधिवक्ता शिव किशोर वर्मा ने बताया कि कोर्ट ने मामले की अंतिम सुनवाई की। आत्महत्या को प्रेरित करने व दहेज अधिनियम के तहत आरोपी संतलाल को दोषी करार देकर सजा सुनाई है। मामले में कुल छह गवाह पेश हुए।

### पुलिस के अफसर व कर्मचारी पढ़ेंगे नई धाराएं

**फतेहपुर।** एक जुलाई को 159 साल बाद पुलिस महकमे से भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विदाई होने वाली है। इसकी जगह भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) लेगी। इसके बाद थानों में सभी मुकदमे भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत दर्ज होंगे। ऐसे में पुलिस अफसरों से लेकर थानों में तैनात मुंशी इन दिनों नई धाराओं को रट रहे हैं। वहीं प्रशिक्षण के जरिये भी पुलिसकर्मियों को नई न्याय संहिता से वाकिफ कराया जाएगा। आईपीसी अलविदा और बीएनएस वेलकम का माहौल इस समय पुलिस विभाग में देखने को मिल रहा है। बता दें कि छह अक्तूबर 1860 में पारित भारतीय दंड संहिता के तहत देश की कानून-व्यवस्था संचालित हो रही है। 150 साल से थानों में इसका राज होने से कई धाराएं न सिर्फ पुलिसकर्मियों को रट चुकी हैं, बल्कि आम मुहावरों में भी धाराएं इस्तेमाल होने लगीं। आईपीसी में हत्या के आरोप में इस्तेमाल होने वाली 302, धोखाधड़ी में 420, दुष्कर्म में 376 जैसी धाराओं से आम लोग वाकिफ थे, लेकिन अब न सिर्फ यह धाराएं बदल जाएंगी। बल्कि दंड दिलाने की प्रक्रिया में भी बदलाव हो जाएगा।

### ट्रक की टक्कर से मोपेड सवार युवक की मौत



संदीप कुमार।

**खखरेरू।** थाना क्षेत्र के पनिहा बाबा के पास शुक्रवार की रात एक ट्रक मोपेड में पीछे से जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया। जिससे मोपेड में सवार दो लोगों में एक युवक की मौके पर मौत हो गयी और दूसरा साथी घायल हो गया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हादसा करने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। खखरेरू थाना क्षेत्र के दरियामऊ गांव निवासी अशीष कुमार ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े नौ बजे उसका छोटा भाई संदीप कुमार पनिहा बाबा की तरफ से अपनी मोपेड से वापस घर आ रहा था। तभी पीछे से अज्ञात ट्रक ने मोपेड में जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें संदीप के टक्कर लगने से दूर जा गिरा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुलिस ने बताया कि परिजनों की मिली तहरीर को लेकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक की तलाश की जा रही है।

### पोल में करंट से चिपककर भैंस की मौत

**बिन्दकी।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के जलाला गांव निवासी बजरंगी पासवान रोज की तरह अपनी भैस गांव के पास बने सरकारी नहर कोठी में बांधने गया था तभी नहर कोठी के पास लगे बिजली के पोल करंट उतर आने से भैंस उसी में चिपक गई। यह देख पशुपालक ने डंडा मारकर छुड़ाने का प्रयास किया लेकिन जब तक वह भैंस को छुड़ाता उससे पहले भैंस मर चुकी थी।

# प्रेम संबंधों को लेकर युवक की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

- 13 जून को युवक का फंदे से लटका मिला था शव

**अमृत विचार।** पेड़ पर फंदे से 13 जून को लटकते मिले विष्णु प्रसाद की मौत के मामले में परिजनों व ग्रामीणों के शुक्रवार को प्रदर्शन के बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रेम संबंधों के विरोध में हत्या किए जाने का आरोप लगाया गया है।

हुसेनगंज थाने के सकूलपुर गांव से काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। गांव के आनंद पाल ने बताया कि पुत्र विष्णु प्रसाद की हत्या कर शव पेड़ पर लटका दिया गया था। थाने में सुनवाई न होने पर प्रदर्शन को मजबूर हुए हैं। आरोप है कि गांव के एक युवती से पुत्र विष्णु के प्रेम संबंध था। युवती के पिता, मामा ने उसकी पत्नी संगीता को फोन पर बेटे को समझाने की धमकी दी थी। धमकी पर उन्होंने बेटे को बाहर भेज दिया था। उसे फोन कर युवती बुला लेती थी। इसकी कायत पर युवती के पिता ने बेटे की हत्या करने की धमकी दी थी। दो साल पहले भी बेटे को घर में बंधक बनाकर युवती के पिता ने पीटकर मरणासन्न किया था। इसी वजह से बेटे की हत्या कर शव को फंदे में लटकाया। घटना के बाद से युवती को उसके पिता ने गायब कर दिया है।

# बिजली गिरने से युवक झुलसा

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के भावनापुर मजरे गढ़ा गांव में देर रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरी। जिसकी चपेट में आकर घर के बाहर बरामदे में सो रहा एक युवक बुरी तरह से झुलस गया। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के भावनापुर मजरे गढ़ा गांव निवासी पृथ्वी का पुत्र अजय शुक्रवार की रात घर के बाहर बरामदे में सो रहा था। इस दौरान देर रात अचानक बारिश शुरू हुई। बारिश के साथ ही तेज गड़गड़ाहट के बीच घर के सामने एक पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी। जहां घर के बाहर सो रहा युवक बिजली की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया।

# मॉब लिचिंग : गिरफ्तारी के लिए दिया ज्ञापन

संवाददाता फतेहपुर



ज्ञापन के साथ कांग्रेस अल्पसंख्यक सेल के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश के चेयरमैन शाहनवाज़ आलम के निर्देश पर रायपुर-महासमुंद सीमा पर मॉब लिचिंग की घटना को लेकर शुक्रवार को डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में बताया कि सात जून को रायपुर-महासमुंद सीमा पर मॉब लिचिंग की घटना में यूपी के सहारनपुर निवासी सद्दाम कुरैशी, उसके चचेरे भाई गुड्डू खान और चांद मिया खान छत्तीसगढ़ के महासमुंद से रायपुर में मवेशी लेकर जा रहे थे। इसी दौरान आरंग में महानदी नदी के पुल पर रोक लिया गया और उन पर भीड़ ने हमला किया। पुलिस को तीनों पुल के नीचे पड़े मिले थे। दो की उसी दिन मौत हो गई, जबकि जीवित बचे सद्दाम ने 18 जून को दम तोड़ दिया था। मॉब लिन्चिंग में अधिकतर आरोपी आज़ाद घूम रहे हैं। कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार के संरक्षण में कानून व्यवस्था पर हमला किया गया है। अल्पसंख्यक कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से घटना में शामिल सभी आरोपियों की गिरफ्तारी, एसपी व डीएम को तत्काल निलंबित करने, मरने वाले व्यक्तियों के परिवार को उचित मुआवजा व सरकारी नौकरी की व्यवस्था करने की मांग की है।

परेशानी — सालों पहले शुरू पुल का निर्माण आज भी लटका

# कई गांवों की आवाजाही मुश्किलों से भरी

संवाददाता, किशनपुर



अधर में लटका पुल निर्माण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शुक्रवार की देर रात हुई झमाझम बारिश से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत तो मिल गईं, लेकिन लोगों के लिए रास्ते कठिन हो गए। क्षेत्र में हुई पहली बारिश ने सत्ताधारियों के विकास के दावे की पोल खोल दी। नतीजा यह है कि पहली ही बारिश में क्षेत्र के आधा सैकड़ा से अधिक गांवों का आवागमन दुरूह हो गया है।

विजयीपुर क्षेत्र में देर रात हुई बारिश की वजह से जगह-जगह रास्ते दलदल में तब्दील हो गए हैं। बदहाली का दंश झेल रहे लोगों को फिर से दलदल भरे रास्ते से सफर करना पड़ रहा है। यमुना कटरी क्षेत्र के लोग आज भी अच्छी सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य व शिक्षा के लिए तरस रहे हैं। क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने के लिए आज तक कोई पक्का मार्ग नहीं है। जिस वजह से बरसात के दिनों में लोगों को कैद रहना पड़ता है। क्षेत्र के सबसे बड़ी ग्राम पंचायत गढ़ा के मजरे नरौली गांव को जोड़ने वाले मार्ग पर सालों पहले पुल का निर्माण कार्य शुरू हुआ था। विभागीय सुस्ती के चलते आज भी वह जैसे के तैसा पड़ा है। जिस वजह से अब बरसात के दिनों में लोगों को दलदल भरे मार्ग से निकलना पड़ रहा है। क्षेत्र में हुई पहली बारिश में ही यह सम्पर्क मार्ग ठप हो गया है। शुक्रवार को हुई बारिश के बाद सुबह लोग स्कूली बच्चे इसी दलदल भरे मार्ग में घंटों परेशान देखे गए।

### रमसगरा के मुख्य मार्ग पर जलभराव

विजयीपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत रामपुर जिसे पूर्व में सांसद रहीं साध्वी निरंजन ज्योति ने गोद लिया था। आदर्श गांव रामपुर के नाम से पहचाना जाने वाले इस ग्राम पंचायत का एक और मजरा है जो रमसगरा गांव के नाम से जाना जाता है। जहां बारिश के दिनों में लोगों दलदल भरे मार्ग नसीब होते हैं। शुक्रवार की देर रात हुई बारिश से यहां के लोगों के लिए भी परेशानियां बढ़ गई। सुबह गांव के लोगों ने इकट्ठा हो जलभराव की समस्या का जमकर विरोध किया। मुख्य मार्ग पर जलभराव होने से स्कूली छात्रों को आवागमन में भारी समस्या आ रही है। गांव के मुख्य मार्ग में जलभराव होने से रास्ता दलदल में तब्दील हो गया है।

# मामूली बारिश में जगह जगह हो गया जलभराव

संवाददाता, धाता



तालाब बनी गली।

**अमृत विचार।** नगर पंचायत में कुप्रबंधन की वजह से पहली बारिश होने पर ही पूरे नगर पंचायत की पोल खुल गई। बता दें कि देर रात हुई बारिश में नगर पंचायत क्षेत्र में जगह-जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। कुछ रास्तों मे नाली निर्माण का न होना और कहीं पर जलनिकासी की व्यवस्था न होने से नगर के विभिन्न मार्गो में तालाब की तरह जलभराव की स्थिति हो गई।

जल भराव के चलते मोहल्ले के लोगों का घर से निकलना दूभर हो गया है। नगर पंचायत के वार्ड नंबर तीन के पास पोस्ट ऑफिस के बगल वाले मोहल्ले में स्थिति और भी खराब है वहां पर तीन ओर से बने रास्ते पर सभी तरफ तालाब जैसा नजारा नज़र आने लगा है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर स्थिति को सुधारा नहीं गया और जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो आने वाले दोनों में स्थिति और भी विकराल रूप ले लेगी। स्थिति इतनी बुरी रही कि जगह-जगह लोग अपने-अपने घरों से निकल कर बाल्टी से पानी भर भर कर दूर स्थान फेंकने को मजबूर हो रहे हैं।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### कार की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के तेरा गांव निवासी राहुल कुमार, रोहित व रसूलाबाद निवासी शिवम मंगलपुर आए थे। वह एक बाइक से गांव जा रहे थे। मनकापुर गांव के समीप सिकंदरा की तरफ से आई कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे बाइक पर सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों ने घायलों को झींझक सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर शिरोमणि सिंह ने घायलों का प्राथमिक इलाज करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### सांप के डसने से किसान की हालत गंभीर

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के पूरनपुर्वा निवासी श्रीकृष्ण राजपूत (45) तेज हवा के चलने से लाही के गट्ठर खुल जाने से खेत में उन्हें बांध रहे थे। तभी सांप ने उनके दाहिने पैर में काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर एन चंद्रा ने उपचार किया।

### छत से गिरकर युवक घायल

**रसूलाबाद।** क्षेत्र के कठिका खुर्द निवासी महेंद्र (25) शुक्रवार की रात छत पर सो रहे थे। लघुशंका के लिए उठने पर अचानक वह छत से नीचे गिरकर घायल हो गए। पपिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डाक्टर एन चंद्रा ने इलाज किया।

### जेठ-जेठानी ने देवरानी को पीटा, तहरीर पर रिपोर्ट

**रसूलाबाद।** मलखानपुर गांव निवासी रीमा ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसकी कोर्ट मैरिज करीब तीन वर्ष पहले मान सिंह के साथ में हुई थी। आरोप लगाया कि उसके जेठ राजेश, जेठानी सूरदकाली व उनकी पुत्री मोनी और छोटी ने जबरन उसे घर से निकलने का प्रयास किया। जिसका उसने विरोध किया तो जेठ-जेठानी व उनकी पुत्री ने मारापीटा। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### बुजुर्ग ने फंदा लगाकर खुदकुशी की

**संदलपुर।** डेरापुर थाना क्षेत्र के उमरी बुजुर्ग गांव निवासी बुजुर्ग राम सिंह (62) ने शनिवार को संदिग्ध कारणों से अपने घर के अंदर दरवाजे के ऊपर बने रोशनदान में रस्सी के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि फंदा लगाने का कारण स्पष्ट नहीं है।

### कूलर के करंट से युवक की चली गई जान

**रसूलाबाद।** बोर्ड में कूलर का प्लग लगा रहे युवक की करंट से मौत हो गई। शनिवार शाम शाहपुर रतनपुर निवासी सत्यम (18) घर पर कूलर का प्लग बोर्ड में लगा रहा था। तभी कूलर में करंट आने से इस बोर्ड में चिपक गया। इससे उसकी मौत हो गई। इसी दौरान पहुंची मां रेखा सिंह ने सत्यम को बेसुध पड़ा देखा तो परिजनों को जानकारी दी गई। इसपर युवक को सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉ. सादिक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से केशव सिंह, मां रेखा सिंह, छोटा भाई शोभित सिंह बिलखते रहे।

### नि:शुल्क यज्ञोपवीत संस्कार 7 जुलाई को

**कानपुर।** देहदान संस्थान द्वारा संचालित संस्कार जागरण अभियान के अंतर्गत 7 जुलाई को प्रात: काल 9 बजे जे के कॉलोनी जाजमऊ में निशुल्क यज्ञोपवीत संस्कार होगा। समस्त संस्कार गायत्री परिवार की पद्धति से सम्पन्न किए जाएंगे। अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि किसी प्रकार की दक्षिणा आदि नहीं देनी होगी, इसके साथ ही समस्त पूजन सामग्री आदि निशुल्क संस्था द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे।

# झमाझम बरसा पानी, 12 डिग्री गिरा पारा

## मौसम का मिजाज बदलने से लोगों ने महसूस की राहत, बुखार के साथ डायरिया व त्वचा रोगियों की संख्या घटी

**गर्मी से राहत**

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



क्योंटरा बांगर में बारिश के बाद जलभराव से गुजरता बाइक सवार। अमृत विचार



रूरा में बारिश के पानी से लबालब भरी रेलवे की पुरानी पुलिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बारिश के साथ ही मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को झमाझम बरसात से जहां लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की, वहीं पिछले 10 दिन में करीब 12 डिग्री तापमान गिरा है। इससे बुखार, डायरिया और त्वचा रोगियों की संख्या में भी कमी आई है। मौसम विभाग ने अभी और बारिश की संभावना जताई है।

जून मध्य माह में गर्मी ने रिकार्ड तोड़ दिया था और अधिकतम तापमान करीब 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। लोगों को सूर्य की तपिश के साथ लू और उमस से जूझना पड़ रहा था, लेकिन बीते सोमवार से मौसम में परिवर्तन हुआ और बारिश शुरू हो गई। पिछले तीन-चार दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश से लोगों को काफी राहत मिली है। शनिवार को भोर पहर हुई झमाझम बारिश से जगह-जगह जलभराव और कीचड़ से समस्या हुई।

मूसानगर क्षेत्र के क्योंटरा बांगर गांव की सड़क में कीचड़ से होकर लोगों को आवागमन करना पड़ा। गांव के अवधेश, जयप्रकाश, रामशंकर, जगत सिंह, महेंद्र आदि ने बताया कि सीजन की पहली बारिश से ही गांव की सड़क में जगह-जगह जलभराव व कीचड़ जमा हो गया है। इससे पैदल निकलना दुश्वार हो गया है। कीचड़ में फिसलने से दुपहिया वाहन सवार गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि दोनों ओर जल निकासी के लिए नाली निर्माण न होने से पानी रास्ते पर बहता है। इससे पक्की सड़क में गड्ढे हो गए है।

इस बावत ग्राम सचिव राजेश कुमार यादव ने बताया कि कर्मचारी लगाकर पानी निकास के लिए व्यवस्था कराई जाएगी। शनिवार को बारिश के चलते अधिकतम तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दक्षिण-पश्चिमी हवाएं करीब छह किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं। सीएसए कानपुर के मौसम विभाग ने आगामी पांच दिन तेज हवाओं के साथ बारिश होने की संभावना जताई है।

### पुलिया में कमर तक भरा पानी, आवागमन बाधित

**रूरा।** कस्बे में चल रहे रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को लेकर अक्तूबर 2023 को रेलवे ने केबिन क्रासिंग को बंद कर दिया था। वैकल्पिक मार्ग के तौर पर रेलवे की पुरानी पुलिया को प्रयोग में लाया जा रहा है, लेकिन पुलिया के पास से ही कस्बे के दोनों तरफ का गंदा व बरसाती पानी के लिए नाला बना हुआ है। इस पर नगर पंचायत द्वारा पंपिंग सेट लगाकर पानी की निकासी की जा रही है। शनिवार की सुबह हुई जोरदार बारिश से अंडरपास में कमर के ऊपर से गंदा पानी भर गया, जिससे आवागमन प्रभावित हो गया। आठ माह के बाद भी वैकल्पिक मार्ग पर बह रहे नाले के पानी की निकासी को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे लोगों को कीचड़ युक्त गंदे पानी से होकर निकलने से मजबूर होना पड़ रहा है। रात के समय यहां से गुजरने पर खासी मुसीबत होती है।

# घर ढहने से बाबा-नातिन घायल

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** गंगापुर गांव में शुक्रवार रात अचानक कच्चा घर ढह जाने से बाबा व नातिन घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने दोनों को मलवे से बाहर निकाला और निजी अस्पताल ले गए।

सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बीसलपुर ग्राम पंचायत के मजरा गंगापुर निवासी डाल सिंह नायक अपने परिवार के साथ शुक्रवार देर शाम कच्चे घर में सो रहे थे। तभी रात में अचानक कच्चा घर ढह गया और मलवे में डाल सिंह (70) व उनकी सात वर्षीय नातिन प्रज्ञा दब गई। तेज आवाज व चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मलवे से दोनों को बाहर निकाल कर आनन-फानन निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित डाल सिंह ने बताया कि कई वर्षों से अफसरों की चौखट पर चक्कर लगा रहे हैं। इसके बावजूद उनके सरकारी आवास का लाभ नहीं मिल सका है। भीषण बरसात होने पर कच्चे मकान में हर समय डर सताता रहता है। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने जांच पड़ताल कर रिपोर्ट तहसीलदार को दी। तहसीलदार सिकंदरा संतोष कुमार ने बताया कि पीड़ित को पात्रता के अनुसार सरकारी योजना का लाभ दिया जाएगा।

### दीवार ढहने से वृद्ध महिला घायल

**मंगलपुर।** संदलपुर क्षेत्र के बिछियापुर में शनिवार को बारिश में रामकुमार की दीवार ढह गई, जिसमें दबने से उसकी पत्नी शरबती (65) गंभीर रूप से घायल हो गई। पास में बंधी दो बकरियां मलबे में दबने से चोटिल हो गई। परिजनों ने घायल शरबती को उपचार के लिए सीएचसी हवासपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टर दिलीप सक्सेना ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### छत से गिरकर महिला गंभीर घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर क्षेत्र के अटवा गांव के सुरजीत सिंह ने बताया कि मां गुड्डी देवी (50) शनिवार सुबह छत पर गई थी। जीने से उतरते समय पैर फिसल जाने से नीचे गिर कर घायल हो गई। उन्हें सीएचसी लाया गया, जहां डॉ. राजवीर सिंह ने प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# शहर में कहीं जलभराव न हो: डीएम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान तथा डायरिया रोको अभियान की द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

शनिवार को बैठक में सीएमओ डॉक्टर एके सिंह ने जिलाधिकारी आलोक सिंह को बताया कि जनपद में संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक तथा दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। इसको लेकर ब्लॉक स्तर पर अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक कर ली गई है। संबंधित विभागों से कार्ययोजना भी प्राप्त हो गई है। डीएम ने निर्देश दिए कि कार्ययोजना के अनुसार जनपद में साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, फागिंग, एंटीलार्वा छिड़काव व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। सभी विभाग कार्ययोजना का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

● संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान व डायरिया रोको अभियान को लेकर बैठक

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारी नगर निकाय को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र में कहीं भी जल जमाव की समस्या न होने पाए। नालों की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। दस्तक अभियान के साथ डायरिया रोको अभियान भी चलेगा। ऐसे में आशा व एएनएम घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगी। इस अभियान के साथ छूटे हुए लोगों की आभा आईडी बनाने का भी कार्य किया जाए। बैठक में उप कृषि निदेशक रामबचन राम, डीसी मनरेगा प्रेमप्रकाश त्रिपाठी, डीपीआरओ विकास पटेल, डिप्टी सीएमओ सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अंतर्जनपदीय समायोजन की समय सारणी जारी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में तैनात शिक्षकों का जिले के अंदर समायोजन जुलाई से पहले हो जाएगा। जिन परिषदीय विद्यालयों में अध्यापकों की संख्या कम है। वहां पर अध्यापकों का समायोजन होगा। जहां पर छात्रों की तुलना में इनकी संख्या अधिक है। उन्हें दूसरे विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। छात्रों के साथ ही शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी पूरी जानकारी पोर्टल पर अपडेट की जाएगी।

बेसिक शिक्षा विभाग ने जिले के अंदर शिक्षकों के तबादले और समायोजन के दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। 19 जुलाई तक शिक्षकों के तबादला और समायोजन की प्रक्रिया को हर हाल में पूरा करना होगा। शुक्रवार को सचिव बेसिक शिक्षा परिषद, सुरेंद्र कुमार तिवारी की तरफ से सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को इस बावत निर्देश जारी किया गया था। अब समय सारणी भी जारी कर दी गई है। इसके तहत जहां शिक्षकों की संख्या ज्यादा है। वहां से कम संख्या वाले विद्यालयों में समायोजित किए जाएंगे। इसमें भी ग्रामीण से ग्रामीण और शहर से शहर क्षेत्र के विद्यालयों में ही समायोजन होगा।

### जिला समिति करेगी आवेदन का सत्यापन

ऑनलाइन आवेदन पत्रों का सत्यापन जिला स्तरीय समिति करेगी। बाकी प्रक्रिया एनआईसी के माध्यम से की जाएगी। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि जिले के अंदर समायोजन के लिए डीएम की अध्यक्षता वाली समिति होगी। इसमें उपाध्यक्ष सीडीओ, डायट प्राचार्य, वित्त व लेखाधिकारी बेसिक और बीएसए सदस्य होंगे।

# 22 मेडिकल स्टोर को थमाया गया नोटिस

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

● बिना मानक खरीद-फरोख्त पर ड्रग इंस्पेक्टर ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** मेडिकल स्टोरों में बिना मानक दवाओं की खरीद-फरोख्त की सूचना पर ड्रग इंस्पेक्टर ने कार्रवाई की है। खामियों पर 22 मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस दी गई है। अकबरपुर के शिव शक्ति मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित किया गया है।

शनिवार को ड्रग इंस्पेक्टर अजय कुमार संतोषी ने मेडिकल स्टोरों में ताबड़तोड़ छापेमारी की। सिकंदरा में विनोद मेडिकल स्टोर खोजाफूल, अंशू मेडिकल स्टोर, त्रिलोकीनाथ एंड कंपनी, संदलपुर में सुरेंद्र मेडिकल स्टोर, श्रीमुन्ना मेडिकल स्टोर, रसूलाबाद के गायत्री मेडिकल स्टोर, सुनवरसा के बालाजी मेडिकल स्टोर, कुलदीप मेडिकल स्टोर, कुमार मेडिकल स्टोर, मैथा के श्रीराधे मेडिकल एंड जनरल स्टोर, शिवली के संजय मेडिकल स्टोर, पुखरायां के बालाजी मेडिकल स्टोर, रनियां के साकेत मेडिकल स्टोर, सरवनखेड़ा के मुकेश मेडिकल स्टोर, गुरगांव के आर्या मेडिकल स्टोर, न्यू सिद्दकी मेडिकल स्टोर, रजनी मेडिकल स्टोर, रूरा के अवस्थी मेडिकल स्टोर, महोई के रामजानकी मेडिकल एजेंसी, रतनियापुर के शिव शक्ति मेडिकल स्टोर को नोटिस जारी किया गया है।

# यूपी बोर्ड के 21 मेधावी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के साथ सम्मानित हुए मेधावी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की वर्ष 2024 परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट व प्रशस्ति पत्र वित्रण समारोह का लोक भवन लखनऊ से सजीव प्रसारण माध्यमिक विद्यालयों व जनपद स्तरीय कार्यक्रम स्थल में छात्र-छात्राओं को दिखाया गया।

अकबरपुर स्थित ब्राइट एंजिल्स एजूकेशन सेंटर में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने प्रदेश स्तर पर स्थान पाने वाले सात मेधावियों को एक-एक लाख रुपये, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा जनपद स्तर पर स्थान प्राप्त 15 मेधावी में प्रत्येक को 21 हजार की धनराशि, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।

अपर डीआईओएस रती वर्मा ने सरकार की संचालित योजनाओं के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। डीआईओएस डॉ. अचल कुमार मिश्र ने छात्रों को जीवन में आगे बढ़ने, संयमित, अनुशासित जीवन जीने व एक निश्चित लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी। यहां रूरा नगर पंचायत अध्यक्ष रामजी गुप्त, बीएसए रिद्धी पांडेय, मंडल अध्यक्ष रविंद्र अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

### काउंसलिंग के बाद 21 शिक्षकों को बांटे आवंटन पत्र

जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में शनिवार को अकबरपुर बीआरसी में पिछले दिनों 12460 शिक्षक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जनपद के लिए 21 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। उन्हें विद्यालय आवंटन आदेश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय व उपायुक्त एनआरएलएम ने वितरित किए। जिसे पाकर शिक्षकों के चेहरे खुशी से खिल उठे।

## सार-संक्षेप

### पेड़ की डाल टूटने से युवक की मौत

**शिवली।** गजनेर थाना क्षेत्र के जरैला गांव निवासी आलोक कुमार(25) रानियां की एक निरमा फैक्ट्री में काम करता था। शनिवार को वह अपनी बहन नीरा के घर रैपालपुर के मजरा अहिरानी गांव आया था। वह दोपहर में गांव के कुछ लड़कों के खेतो में जामुन तोड़ने गया था। जामुन तोड़ते समय वह पेड़ से गिर गया जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों में कोहराम मच गया भाई की मौत से बहन नीरा, मीना, मां सुदामा भाई रामआसरे, रोहनलाल, मोहनलाल का रो रो कर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी अनूप पाण्डेय ने प्रथमिक छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया की प्रथम दृष्टया पेड़ से गिरने से मौत होना प्रतीत होता है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण होगा।

### एसीएमओ की छापेमारी, दो क्लीनिक संचालकों को नोटिस

**रूरा।** कस्बा में एसीएमओ ने क्लीनिकों पर छापेमारी कर जांच की। कागजात न दिखाए जाने और नियम के विरुद्ध पाए जाने पर दो क्लीनिक संचालकों को नोटिस दी है। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एसएल वर्मा ने रूरा कस्बे में बंगाली व डॉक्टर राठौर के यहां छापा मारा। उन्होंने क्लीनिक में इलाज के बावत जानकारी ली। संचालकों से कागजात मांगने पर वह नहीं दिखा सके। वहीं कार्रवाई की भनक मिलते ही कई क्लीनिक संचालक और मेडिकल सेंटर संचालक शटर बंद कर मौके से इधर-उधर हो गए। एसीएमओ ने बताया कि कई दिनों से रूरा में अवैध तरीके से क्लीनिक संचालन की शिकायत मिल रही थी। छापेमारी के दौरान खामियां पाए जाने पर दो क्लीनिक संचालकों को नोटिस दी गई है। जवाब के अनुसार कार्रवाई होगी।

### नाली से पानी निकालने में दो पक्षों में हुई मारपीट

**रसूलाबाद।** नाली से पानी निकालने को लेकर विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। असालतगंज दीक्षितन निवादा गांव निवासी विमलेश कुमार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पहले से ही उसकी नाली का पानी हृदेश के मकान के बाहर बनी नाली से निकल रहा था। हृदेश ने मकान का नया दरवाजा रख लिया। जिसपर नाली से पानी निकालने का विरोध किया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। विमलेश कुमार ने हृदेश उर्फ पिंटू, उनकी पत्नी गुड़िया, पुत्र छोटेलाल व चंपा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं हृदेश ने बताया कि जो नाली बनी हुई है। उसमें पानी ज्यादा आ जाता है और बाहर फैलता है। विरोध करने पर सोनू, मोनू, राजा भैया आदि ने घर में घुसकर मारा पीटा और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाल प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि दोनों पक्षों के शिकायती पत्र के आधार पर रिपोर्ट कर ली गई है। एससीएसटी मामले की जांच सीओ राजीव सिरोही करेंगे।

### झींझक में अतिक्रमण हटाकर नालों की हुई सफाई

**मंगलपुर।** नगर पालिका झींझक में शनिवार को पुलिस बल के साथ अभियान चलाकर जेसीबी से नाला व नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया। दोबारा कब्जा करने पर जुर्माने की हिदायत दी गई। कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया। बारिश के दौरान झींझक नगर में जलभराव की समस्या न हो सके। इसको लेकर नगर पालिका परिषद को पूर्व में ही नाला-नालियों की बेहतर साफ-सफाई के निर्देश दिए गए थे। शनिवार को पुलिस कर्मियों के साथ जेसीबी की मदद से वार्ड नंबर चार अब्दुल कलाम नगर में अभियान चलाकर नालों पर हुए अवैध कब्जे हटवाए गए। कुछ लोगों ने नाले पर दीवार बना रखी थी और पानी निकासी के लिए थोड़ी जगह छोड़ी थी। इसकी वजह से पानी का निकास नहीं हो रहा था। जिसपर सफाई कर्मचारियों ने दीवार तोड़कर नाले की सफाई की। अधिशाषी अधिकारी जेपी मौर्य ने बताया कि तरुण जैन व संपूर्णानंद दीक्षित ने नाले में दीवार बना रखी थी। जिसे तोड़कर सफाई कराई गई है। दोबारा कब्जा करने पर कार्रवाई की जाएगी।

### भारत सरकार की टीम ने आरोग्य मंदिर की देखी सुविधाएं



आरोग्य मंदिर का निरीक्षण करती टीम।

**रूरा।** क्षेत्र के रामपुर गांव में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का भारत सरकार की दो सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान सेंटर पर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। शनिवार को टीम के क्वालिटी कंसलटेंट डॉ. राजेश कुमार कुरील व डॉक्टर वी. अर्चना ने रामपुर के आरोग्य मंदिर का निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों पर टीम ने संबंधित को दिशा निर्देश दिए। साथ ही सेंटर पर मूलभूत सुविधाओं का सुधार करने के लिए सुझाव दिए। टीम ने कुपोषण उपचार, आउटडोर, दवाओं के रखरखाव आदि का भी निरीक्षण किया। गांव वासियों द्वारा प्रसव कक्ष की मांग पर सीएमओ डॉ. एके सिंह ने बताया कि दो माह में बनीपारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रसव सुविधा चालू कर दी जाएगी। इससे लोगों को दूरदराज की भागदौड़ नहीं लगानी होगी। इस दौरान डॉक्टर दीपक गुप्ता, सीएचओ अनुपम, एएनएम ज्योति सिंह, ग्रामीण करतार सिंह, राजन शुक्ला, शीलू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### विद्यालयों के दो शिक्षक बनेंगे स्वास्थ्य अंबेस्डर

**कानपुर देहात।** राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयुष्मान भारत के स्कूल स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा संचालित किया जा रहा है। इसके अंर्तगत चार दिवसीय ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण सीएमओ कार्यालय सभागार माती में शनिवार को समाप्त हो गया। शनिवार को प्रशिक्षण के अंतिम दिन दस साल से लेकर 19 साल तक के बच्चों का स्वास्थ्य बढ़ाना, भावनात्मक कल्याण एवं मानसिक स्वास्थ्य, पारस्पिरिक संबंध मूल एवं जिम्मेदार नागरिकता, जेंडर समानता, पोषण स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, पदार्थ के दुष्पयोग व रोकथाम, प्रबंधन, स्वस्थ्य जीवन शैली को बढ़ावा देना, प्रजनन स्वास्थ्य एवं एचआईवी की रोकथाम, हिंसा एवं चोटों के खिलाफ सुरक्षा, इंटरनेट और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने आदि पर जानकारी दी गई। अब ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षक विकासखंडों में जाकर अपर प्राथमिक विद्यालय व इंटर कालेज के दो शिक्षकों को स्वास्थ्य अंबेस्डर के रूप में नियुक्ति कर प्रशिक्षित करेंगे। साथ ही प्रत्येक स्कूल स्तर पर जाकर कक्षानुसार दो बच्चों को मैसेंजर के रूप में नियुक्ति कर मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य समाजिक मूल्य एवं दायित्व संबंधी सभी जानकारी उपलब्ध कराएंगे। कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. एके सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान, डीआईसी प्रबंधक आरबीएसके राकेश गौड़, अभिषेक द्विवेदी, मो. गुलरेज, डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. प्रेम अग्निहोत्री, हेमा अग्निहोत्री आदि मौजूद रहे।

**आयोजन**

व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाई गई भामाशाह की जयंती, सर्वोच्च करदाता दो कंपनियों का सम्मान

# ईको पार्क में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मची धूम

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात



भामाशाह जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार



स्टॉल में लगे उत्पाद देखते डीएम व अन्य लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** दानवीर भामाशाह की जयंती व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में सामुदायिक भवन ईको पार्क माती में भव्य तरीके से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित व चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। भामाशाह के जीवनवृत्त पर आधारित नाटिका, नृत्य का प्रस्तुतीकरण संस्कृति विभाग के कलाकारों ने किया।

शनिवार को डीएम आलोक सिंह ने कहा कि हमें भामाशाह के महान व्यक्तित्व से प्रेरणा ग्रहण करनी चाहिए। शासन द्वारा व्यापार में सुविधा और व्यापारी कल्याण के लिए संचालित योजनाओं के प्रचार प्रसार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका लाभ व्यापारी संबंधित विभागों से प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने व्यापारियों से ऐसे कार्यक्रमों में अधिक संख्या में सहभागिता करने की अपील की। कहा कि व्यापारी व प्रशासन के मध्य निरंतर संवाद आवश्यक है, ताकि व्यापारियों की समस्याओं का समय पर निस्तारण कराया जा सके। यहां सीडीओ लक्ष्मी एन., एडीएम वित्त एवं राजस्व केशवनाथ गुप्ता, एडीएम न्यायिक अमित राठौर, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उपायुक्त राज्यकर अमित कुमार अग्रवाल, सहायक आयुक्त राज्यकर अजय विक्रम, उपायुक्त उद्योग मो. सऊद, राज्यकर अधिकारी विवेक कुमार विश्नोई, व्यापारी मौजूद रहे।

### निबंध में तान्या प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय

इस दौरान भामाशाह के जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता विभिन्न विद्यालयों में आयोजित की गई। जिसमें प्रथम तान्या व द्वितीय रही दिव्यांशी को डीएम ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए

डीएम ने विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों को भी देखा। सर्वोच्च कर दाता एमएस शिवानी डिटर्जेंट प्राइवेट लिमिटेड व एनआईएफ प्राइवेट लिमिटेड आइसक्रीम डिवीजन को डीएम ने सम्मानित किया गया।

# राम गंगा नहर में मिला अधेड़ का शव, जांच शुरू

**शिवली।** भंगापुरवा गांव के समीप रामगंगा नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के तीन घंटे बाद पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू की।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के भंगापुरवा गांव के सामने शनिवार सुबह रामगंगा नहर में करीब 45 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, लेकिन सूचना के करीब तीन घंटे बीत जाने बाद भाऊपुर चौकी इंचार्ज अनूप पांडेय मौके पर पहुंचे। मृतक के चेहरे व हाथ पर चोट के निशान थे। वह सफेद बनियान और कला पैंट पहने था। युवक की शिनाख्त के प्रयास किए गए, लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि शव को मोर्च्युरी में रखवा दिया गया है। शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### एलडीए के मुख्य अभियंता समेत 21 अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह समेत 21 अभियंता व कर्मचारी शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। प्राधिकरण के नवीन भवन के रुद्राक्ष सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में अधिकारियों व कर्मचारियों को विदाई दी गयी। इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी, सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह व वित्त नियंत्रक दीपक सिंह ने सेवानिवृत्त अधिकारियों व कर्मचारियों को अंगवस्त्र पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। उपाध्यक्ष ने मुख्य अभियंता की ओर से प्राधिकरण को दिए गए योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



शनिवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शिक्षिका को प्रशस्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी, इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे। अमृत विचार

# सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **मुख्यमंत्री ने बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को किया संबोधित**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सफलता बताती है कि बेटियों ने लंबी छलांग मारी है। उन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। मुख्यमंत्री शनिवार को लोकभवन में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा की हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट सूची में कुल 17 में 4 छात्र हैं और 13 छात्राएं हैं। इंटरमीडिएट की मेरिट सूची में कुल 36 में से 14 छात्र हैं और 22 छात्राएं हैं। उप्र. माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की हाईस्कूल परीक्षा की मेरिट सूची में कुल 11 में से दो छात्र व 9 छात्राएं हैं। इंटरमीडिए में 11 की मेरिट सूची में एक छात्र और 10 छात्राएं शामिल हैं। सीबीएसई की 10वीं की मेरिट सूची में प्रदेश के 26 छात्रों में 11 छात्र और 15 छात्राएं हैं। 12वीं में 22 में 3 छात्र व 19 छात्राएं हैं। आईसीएससी में 30 में 18 छात्र और 12 छात्राएं है, वहीं 12वीं में 17 में से 5 छात्र हैं और 12 छात्राएं हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले जैसे सरकार अंधकार में रहती थी, वैसे ही इन्होंने शिक्षा को भी अंधकार में ढकेलने का काम किया था। हम प्रदेश में 57 नए सीएम कंपोजिट स्कूल शुरू करने जा रहे हैं। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी व बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह भी मौजूद रहे।

## अखिलेश के जन्म दिवस पर होगा पौधरोपण कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर पार्टी की ओर से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पेड़' पौध रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम हर गांव में 1 जुलाई से सप्ताह भर तक चलेगा। समाजवादी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता मिलकर प्रदेश के हर गांव में पौधे लगाएंगे। इसके तहत बरगद, पीपल और नीम का पौध रोपण किया जाएगा। वर्तमान में हर तरफ फैले तरह-तरह के प्रदूषण को देखते हुए वृक्षों की आवश्यकता है, शाखाओं की नहीं। जब पौधों की जड़ें जमीन पकड़ लेती हैं तो शाखाएं, पत्तियां, फूल, फल सब अपने आप प्राप्त होता है। वे शाखाएं अप्राकृतिक होती हैं, जिनकी न तो जड़ों का पता होता है और न ही इस बात का कि उनका फल किसको मिल रहा है। इसीलिए आवश्यकता जमीन से जुड़ें वृक्षों की है।

# ओबरा की तीन इकाइयां ठप बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ओबरा बिजलीघर की तीन इकाइयां शनिवार को ठप हो गईं, जबकि पहले से बंद चल रहीं इकाइयां चालू नहीं हो सकी हैं। इससे प्रदेश में बिजली संकट गहरा गया। इसी बीच, स्थानीय खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर इलाके बिजली संकट झेलते रहे।

उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार, दोपहर बाद ओबरा की दो-दो मेगावाट की दो इकाइयां व 660 मेगावाट की एक इकाई ठप हो गई, जबकि हरदुआगंज की 105 मेगावाट की इकाई में भी उत्पादन ठप हो गया। पहले से बंद चल रही मेजा की 660 मेगावाट, रिहंद की 500 मेगावाट व सिंगरौली की 200 मेगावाट क्षमता की इकाई चालू नहीं हो पाई। बिजली अभियंता मेजा, रिहंद, हरदुआगंज व ओबरा की एक इकाई के देर रात तक चालू कर लिए जाने की उम्मीद जताते रहे, जबकि सिंगरौली इकाई के 1 जुलाई व ओबरा की बाकी दो इकाइयों के रविवार तक चालू होने की संभावना जताई गई।

सूत्रों ने बताया कि इन इकाइयों के बंद होने से प्रदेश में कुल 2150 मेगावाट बिजली उत्पादन घट गया। मांग को पूरा करने के लिए एनर्जी एक्सचेंज व अन्य स्रोतों से बिजली आयात कर स्थिति काबू में की गई। प्रदेश में अधिकतम मांग 26,627 मेगावाट दर्ज की गई। सूत्रों ने बताया कि बारिश के कारण प्रदेश में बिजली की मांग घट गई है, जबकि लाइनों में खराबी के कारण प्रदेश के ज्यादातर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। बिजली आपूर्ति चालू होने में काफी समय लग रहा है। उमस के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बिजली कर्मी सतर्क रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें : ऊर्जा मंत्री



लखनऊ : ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे सतर्क रहकर जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। बारिश में बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए समुचित उपाय किए जाए। उन्होंने कहा कि मानसून में अंधेरा रहने से नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, ऐसे में सभी कार्मिक उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेकर समस्याओं का समाधान करें। सभी कार्मिक अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करें कि वे बारिश में बिजली उपकरणों को छूने से बचें और उनसे उचित दूरी बनाकर रहें। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि बिजली तारों को छूने वाली पेड़ की टहनियों की छंटनी की जाए, जिससे बिजली स्पार्किंग को रोका जा सके और निर्बाध बिजली आपूर्ति में व्यवधान न हो सके।

### बिजली आपूर्ति

▶▶ **चालू नहीं हो सकीं पहले से बंद इकाइयां**



# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त : अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **अलीगढ़, फिरोजाबाद व आगरा में हुई घटना के पीड़ितों से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल**

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अलीगढ़, फिरोजाबाद व आगरा में हुई घटना के पीड़ितों से मिलने के लिए पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष के अनुसार, प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अपराधियों में कानून का भय पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। अपराधी आए दिन हत्या, डकैती, लूट तथा दुष्कर्म जैसी जघन्य घटनाओं को बेखौफ होकर अंजाम दे रहे हैं। बढ़ते अपराधों की दिशा में प्रदेश प्रतिदिन नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।



उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व अलीगढ़ के मामूभंजन इलाके में भीड़ ने फरीद उर्फ औरंगजेब की पीट-पीटकर हत्या कर दी। इसी तरह फिरोजाबाद में पुलिस हिरासत में एक युवक की मौत हुई व आगरा में दो भाइयों की पुलिस प्रताड़ना के बाद आत्महत्या सम्बन्धी घटना के संज्ञान में आने के बाद कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिजन से मिला और पार्टी की ओर से उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में नवनिर्वाचित सांसद इमरान मसूद, तनुज पुनिया, विधायक वीरेन्द्र चौधरी, पूर्व विधायक, उपाध्यक्ष राजकुमार रावत, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश धनगर, प्रदेश सचिव अखिलेश शर्मा, फतेहपुर सीकरी लोकसभा के प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार, जिला कांग्रेस कमेटी आगरा के अध्यक्ष अरुण शर्मा शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित दिवाकर व जिला/शहर कांग्रेस कमेटी फिरोजाबाद के अध्यक्ष संदीप तिवारी तथा साजिद बेग शामिल रहे।

# कंछल 7वीं बार संभालेंगे उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की कमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार।** उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के त्रैवार्षिक चुनाव में बनवारी लाल कंछल को फिर से अध्यक्ष चुन लिया गया। वह 7वीं बार संगठन की कमान संभालेंगे। उनके साथ ही महामंत्री पद पर दूसरी बार कौशांबी के रमेश अग्रहरि को चुना गया। इसके अलावा 6 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 24 उपाध्यक्ष, 6 वरिष्ठ मंत्री निर्विरोध चुन लिए गए। 102 पदों पर 124 लोगों ने नामांकन किया है। इनमें से अध्यक्ष पद पर 3, वरिष्ठ महामंत्री पद पर 2 और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर 6 व्यापारियों ने नामांकन किया था। बाद में इन पदों से पदाधिकारियों ने अपना नामांकन वापस ले लिया। संयुक्त महामंत्री व मंत्री के पदों पर अभी संशय बरकरार है।

इससे पूर्व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल का दो दिवसीय प्रांतीय त्रैवार्षिक निर्वाचन शनिवार को ढोल नगाड़ों के साथ राजधानी के मोती नगर स्थित अग्रवाल कालेज में शुरू हुआ।

### शेष पदों पर नाम वापसी के लिए रविवार सुबह तक की मोहलत

चुनाव अधिकारी की ओर से नाम वापसी के लिए अब 30 जून की सुबह 9 बजे तक का समय दिया है। अगर आपसी सहमति न बनीं तो शेष पदों पर चुनाव होगा। इसकी घोषणा रविवार को व्यापारी महासम्मेलन में चुनाव अधिकारी की ओर से की जाएगी।

▶▶ **अध्यक्ष, वरिष्ठ महामंत्री, 6 वरिष्ठ उपाध्यक्ष, 24 उपाध्यक्ष, 6 वरिष्ठ मंत्री निर्विरोध चुने गए**

▶▶ **बचे पदों पर नामांकन वापसी न हुई तो होगा चुनाव**

सुबह 9 बजे से ही महाराजा अग्रसेन कालेज में गहमागहमी रही। मुख्य चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा, सहायक चुनाव अधिकारी सुनील गुप्ता, बसंत सिंह बग्गा, संजय अग्रवाल, आयुष द्विवेदी के साथ पहुंचे। जहां वाराणसी के विजय यादव, नोएडा के नरेश कुच्छल, गोरखपुर के प्रमोद टेकड़ीवाल, उन्नाव के रजनीकांत श्रीवास्तव व कई अन्य पदाधिकारियों ने सभी चुनाव अधिकारियों का स्वागत किया। 10:15 बजे मुख्य चुनाव अधिकारी जसवंत बत्रा ने नामांकन पत्रों का वितरण शुरू किया। नामांकन करने वालों की भीड़ चुनाव कक्ष में लगी रहीं। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि संविधान के अनुसार नामांकन करने का समय 10 से 2 बजे तक था। नामांकन पत्रों में नामांकन भरने वाले के अलावा अनुमोदक और प्रस्तावक के हस्ताक्षर भी करवाए गए।

### रविंद्रालय में व्यापारी सम्मेलन आज, उप मुख्यमंत्री व आबकारी मंत्री रहेंगे मौजूद

निर्वाचित अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने बताया कि रविवार सुबह 11 बजे से रविन्द्रालय में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक व मुख्य वक्ता आबकारी, मद्यनिषेध मंत्री नितिन अग्रवाल होंगे। सम्मेलन में व्यापार मण्डल ने 31 सूत्री मांग पत्र तैयार किया है। इसे भी सौंपा जाएगा।



पुस्तक का विमोचन करते उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय व अन्य। अमृत विचार

### टेम्पल ट्रेजर्स : ए जर्नी थ्रू टाइम पुस्तक का विमोचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शनिवार को अपने आवास पर टेम्पल ट्रेजर्स: ए जर्नी थ्रू टाइम नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने पुस्तक के लेखक अमित अग्रवाल को बधाई देते हुए कहा कि यह पुस्तक देश के प्राचीन मंदिरों और उनके ऐतिहासिक खजानों के बारे में गहरी जानकारी प्रदान करेगी। मंत्री ने कहा कि यह पुस्तक न केवल प्राचीन भारतीय संस्कृति और धरोहर को जानने का माध्यम बनेगी, बल्कि नई पीढ़ी को हमारे समृद्ध इतिहास और सांस्कृतिक धरोहरों के प्रति भी जागरूक करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह पुस्तक शोधकर्ताओं, इतिहासकारों और मंदिर प्रेमियों के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन साबित होगी। इस मौके पर रमेश चंद्र अग्रवाल और डॉ. मुकुल भी मौजूद रहे।

▶▶ **शोधकर्ताओं, इतिहासकारों व मंदिर प्रेमियों के लिए पुस्तक महत्वपूर्ण साबित होगी : योगेन्द्र**

## भाजपा की कार्यसमिति की बैठक 14 जुलाई को

**अमृत विचार, लखनऊ :** भाजपा की एक दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक 14 जुलाई को राजधानी में होगी। बैठक का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा करेंगे। बैठक में पार्टी के आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, अभियानों व अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। प्रदेश कार्यसमिति की बैठक की तैयारी को लेकर शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर पार्टी पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह शामिल हुए। प्रदेश कार्यसमिति की प्रस्तावित बैठक में प्रदेश से केंद्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष समेत अन्य नेता शामिल होंगे।

# संजय कुमार बने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ **प्रदेश सरकार ने किया कई कुलसचिवों व परीक्षा नियंत्रकों का तबादला**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार ने उप्र. राज्य विश्वविद्यालय केंद्रीयित सेवा के कई कुलसचिवों व परीक्षा नियंत्रकों का तबादला कर दिया। प्रोफेसर राजेंद्र सिंह 'रज्जू भैय्या' विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलसचिव संजय कुमार को लखनऊ विश्वविद्यालय का कुलसचिव बनाया गया है। डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के कुलसचिव राजीव कुमार को मां शाकुम्भरी राज्य विश्वविद्यालय, सहारनपुर का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी से सम्बद्ध परीक्षा नियंत्रक अजय कृष्ण यादव को राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव विनोद कुमार सिंह को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर का परीक्षा नियंत्रक बनाया गया है। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय अलीगढ़ के कुलसचिव महेश कुमार को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती उर्दू अरबी फारसी विश्वविद्यालय लखनऊ का कुलसचिव बनाया गया है।

## वर्ग पहेली-116

**बाएं से दाएं**

3. आक्रमण

6. 1. जिसे कहा न गया हो, जिसकी अभिव्यक्ति न हुई हो, अनुच्चरित 2. गुप्त, छुपा हुआ।

7. अचानक, अकस्मात, एकाएक, एकदम, शीघ्रता से, तीव्र वेग से।

**ऊपर से नीचे**


1. एक प्रकार की कश्मीरी अंगीठी जिसे गले में लटकाया जाता है।

2. जिसमें कूटनीति का समावेश हो, कूटनीति से संबंधित, कूटनीतियुक्त, (डिप्लोमैटिक)।

4. 1. चाय देने के लिए प्रयोग किया जाने वाला एक ढक्कनदार पात्र 2. पानी गरम करने का टोंटीदार बरतन जिसमें प्राय :चाय के लिए पानी गरम किया जाता है, (केटल)।

5. 1. बेकार 2. जाली, रद्दी 3. झूठा या नकली 4. कृत्रिम।

6. 1. किसी भी प्राणी को किसी भी प्रकार का शारीरिक या मानसिक कष्ट न देना 2. (योगशास्त्र) पांच प्रकार के यमों में पहला 3. जैन तथा बौद्ध धर्मों में आचार तथा धर्म संबंधी प्रमुख सिद्धांत।





### वर्ग पहेली -115 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 स | | | | 2 को |
| लि | | 3 अं | | गी |
| 4 म | ति | ग | ति | |
| | | सं | | 5 द |
| 6 प | रि | ग | ण | न |
| को | | | | द |
| ड़ा | | 7 वं | ट | न |

### सुडोकू-29

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 8 | | | | 1 | |
| 5 | | | 7 | 3 | | | 2 | 4 |
| | 2 | 9 | | 1 | | 3 | | 8 |
| | | 4 | 6 | | | | | 3 |
| | | 5 | | | | 7 | | |
| 8 | | | | | 2 | 9 | | |
| 1 | | 7 | | 9 | | 2 | 8 | |
| 6 | 3 | | | 8 | 7 | | | 5 |
| | 4 | | | | 5 | | | |

### सुडोकू -28 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 7 | 2 | 1 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 1 | 3 | 6 | 5 | 7 | 8 | 2 | 9 | 4 |
| 7 | 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 4 | 5 | 9 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 9 | 3 | 4 | 5 | 7 | 2 | 8 |
| 9 | 6 | 1 | 8 | 2 | 7 | 5 | 4 | 3 |
| 4 | 5 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 3 | 7 | 2 | 4 | 5 | 9 | 8 | 6 | 1 |

## उप्र. कैडर के पांच आईपीएस अफसर डीजी के लिए सूचीबद्ध

**अमृत विचार, लखनऊ :** 1983 बैच के 18 आईपीएस अधिकारियों को डीजी व 1996 बैच के 32 आईपीएस अधिकारियों को एडीजी के पद पर केंद्र में सूचिबद्ध किया गया है। इसमें उप्र. कैडर के 5 वरिष्ठ आईपीएस अफसर शामिल हैं, जिन्हें डीजी रैंक मिला है। इसमें लखनऊ जोन के एडीजी एसबी शिरडकर, एडीजी विजय प्रकाश, एडीजी राजीव सभरवाल, एडीजी संजय सिंघल और एडीजी वितुल कुमार का नाम शामिल है।

# 25 जेलरों का हुआ तबादला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** शासन ने 18 जेलरों का तबादला कर दिया है। इनमें वे जेलर शामिल हैं जिनका एक जगह पर तीन वर्षों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इसके अलावा 7 नव पदोन्नत जेलरों को भी नवीन तैनाती दी गई है। डीजी कारागार ने निर्देश दिया है कि सभी अधिकारी तबादले वाले स्थान पर तत्काल ज्वाइन करें।

जिन जेलरों का तबादला हुआ है उनमें आनंद सिंह का फिरोजाबाद से बरेली, महाप्रकाश सिंह का मथुरा से इटावा, राम सिंह यादव का प्रयागराज से सिद्धार्थनगर, सूबेदार यादव का वाराणसी से ज्ञानपुर, अरुण कुमार मिश्रा का मिर्जापुर से उन्नाव, राजेश कुमार वर्मा का ज्ञानपुर भदोही से मिर्जापुर, विजय कुमार राय का बरेली से हरदोई, मृत्युंजय कुमार पांडेय का मुरादाबाद से इटावा, मनीष कुमार का बांदा से झांसी, संजय कुमार का हरदोई से बरेली, अखिलेश कुमार का फतेहगढ़ से वाराणसी, सुरेश मिश्रा का झांसी से मुरादाबाद, गिरीश कुमार का अयोध्या से फतेहगढ़, सुशील कुमार वर्मा का इटावा से मथुरा, शोमेश कुमार सिंह का लखनऊ से अयोध्या, राजेश कुमार द्वितीय का कानपुर नगर से वाराणसी, अंजनी कुमार गुप्ता का इटावा से नैनी प्रयागराज और राजेश कुमार पांडेय का सिद्धार्थनगर से फिरोजाबाद तबादला किया गया है।

### पदोन्नति पाकर जेलरों को मिली तैनाती


पदोन्नति पाकर जेलर बने कारागार कार्मिकों को भी नई तैनाती प्राप्त हुई है। इनमें सुनील दत्त मिश्रा का गौतमबुद्धनगर से लखनऊ, संजय कुमार शाही का गाजियाबाद से मेरठ, राजेश कुमार राय का अलीगढ़ से उन्नाव, विक्रम सिंह यादव का मेरठ से मुरादाबाद, राजेश कुमार मौर्य का कानपुर नगर से बांदा, अवनीश सिंह का फतेहगढ़ से मेरठ और रविंद्र सिंह यादव का गाजीपुर से फतेहगढ़ तबादला किया गया है।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 12.19 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वर्षा।

चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

नक्षत्र-रेवती 07.34 तक तत्पश्चात अश्विनी।

**मेष** — आज अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे। आपके व्यवहार की शालीनता की लोग प्रशंसा करेंगे। आप ऑनलाइन शॉपिंग में काफी व्यस्त हो सकते हैं। खरीदारी के दौरान अपने बजट का ध्यान रखें। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है।

**वृष** — आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। जीवनसाथी के साथ झगड़ा हो सकता है। राजनीतिक लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है। परिस्थितियों पर तुरंत क्रोधित होने के बजाय उसे शांति से निपटाएं।

**मिथुन** — आज युवाओं को जॉब के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। प्रेमी जन के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। रुकी हुई डील होने के योग बन रहे हैं। आर्थिक मामलों में काफी भाग्यशाली रहेंगे। अपनी बातों से आप लोगों को प्रभावित कर पाएंगे।

**कर्क** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आप किसी कारोबारी यात्रा पर जा सकते हैं। छोटे भाई से जुड़ी किसी समस्या का समाधान हो सकता है। परिजनों का बेहतरीन सहयोग मिलने की संभावना है।

**सिंह** — आज कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें। सिरदर्द की शिकायत हो सकती है। बुजुर्ग लोगों का अपमान न करें। आप कुछ नया सीखने की इच्छा रखेंगे। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च हो सकता है। अति आत्मविश्वास से बचें।

**कन्या** — आज बुजुर्ग लोगों को घुटने व कमर में दर्द की शिकायत हो सकती है। अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। प्रेम संबंधों में तनाव की आशंका है। आत्मकेन्द्रित होने के कारण मित्र गण आपसे नाराज हो सकते हैं।

**तुला** — आज साझेदारी में नए व्यवसाय शुरू करने की योजना बना सकते हैं। धर्म-कर्म में आपकी रुचि बढ़ेगी। आध्यात्मिक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण होगी। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक** — आज अपनी कार्यप्रणाली में सुधार करने का प्रयास करें। यदि किसी मीटिंग पर जा रहे हैं तो आपको पूरी तैयारी रखनी होगी। उधार लेन-देन सावधानी पूर्वक करें। प्रशासनिक कार्यों से जुड़े लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा।

**धनु** — आज बच्चों की गलत आदतों को अनदेखा न करें। आपको बातचीत के दौरान सभ्य शब्दों का प्रयोग करना चाहिए। वरना आपकी बातों का गलत मतलब भी निकल सकता है। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे लोगों को तनाव हो सकता है।

**मकर** — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर थोड़े परेशान हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र की समस्याओं को दूर करने में सफलता मिलेगी। दौड़-धूप ज्यादा करनी पड़ेगी।

**कुंभ** — आज जीवनशैली में नयापन आएगा। मार्केटिंग संबंधी कारोबार में उचित लाभ होगा। आप किसी वेबसीरीज का आनंद उठा सकते हैं। दांपत्य संबंधों में आनंद का अनुभव करेंगे। व्यावसायिक यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

**मीन** — आज आपको झूठ बोलने से बचना चाहिए। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें। संतान को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन में थोड़ी कठिनाई महसूस होगी। स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | संसार | सुबह : 10.41 |
| B4U Movies | कीमत | रात : 09.00 |
| &pictures | सीक्रेट सुपरस्टार | सुबह : 08.51 |
| &pictures | राधे | शाम : 05.54 |
| Sony Pix | जॉन विक | दोपहर : 12.00 |
| Sony Pix | द फाउंडर | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | विवाह | सुबह : 11.30 |
| Zee Cinema | घूमर | रात : 08.00 |
| Colors Cineplex | भेड़िया | सुबह : 11.08 |
| Colors Cineplex | सीता राम | शाम : 05.01 |

### आज की सुपरहिट फिल्म





एंड पिक्चर्स पर शाम : 05.54 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुपचाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी-किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

## एक नजर

### मुंबई-नागपुर राजमार्ग पर हादसा, सात लोगों की मौत, चार घायल

**जालना (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के जालना जिले में मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे पर दो कार की टक्कर होने से सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। मुंबई-नागपुर एक्सप्रेसवे को समृद्धि एक्सप्रेसवे के नाम से भी जाना जाता है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शुक्रवार देर रात करीब 11 बजे कदवांची गांव के निकट हुआ। हादसे में जान गंवाने वाले लोग मुंबई के मलाड (पूर्व) और बुलढाणा जिले के निवासी थे। पुलिस ने कहा-नागपुर से मुंबई जा रहा मल्टी-यूटिलिटी व्हीकल और विपरीत दिशा से आ रही एक कार के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिससे छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में एक और व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### मोबाइल फोन चोरी के संदेह में व्यक्ति की हत्या

**कोलकाता।** कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में शुक्रवार देर रात को मोबाइल फोन चोरी के संदेह में एक व्यक्ति की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इससे करीब 24 घंटे पहले इसी तरह के संदेह में एक व्यक्ति की पिटाई की गई थी और उसकी बाद में मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि आधी रात के बाद पोलेनाइट इलाके में हुई घटना में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान प्रसेन मंडल के रूप में हुई है।

# न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं: चंद्रचूड़

## सीजेआई बोले-तकनीकी मदद से अंग्रेजी में सुनाए गए फैसलों का क्षेत्रीय भाषाओं में किया जा रहा अनुवाद

**कोलकाता, एजेंसी**



सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं स्वामी नहीं ,उन्हें न्यायपूर्ण तरीके से फैसला सुनाना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यहां टाउन हॉल में शनिवार को राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी के क्षेत्रीय सम्मेलन में कहा कि न्यायाधीश संविधान के सेवक हैं, स्वामी नहीं। यह न्याय का मंदिर है, तो मैं थोड़ा संकोची हो जाता हूं। गंभीर धारणा है कि हमें मंदिर में देवताओं के रूप में देखा जाता है। मैं न्यायाधीशों की भूमिका को जनसेवक के रूप में फिर से परिभाषित कर रहा हूं। ऐसा करके आप दूसरों के बारे में निर्णय लेने में करुणा और सहानुभूति की भावना लाते हैं, लेकिन दूसरों के बारे में निर्णयात्मक नहीं होते।

उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में कई बाधाएं हैं, लेकिन तकनीकी मदद से अंग्रेजी से क्षेत्रीय भाषाओं का अनुवाद किया जा सकता है। ज्यादातर फैसले अंग्रेजी में लिखे जाते हैं। तकनीक ने हमें उनका अनुवाद करने में सक्षम बनाया है। हम 51 हजार से अधिक फैसलों का दूसरी भाषाओं में अनुवाद कर रहे हैं। इनमें बंगाली और उड़िया भी हैं। उन्होंने जमानत आवेदनों में सुस्ती पर चिंता व्यक्त की और कहा कि यह न्यायिक प्रणाली का मॉडल नहीं है। न्यायालयों को यह भी निगरानी करनी चाहिए कि किसी व्यक्ति को जमानत देने के उनके आदेश का क्रियान्वयन हुआ या नहीं, क्योंकि नौकरशाही प्रणाली आदेश के निपटान को प्रभावित करती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आपराधिक मामले में किसी को भी सजा सुनाते समय न्यायाधीशों को करुणा की भावना के साथ ऐसा करना चाहिए, क्योंकि अंत में एक इंसान को ही सजा सुनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता की ये अवधारणाएं केवल शीर्ष अदालत या उच्च अदालत के न्यायाधीशों के लिए ही नहीं बल्कि जिला न्यायपालिका के लिए भी महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि आम नागरिक की भागीदारी सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण रूप से जिला न्यायपालिका से शुरू होती है।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने स्वतंत्रता के बाद से उच्चतम न्यायालय द्वारा दिए गए निर्णयों को अंग्रेजी से संविधान के तहत मान्यता प्राप्त सभी क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद करने के लिए चल रहे कार्य में सहायता करने वाले एआई-सहायता प्राप्त सॉफ्टवेयर की भी बात की।

### न्यायपालिका राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त होनी चाहिए: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने किसी भी राजनीतिक पूर्वाग्रह से मुक्त न्यायपालिका का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इसे बिल्कुल निष्पक्ष और ईमानदार होना चाहिए। बनर्जी ने यह भी कहा कि न्यायपालिका लोकतंत्र, संविधान और लोगों के हितों के संरक्षण के लिए भारत की नींव का बड़ा स्तंभ है। मुख्यमंत्री ने यहां राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (पूर्वी क्षेत्र) के द्वितीय क्षेत्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के अवसर पर कहा-कृपया ध्यान रखें कि न्यायपालिका में कोई राजनीतिक पक्षपात न हो। न्यायपालिका पूरी तरह से पक्षपात रहित, ईमानदार और पवित्र होनी चाहिए। लोगों को इसकी पूजा करनी चाहिए। कार्यक्रम में प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवज्ञानम भी मौजूद थे। बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका लोगों के लिए एक महत्वपूर्ण मंदिर है और न्याय प्रदान करने का सर्वोच्च प्राधिकार है। उन्होंने कहा-यह एक मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा और गिरजाघर की तरह है। न्यायपालिका लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए है...और न्याय पाने और संवैधानिक अधिकारों को बनाए रखने के लिए अंतिम मंच है।

# मृतक का परिवार अंतिम संस्कार के बाद कार्रवाई पर लेगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**दिल्ली के हवाई अड्डे का हादसा**

दिल्ली के हवाई अड्डे पर भारी बारिश के बीच छत का हिस्सा गिरने से मारे गए 45 वर्षीय कैब चालक के बेटे ने कहा कि परिवार अंतिम संस्कार के बाद कानूनी कार्रवाई करने पर निर्णय लेगा। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने घटना के एक दिन बाद शनिवार को सफदरजंग अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद कैब चालक रमेश कुमार का शव उनके परिवार को सौंप दिया।

रमेश के 25 वर्षीय बेटे रवींद्र ने कहा,-हमें दोपहर करीब 12:30 बजे मेरे पिता का शव पोस्टमार्टम के बाद मिला। हम अपने घर के पास ही अंतिम संस्कार करेंगे। रवींद्र ने कहा कि उनके पिता के अंतिम संस्कार के बाद परिवार के सभी सदस्य चर्चा करेंगे और तय करेंगे कि वे उनके पिता की मौत के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराएंगे या नहीं। रमेश शुक्रवार सुबह आईजीआई टर्मिनल-1 पर कुछ यात्रियों का इंतजार कर रहे थे, तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे की भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र को ढकने वाली छतरी का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस घटना में छह लोग घायल भी हुए हैं। कैब चालक रमेश कुमार सुबह-सुबह टर्मिनल-1 पर यात्रियों का इंतजार कर रहे थे तभी राष्ट्रीय राजधानी में तीन घंटे से जारी भारी बारिश के बीच प्रस्थान क्षेत्र की छत का एक हिस्सा खड़ी कारों पर गिर गया। इस हादसे में कुमार की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

# केरल में टैंकर से गैस रिसाव के बाद आठ विद्यार्थी अस्पताल में भर्ती

**कन्नूर।** केरल में कन्नूर जिले के रामपुरम में एक टैंकर लॉरी से गैस रिसाव के बाद शनिवार को एक नर्सिंग कॉलेज के कम से कम आठ विद्यार्थियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थियों को बेचैनी और सांस लेने में कठिनाई होने लगी और उन्हें परियारम मेडिकल कॉलेज और पझायंगडी तालुक अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि उनकी हालत स्थिर है। अधिकारियों ने बताया कि पय्यान्नूर और परियायम पुलिस की एक दमकल टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की, लेकिन रिसाव को पूरी तरह से रोका नहीं जा सका है।

# विस चुनाव के बाद भाजपा का हो जाएगा सफाया : सोरेन

**रांची, एजेंसी**



- झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री ने भाजपा पर लगाया साजिश रचने का आरोप

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को भाजपा पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया और कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा का राज्य से सफाया हो जाएगा।

अपने आवास पर झामुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोरेन ने कहा कि उन्हें जेल में बंद करने की साजिश रचने वालों के खिलाफ विद्रोह होगा और झारखंड के लोग भाजपा को नहीं बख्शेंगे। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष ने कहा-भाजपा के ताबूत में आखिरी कील ठोकने का समय आ गया है। आने वाले दिनों में झारखंड से भाजपा का सफाया हो जाएगा। धन शोधन के एक मामले में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा जमानत दिए जाने के बाद सोरेन को शुक्रवार को बिरसा मुंडा जेल से रिहा किया गया था।

# राजस्थान में 23 करोड़ रुपये की हेरोइन समेत तीन तस्कर गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में गंगानगर के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस ने करीब 23 करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद करके तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने शनिवार को बताया कि कल देर शाम सदर थाना क्षेत्र में हनुमानगढ़- अबोहर बाईपास पर हुंडई शोरूम के समीप मोटरसाइकिल पर जा रहे बलकारसिंह (35) और पुनीत (31) को गिरफ्तार करके उनसे 334 ग्राम हेरोइन बरामद की। इनसे पूछताछ के आधार पर सीमावर्ती श्रीकरनपुर शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी सद्दाम हुसैन (31) को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास चार किलो 80 ग्राम हेरोइन मिली।

**बारिश के पानी में अठखेलियां...**



नई दिल्ली में शनिवार को रंजीत सिंह फ्लाईओवर के पास भारी बारिश के बाद सड़क पर भीषण जलभराव के बीच पानी में खेलते बच्चे। राजधानी में अभी तक हुई बारिश से कई इलाके जलभराव की परेशानी से ग्रसित हैं। • एजेंसी

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार श्रमिकों की मौत, एक अन्य घायल

**विरुधुनगर(तमिलनाडु), एजेंसी**

- मुख्यमंत्री ने की तीन-तीन लाख रुपये मुआवजे की घोषणा

तमिलनाडु में एक पटाखा निर्माण इकाई में विस्फोट होने से चार श्रमिकों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने शनिवार यह जानकारी दी। जिला पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने कहा कि विस्फोट तथा आग लगने का कारण पटाखा बनाने में रासायनिक पदार्थों का गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाना बताया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इकाई के नजदीक मौजूद एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया और इमारतों और अन्य कमरों को नुकसान पहुंचा है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने दुख जताते हुए चारों मृत श्रमिकों के परिवार को मुआवजे के रूप में तीन-तीन लाख रुपये देने की घोषणा की। विस्फोट 29 जून की सुबह विरुधुनगर जिले के सत्तूर तालुक के पंथुवरपट्टी गांव स्थित एक आतिशबाजी इकाई में हुआ था। मृतकों की पहचान अचनकुलम गांव के 45 वर्षीय राजकुमार, नाडुसुरनकुडी के मारिसमी (40) और वेम्बकोट्टई के सेल्वाकुमार (35) और मोहन (30) के रूप में हुई। पुलिस के अधिकारी ने बताया घटना के बाद राहत कार्य के साथ मामले की जांच जारी है कि आखिर विस्फोट किस वजह से हुआ है।

# जद(यू) ने संजय झा को बनाया कार्यकारी अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज मांगा



जनता दल (यूनाइटेड) ने शनिवार को राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा को अपना कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के गठन में पार्टी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए केंद्र से बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा या विशेष पैकेज देने पर विचार करने का आग्रह किया।

पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में महंगाई और बेरोजगारी को 'ज्वलंत मुद्दे' करार दिया गया और पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव में विश्वास जताया गया कि राजग सरकार इनसे निपटने के लिए और प्रभावी कदम उठाएगी। प्रस्ताव में राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्नपत्र सहित पेपर लीक के अन्य मामलों की व्यापक जांच का आह्वान किया गया ताकि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके और केंद्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं की विश्वसनीयता कायम रहे। इसमें कहा गया है कि संसद को परीक्षा पत्रों के लीक होने के खिलाफ एक मजबूत कानून बनाने की भी आवश्यकता है। अपने विश्वासपात्र को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने का कुमार का फैसला भाजपा के साथ बेहतर समन्वय बनाए रखने और टकराव के मुद्दों का समाधानपूर्ण रास्ता निकालने के उनके प्रयासों को दर्शाता है क्योंकि झा के भाजपा नेतृत्व के साथ अच्छे संबंध हैं। बिहार के पूर्व मंत्री रहे झा ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से की थी। बाद में वह जद(यू) में शामिल हो गए। जद(यू) में आने से पहले वह कुमार के साथ संपर्क सूत्र की भूमिका निभा चुके हैं।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 920 फ्लैग 1030 डीएमओ 820 बोल्ड 1095, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 910 फ्लैग 1050 बोल्ड 1100 डीएमओ 830।

### कानपुर मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2400-2410 |
| आरआर 21 | 2550-2600 |
| गेहूंफारम | 2600-2700 |
| जौ | 2000 -2100 |
| ज्वार | 2000 -4000 |
| बाजरा | 2100-2150 |
| मकाई | 2200 -2400 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 6500 -6600 |
| अरहर | 9000 -10000 |
| मसूर | 5500 -5600 |
| मटर | 3700 -4000 |
| उड़दहरा | 11000 -11500 |
| उड़दकाला | 8000 -9000 |
| मूंग | 7800 -8000 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 16600-16700 |
| अरहरस्पेशल1 | 14300-14400 |
| चनादाल | 8000-8100 |
| मटरदाल | 4800-4900 |
| मसूरमलका | 7250-7300 |
| मसूरदाल | 7450-7500 |
| उड़ददाल | 9000- 13300 |
| उड़द धोवा | 10000- 13000 |
| मूँगदाल | 8100 -9700 |
| मूँग धोवा | 9700-11000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1400-1460 |
| मैदा | 1380-1460 |
| सूजी | 1440-1460 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1360-1400 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5600-5800 |
| अलसी | 4500 -4600 रुपये। |

# विश्व बैंक ने कम कार्बन ऊर्जा विकास के लिए 1.5 अरब डॉलर देने की मंजूरी दी

## बैंक ने कहा-भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था और इसके विस्तार की है उम्मीद

**नई दिल्ली, एजेंसी**




विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत को कम कार्बन ऊर्जा के विकास में तेजी लाने में मदद करने के लिए दूसरे चरण में 1.5 अरब डॉलर के वित्तपोषण को मंजूरी दी है।

विश्व बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि यह अभियान हरित हाइड्रोजन के लिए एक जीवंत बाजार के विकास को बढ़ावा देने, नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ाना जारी रखने और कम कार्बन ऊर्जा निवेश के लिए वित्त को प्रोत्साहित करने का प्रयास करेगा। उसने कहा कि भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है और अर्थव्यवस्था के तेजी से विस्तार करने की उम्मीद है। उत्सर्जन वृद्धि से आर्थिक विकास को अलग करने के लिए अक्षय ऊर्जा को विशेष रूप से औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ाने की आवश्यकता होगी। इसके लिए हरित हाइड्रोजन उत्पादन और खपत के विस्तार के साथ-साथ कम कार्बन निवेश के लिए वित्त जुटाने को बढ़ावा देने के लिए जलवायु वित्त के तेजी से विकास की आवश्यकता होगी।

विश्व बैंक ने कहा कि लो कार्बन एनर्जी प्रोग्रामेटिक डेवलपमेंट पॉलिसी ऑपरेशन के इस दूसरे चरण में हरित हाइड्रोजन और इलेक्ट्रोलाइज़र के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का समर्थन करेगा, जो हरित हाइड्रोजन उत्पादन के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण तकनीक है।

### रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है : कौमे

भारत के लिए विश्व बैंक के कंट्री निदेशक ऑगस्टे टैनो कौमे ने कहा-विश्व बैंक को भारत की कम कार्बन विकास रणनीति का समर्थन जारी रखने की खुशी है, जो निजी क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा रोजगार पैदा करते हुए देश के शुद्ध-शून्य लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करेगी। वास्तव में, पहले और दूसरे चरण दोनों में हरित हाइड्रोजन और नवीकरणीय ऊर्जा में निजी निवेश को बढ़ावा देने पर मजबूत ध्यान दिया गया है। सुधारों के परिणामस्वरूप वित्त वर्ष 25/26 से प्रति वर्ष कम से कम 450,000 टन ग्रीन हाइड्रोजन और 1,500 मेगावाट इलेक्ट्रोलाइज़र का उत्पादन होने की उम्मीद है। इसके अलावा, यह अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने और प्रति वर्ष पांच करोड़ टन उत्सर्जन में कमी लाने में भी महत्वपूर्ण रूप से मदद करेगा। यह ऑपरेशन राष्ट्रीय कार्बन क्रेडिट बाजार को और विकसित करने के कदमों का भी समर्थन करेगा।

### इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर मामले में एनसीएलटी से वापस ली याचिका

**नई दिल्ली।** खाद बनाने वाली कंपनी इफको ने एनसीएलटी में ट्रायम्फ ऑफशोर के खिलाफ दायर अपनी याचिका वापस ले ली है। इफको ने याचिका में ऋण चुकाने के लिए ट्रायम्फ ऑफशोर को ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी। इससे पहले इफको ने ट्रायम्फ ऑफशोर में अपनी पूरी 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने संयुक्त उद्यम भागीदार स्वान एनर्जी लिमिटेड (एसईएल) को 440 करोड़ रुपये में बेच दिया था। इफको ने मार्च में राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का दरवाजा खटखटाया था और उसकी मंजूरी के बिना ट्रायम्फ ऑफशोर तथा एसईएल को कर्ज चुकाने के लिए ऋणदाताओं को कोई भी शेयर या प्रतिभूति जारी करने से रोकने की मांग की थी।

# वस्तुओं, सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होने की उम्मीद

**मुंबई, एजेंसी**

- वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने जताया भरोसा



वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष में भारत का वस्तुओं और सेवाओं का निर्यात 800 अरब डॉलर को पार कर जाने की उम्मीद है। इससे पहले वित्त वर्ष 2023-24 में निर्यात 778.2 अरब डॉलर (वस्तुएं 437.1 अरब डॉलर और सेवाएं 341 अरब डॉलर) रहा था।

उन्होंने कहा कि वैश्विक स्थिति गंभीर है, क्योंकि यूक्रेन-रूस और इजरायल-हमास के बीच युद्ध और लाल सागर संकट अभी भी जारी है। मंत्री ने कहा कि यूरोप जैसे कुछ प्रमुख लोकतांत्रिक देशों में चुनाव भी हो रहे हैं। गोयल ने कहा-ऐसी स्थिति में यह सकारात्मक संकेत है कि हमारा निर्यात बढ़ रहा है (मई में नौ प्रतिशत की वृद्धि) और इससे यह पता भी चलता है कि दुनिया भारत के साथ व्यापार और निवेश करना चाहती है। हमें भरोसा है कि इस साल हमारा निर्यात 800 अरब डॉलर से अधिक होगा और यह एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड होगा। वह रत्न एवं आभूषण निर्यातकों के एक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए यहां आए थे। गोयल ने कहा कि निर्यात के लिए मंत्रालय विदेश स्थित भारतीय मिशनों और निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,350 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,650 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,900-55,100 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,800 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,650 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,400 |
| चांदी पक्की | 878 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,750 |
| चांदी आभूषण | 89,300। |

# कोयला आयात वृद्धि दर पिछले दशक में घटकर 2.5 प्रतिशत से नीचे आई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- वित्त वर्ष 2023-24 तक के मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

भारत ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसका पता इस बात से चलता है कि कोयला आयात में वार्षिक वृद्धि पिछले एक दशक में वित्त वर्ष 2023-24 तक घटकर 2.49 प्रतिशत रह गई है।

कोयला मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 तक कोयला आयात की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) 21.48 प्रतिशत रही। हालांकि, 2014-15 से 2023-24 तक कोयला आयात की सीएजीआर केवल 2.49 प्रतिशत रही है। बयान के अनुसार-इसके अलावा, वित्त वर्ष 2004-05 से 2013-14 की अवधि के दौरान आयातित कोयले की हिस्सेदारी का सीएजीआर 13.94 प्रतिशत था। जबकि, पिछले दशक के दौरान यह आंकड़ा गिरकर शून्य से नीचे लगभग 2.29 प्रतिशत हो गया। मंत्रालय ने कहा कि घरेलू कोयला संसाधनों के अनुकूलन और नवीन तकनीकी समाधानों का लाभ उठाने पर रणनीतिक ध्यान केंद्रित करते हुए देश ऊर्जा सुरक्षा में आत्मनिर्भरता की ओर अपनी यात्रा जारी रख रहा है।

### एआई क्लस्टर स्थापित करने के लिए आईबीएम गुजरात सरकार में समझौता

**नई दिल्ली।** आईबीएम और गुजरात सरकार ने शनिवार को गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक (गिफ्ट) सिटी में आईबीएम के वाटसनएक्स का लाभ उठाते हुए एआई क्लस्टर की स्थापना करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। एआई क्लस्टर की स्थापना से वित्तीय संस्थानों के बीच नवाचार और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। बयान के अनुसार, इस साझेदारी के तहत वित्तीय संस्थानों को कृत्रिम मेधा (एआई) सैंडबॉक्स तक पहुंच, अवधारणा का प्रमाण प्रदान करने में सहायता, एआई साक्षरता कार्यक्रम और डिजिटल सहायक समाधान प्राप्त होंगे।

# सीएस शेट्टी बनेंगे एसबीआई के नए चेयरमैन

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो ने की सिफारिश



सरकारी नियुक्ति चुनाव समिति वित्तीय सेवा संस्थान ब्यूरो (एफएसआईबी) ने शनिवार को भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के चेयरमैन पद के लिए बैंक के वरिष्ठतम प्रबंध निदेशक सी एस शेट्टी के नाम की सिफारिश की है। शेट्टी को जनवरी, 2020 में प्रबंध निदेशक के तौर पर चुना गया था।

वर्तमान में वे अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग, वैश्विक बाजार और प्रौद्योगिकी विभागों का कार्यभार संभालते हैं। वह दिनेश कुमार खारा का स्थान लेंगे, जो 28 अगस्त को सेवानिवृत्त हो जाएंगे। खारा की आयु 28 अगस्त को 63 वर्ष हो जाएगी, जो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए ऊपरी आयु सीमा है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों के निदेशकों की तलाश करने वाली संस्था एफएसआईबी ने इस पद के लिए 29 जून, 2024 को तीन उम्मीदवारों का साक्षात्कार लिया। एफएसआईबी ने बयान में कहा-प्रदर्शन, समग्र अनुभव और मौजूदा मापदंडों को ध्यान में रखते हुए ब्यूरो एसबीआई के चेयरमैन पद के लिए चल्ला श्रीनिवासुलु शेट्टी की सिफारिश करता है। परंपरा के अनुसार, चेयरमैन की नियुक्ति एसबीआई के मौजूदा प्रबंध निदेशकों में से की जाती है। एफएसआईबी मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) को नाम की सिफारिश करेगा जो इस संबंध में अंतिम निर्णय लेगी। एसीसी के अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। एफएसआईबी के अध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) के पूर्व सचिव भानु प्रताप शर्मा हैं।

## एक नजर

### ताइवान के आसपास मंडरा रहे हैं चीन के विमान

**ताइपेई।** ताइवान की सेना ने द्वीप के करीब मंडरा रहे चीन के पीएलए के 23 विमानों और पांच जहाजों का पता लगाया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक्स पर कहा सुबह छह बजे तक ताइवान के आसपास चीन के 23 विमान और पांच जहाजों का पता चला। बीस विमान ताइवान के उत्तरी, मध्य, दक्षिण-पश्चिम और पूर्वी हवाई क्षेत्र में प्रवेश कर गए। इवान के सशस्त्र बलों ने स्थिति की निगरानी की है और प्रतिक्रिया दी है। गौरतलब है कि मई में, द्वीप के प्रशासन के नए प्रमुख लाई चिंग-ते के पदभार ग्रहण करने के दो दिन बाद चीनी सशस्त्र बलों ने ताइवान के आस-पास व्यापक सैन्य अभ्यास किया।

### न्यूयॉर्क में मिनीवैन दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में न्यूयॉर्क के लॉन्ग आइलैंड में मिनीवैन की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सफोल्क काउंटी के डियर पार्क अग्निशमन विभाग के प्रमुख डोमिनिक अल्बानीज़ ने बताया कि सूचना मिलने पर अग्निशमन कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे, जहां चार लोग मृत पाए गए। उन्होंने बताया कि अधिकारी घटना के पीछे के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### मास्को उपनगर में छात्रावास में आग लगने से पांच की मौत

**मास्को।** रूस में मॉस्को के उपनगर बालाशिखा में एक छात्रावास में आग लगने पांच लोगों की मौत हो गई। तास न्यूज एजेंसी ने शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने परिचालन सेवाओं के हवाले से बताया केरामीचेस्काया स्ट्रीट पर छात्रावास में आग लगने के कारण पांच लोगों की मौत हो गई है। तीन लोगों को बचा लिया गया है और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है तथा 10 अन्य लोगों को निकाला गया है। परिचालन सेवाओं ने कहा प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार आग का कारण विद्युत नेटवर्क का एक आपातकालीन संचालन था।

### चीन में धोखाधड़ी के आरोप में 3,350 लोग गिरफ्तार

**बीजिंग।** चीन में पुलिस ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों को मदद करने के आरोप में राष्ट्रव्यापी अभियान तहत 3,350 से ज्यादा लोगों को हिरासत में लिया है। यह जानकारी सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने शनिवार को दी। मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 106 आपराधिक गिरोहों के संदिग्धों ने कथित रूप से फर्जी वेबसाइट के पते, क्यूआर कोड और अश्लील जानकारी वाले कार्ड छपवाए और पीड़ितों को धोखाधड़ी की योजनाओं में लुभाने के लिए उन्हें सार्वजनिक स्थानों पर पोस्ट किया। इस अभियान ने दूरसंचार धोखाधड़ी संगठनों की उभरती समस्या का जवाब दिया है।

# नासा की गलती से स्पेस में फंसी सुनीता विलियम्स हीलियम लीक के बारे में थी जानकारी, कब होगी वापसी?

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर स्पेस में फंसे हुए हैं। स्पेसक्राफ्ट में हीलियम लीक के कारण ऐसा हो रहा है। इस बीच उनके मामले से जुड़ी एक दिल दहला देने वाली रिपोर्ट सामने आई है। अमरीकन न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक लॉन्च के लिए सुरक्षित मानने के बावजूद नासा और बोइंग दोनों प्रबंधकों को इसके रिसाव के बारे में जानकारी थी। हालांकि उन्होंने इसे मिशन को खतरे में डालने के लिए बेहद छोटा माना था। लेकिन अंतरिक्ष में पहुंचने के बाद चार लीक देखे गए, जिस कारण अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी फंसी हुई है। इनकी वापसी 13 जून को होनी थी, जो अभी तक नहीं हो पाई है।

### अब नासा ने कहा- 90 दिनों तक बढ़ सकता है मिशन

नासा ने कहा है कि उसके दोनों अंतरिक्ष यात्री अधिक समय तक स्पेस में रहेंगे। क्योंकि इंजीनियर बोइंग कैप्सूल में पैदा हुई समस्याओं का निवारण करने में लगे हैं। नासा ने जमीन पर परीक्षण पूरा होने तक वापसी की तारीख तय नहीं की और कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित हैं। नासा के वाणिज्यिक क्रू कार्यक्रम मैनेजर स्टीव स्टिच ने कहा नासा स्टारलाइनर के मिशन की अधिकतम अवधि को 45 दिनों से बढ़ाकर 90 दिन करने पर विचार कर रही है। 5 जून को दोनों अंतरिक्ष यात्री बोइंग स्टारलाइनर कैप्सूल में सवार होकर आईएसएस के लिए रवाना हुए थे। वर्षों की देरी और असफलताओं के बाद यह पहला अंतरिक्ष यात्री लॉन्च था। यह टेस्ट फ्लाइट लगभग एक सप्ताह चलने की उम्मीद थी।

### कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को ठीक किया जा रहा

नासा और बोइंग टीम स्टारलाइनर की कई हीलियम लीक और थ्रस्टर में खराबी समस्या को सही करने की कोशिश है। नासा के स्टीव स्टिच का कहना है कि वो एसओपी फॉलो कर रहे हैं और डेटा के आधार पर निर्णय ले रहे हैं। एक बार इसका समाधान होने पर उनकी वापसी हो जाएगी। आईएसएस से अंतरिक्ष यात्रियों को लाने-ले जाने की स्पेसएक्स की क्षमता को देखते हुए फंसे हुए अंतरिक्ष यात्रियों को बचाने के लिए एलन मस्क की स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान की संभावना पर चर्चा की जा रही है।



### यह दिक्कत आई सामने

नासा ने 24 जून के प्रयास के बाद घोषणा की कि स्पेस सूट कूलिंग यूनिट वॉटर लूप रिसाव के कारण स्पेसवॉक रद कर दिया गया है। अच्छी बात यह रही कि हर मामले में अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रहे। स्पेससूट को लेकर पैदा हुई चिंताओं से स्पेसवॉक का स्थगित होना नासा की समस्याओं की शुरुआत है। 2 जुलाई के लिए भी एक स्पेसवॉक निर्धारित है। केवल समय ही बताएगा कि क्या इसे हरी झंडी दी जाएगी या नहीं। स्पेस सूट में आने वाली समस्याएं दिखाती हैं कि अंतरिक्ष यात्रियों को नए सूट की जरूरत है जो 40 साल पुराने डिजाइन पर आधारित हैं।

### अंतरिक्ष में बर्फ बनने लगा पानी

नासा के लाइव फीड के दौरान इस घटना को पकड़ा गया। इसमें डायसन ने हर जगह पानी की रिपोर्ट दी। डायसन ने मिशन कंट्रोल को बताया, मैं देख सकता था कि बर्फ के क्रिस्टल निकल रहे हैं। यह एक बर्फ बनाने वाली मशीन की तरह था। जब पानी का रिसाव हुआ तब अंतरिक्ष के लिए बाहर का दरवाजा खुला हुआ था।

# अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं प्रवासी

## ट्रंप के इस बयान की चौतरफा निंदा, कहा- वोट के लिए नस्लवादी टिप्पणी की

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ बहस और शुक्रवार को एक रैली के दौरान दावा किया कि प्रवासी अमेरिका में अश्वेतों और लातिन अमेरिकियों की नौकरियां छीन रहे हैं। ट्रंप के इस बयान की उनके आलोचकों ने कड़ी निंदा की और कहा कि वोट बैंक का दायरा बढ़ाने की उनकी यह नस्लवादी और अपमानजनक कोशिश है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव की प्रक्रिया के तहत ट्रंप और बाइडन के बीच बृहस्पतिवार को करीब 90 मिनट तक जोरदार बहस हुई थी। ट्रंप ने कोई सबूत पेश किए बिना कहा कि डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता चाहते हैं कि मतदाता के रूप में प्रवासी अमेरिकियों की जगह ले लें।

उन्होंने सीएनएन पर प्रसारित बहस में कहा सच्चाई यह है कि वह (बाइडन) अश्वेत लोगों पर सबसे बड़ा प्रहार उन लाखों लोगों के जरिए कर रहे हैं जिन्हें उन्होंने सीमा पार से आने की अनुमति दी है। वे अब अश्वेतों की नौकरियां ले रहे हैं। वे लातिन अमेरिकियों की



नौकरियां ले रहे हैं। आपको अभी यह समझ नहीं हा रहा लेकिन आप हमारे इतिहास की सबसे खराब चीज होती देखेंगे। ट्रंप और उनके सहयोगियों का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी बाइडन के कामकाज से असंतुष्ट अश्वेतों और लातिन अमेरिकी समुदाय तक पूर्व राष्ट्रपति की पहुंच बढ़ाएगी। ट्रंप ने शुक्रवार को वर्जीनिया में एक रैली के दौरान फिर से ये टिप्पणियां कीं। डेमोक्रेटिक पार्टी और अश्वेत नेताओं ने ट्रंप के इस बयान की निंदा की।

**गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है :** नेशनल असोसियेशन फॉर द एडवांसमेंट ऑफ कलर्ड पीपल के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेरिक जॉनसन ने कहा अश्वेतों के लिए नौकरी जैसी कोई चीज नहीं होती। यह गलत जानकारी अश्वेत प्रतिभा की सर्वव्यापकता को नकारती है। हम चिकित्सक, वकील, शिक्षक, पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी हैं। यह सूची बहुत लंबी है। उन्होंने कहा यह चिंताजनक है कि राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार ऐसा भेद पैदा करने की कोशिश कर रहा है जो मौजूद नहीं है, हालांकि ट्रंप का इस तरह की विभाजनकारी बात करना आश्चर्यजनक नहीं है।

### पार्टी में उठी मांग बाइडेन को उम्मीदवारी से सम्मानजनक रूप से हट जाना चाहिए



**सिडनी।** जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच इस सप्ताह की राष्ट्रपति बहस के समापन के कुछ ही मिनटों के भीतर, कई लोगों के लिए यह स्पष्ट हो गया कि 81 वर्षीय बाइडेन नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल नहीं कर पाएंगे। 90 मिनट की बहस के दौरान स्पष्ट रूप से संवाद करने में उनकी असमर्थता के कारण पूरे अमेरिकी राजनीतिक हलकों, विशेष रूप से डेमोक्रेट के बीच, उनकी कड़ी आलोचना हुई। पार्टी में भी अब उनकी उम्मीदवारी छोड़ने की मांग उठने लगी है। ओबामा प्रशासन के पूर्व अधिकारी और सीएनएन विश्लेषक वैन जोन्स ने बाइडेन के बारे में कहा देश और जनता में विश्वास बहाल करने के लिए उन्हें आज रात एक परीक्षा से गुजरना था, और वह ऐसा करने में असफल रहे। हम अभी भी पार्टी सम्मेलन से दूर हैं। और इस पार्टी के लिए आगे बढ़ने का एक अलग रास्ता निकालने का समय आ गया है। बाइडेन ने ट्रंप के विभिन्न व्यक्तिगत अविवेक और 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल पर विद्रोह को लेकर अपने पूर्ववर्ती पर कुछ वार किए, और एक बिंदु पर कहा आप गली की एक बिल्ली जितने नैतिक हैं। लेकिन यह कई संशयवादियों को समझाने के लिए पर्याप्त नहीं था कि बाइडेन ट्रंप अभियान से लड़ने में सक्षम हैं, अमेरिकी कमांडर-इन-चीफ के कर्तव्यों को निभाने और अगले चार वर्षों तक दुनिया में सबसे कठिन काम करने का तो जिक्र ही नहीं किया गया। यदि सप्ताहांत के मतदान से पता चलता है कि बाइडेन अपने भयानक बहस प्रदर्शन के बाद समर्थन खो रहे हैं, जिसकी अत्यधिक संभावना है, तो डेमोक्रेट के उम्मीदवार के रूप में उनकी जगह लेने का कदम और भी तीव्र और अंततः निर्विरोध हो जाएगा।

## रूस में यूक्रेन के ड्रोन हमले में पांच लोगों की मौत

**कीव।** रूस के स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को कहा कि उसके देश के कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के ड्रोन हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई, दूसरी तरफ यूक्रेनी शहर डीनिप्रो में बचावकर्मी रूसी हमले में ध्वस्त हुई उस नौ मंजिला आवासीय इमारत का मलबा हटाते दिखे, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

गवर्नर एलेक्सी स्मिरनोव ने सोशल मीडिया पर कहा कि रूस-यूक्रेन सीमा पर गोरोडिशे गांव में यूक्रेनी हमले के पीड़ितों में दो बच्चे भी शामिल हैं। क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने कहा कि डीनिप्रो में रूसी हमले के बाद एक इमारत की शीर्ष चार मंजिलें नष्ट होने के बाद कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और सात महीने की बच्ची सहित 12 लोग घायल हो गए।

## नेपाल ने भारत में क्यूआर कोड से भुगतान स्वीकार किया

**काठमांडू, एजेंसी**

- नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की

भारतीयों को नेपाल में अपने मोबाइल फोन के माध्यम से भुगतान करने की अनुमति दिए जाने के तीन महीने बाद, नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने घोषणा की कि नेपाली नागरिक अब भारत में क्यूआर कोड भुगतान प्रणाली का उपयोग कर सकते हैं।

काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, गुरुवार को जारी एक परिपत्र में, नेपाल राष्ट्र बैंक ने क्यूआर कोड के साथ-साथ ई-बैंकिंग, इंटरबैंक भुगतान और मोबाइल बैंकिंग जैसे अन्य भुगतान विधियों का उपयोग करके भारत और भूटान में भुगतान करने की अनुमति दी। नेपाल राष्ट्र बैंक ने व्यापारी भुगतान के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये या 1,00,000 रुपये प्रति माह की लेनदेन तय की है। यह नेपाली नागरिकों द्वारा भारतीय व्यापारियों को किए गए भुगतान, विशेष रूप से वस्तुओं और सेवाओं को संदर्भित करता है। भूटान के केंद्रीय बैंक ने इस तरह के भुगतान की अनुमति देते हुए एक परिपत्र जारी किया है। इस विनियमन संशोधन के बाद, नेपाली भुगतान प्रणाली ऑपरेटर जल्द ही भारत में इन सेवाओं को शुरू करना चाहते हैं। नेपाल राष्ट्र बैंक ने निर्देश दिया है कि डिजिटल सीमा पार भुगतान प्रणालियों में शामिल नेपाली उद्यम विदेशी भागीदारों के साथ समझौता करने या समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने से पहले केंद्रीय बैंक से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करें।

## पाकिस्तानी एजेंसियों को न्यायिक मामलों में हस्तक्षेप से रोके पीएमओ

**लाहौर, एजेंसी**

- कई न्यायाधीशों ने वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का लगाया है आरोप

पाकिस्तान की एक अदालत ने शनिवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को निर्देश दिया कि वह इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) सहित देश की खुफिया एजेंसियों को निर्देश जारी करे कि वे अनुकूल फैसला प्राप्त करने के लिए किसी भी न्यायाधीश या उनके स्टाफ के किसी सदस्य से संपर्क न करें। कई न्यायाधीशों ने खुफिया एजेंसियों, विशेषकर आईएसआई, सैन्य खुफिया (एमआई) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) पर वांछित फैसले प्राप्त करने के लिए विभिन्न तरीकों से दबाव डालने का आरोप लगाया है, विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, उनकी पार्टी के नेताओं और समर्थकों के मामलों में।

## इजराइल दूतावास के बाहर सुरक्षा अधिकारी पर किया हमला

**बेलग्राद (सर्बिया)।** सर्बिया के बेलग्राद में स्थित इजराइल के दूतावास की सुरक्षा में तैनात एक पुलिस अधिकारी को शनिवार को यहां एक हमलावर ने तीर मार कर घायल कर दिया। गृह मंत्री ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने जवाबी कार्रवाई करते हुए हमलावर को मार गिराया। गृह मंत्री इविका डेसिक ने एक बयान में कहा कि हमलावर ने अधिकारी पर तीर से हमला किया, जो उनकी गर्दन में लगा।

## यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोत पर किया मिसाइल हमला

**लाहौर, दुबई**

- बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं

यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर से गुजर रहे एक पोत पर शुक्रवार को मिसाइल हमले किए। ब्रिटेन की सेना के समुद्री व्यापार संचालन केंद्र ने यह जानकारी दी। हूती विद्रोही इस अहम समुद्री मार्ग पर पोतों को कई बार निशाना बना चुके हैं। यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन (यूकेटीएमओ) केंद्र ने बताया कि यमन में विद्रोहियों के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा के तट से गुजर रहे पोत के पास पांच मिसाइल गिरीं।

यूकेटीएमओ ने बताया कि इन हमलों मे पोत को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने शुक्रवार रात दावा किया था कि हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में पोतों पर दो हमले किए हैं लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यूकेटीएमओ ने किस पोत पर हुए हमले की जानकारी दी है। विद्रोहियों ने मिसाइल और ड्रोन हमलों के जरिए अब तक 60 से अधिक पोत को निशाना बनाया है और इन हमलों में चार नाविक मारे गए हैं।

हूती विद्रोहियों के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व में जनवरी से कई हवाई हमले किए गए हैं। विद्रोहियों के अनुसार, 30 मई को हुए हमले में कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई थी और 42 अन्य घायल हुए थे।

### जद्दोजहद....



असम में भारी बारिश के कारण कई जिलों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। डिब्रूगढ़ में भारी बारिश के कारण बाढ़ वाले क्षेत्र से नाव से पलायन करते लोग। ● एजेंसी

## ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए पेजेशकियन और जलीली के बीच होगा सीधा मुकाबला

**दुबई, एजेंसी**

- उम्मीदवार पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले

ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए हुए मतदान में किसी भी प्रत्याशी को जीत के लिए पर्याप्त मत नहीं मिले, जिसके बाद सुधारवादी उम्मीदवार मसूद पेजेशकियन और कट्टरपंथी सईद जलीली के बीच अब सीधा मुकाबला होगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। चुनाव प्रवक्ता मोहसिन इस्लामी ने बताया कि पेजेशकियन और जलीली के बीच सीधा मुकाबला शुक्रवार को होगा। इस्लामी ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान चुनाव परिणाम की घोषणा की, जिसका ईरान के सरकारी टेलीविजन चैनल ने सीधा प्रसारण किया। उन्होंने बताया कि कुल दो करोड़ 45 लाख मतों में से पेजेशकियन को एक करोड़ चार लाख और जलीली को 94 लाख वोट मिले। संसद के कट्टरपंथी स्पीकर मोहम्मद बाघेर कलीबाफ को 33 लाख वोट मिले और शिया धर्मगुरु मुस्तफा पूरमोहम्मदी को करीब 2,06,000 वोट मिले हैं। ईरान के कानून के अनुसार, 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल करने पर ही कोई उम्मीदवार विजेता घोषित किया जा सकता हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

### मतपेटी के ले जा रहे काफिले पर हमला, दो की मौत

**तेहरान।** ईरान के 14वें राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के बाद शनिवार तड़के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान और बलूचिस्तान में मतपेटी ले जा रहे एक वाहन को निशाना बनाकर सशस्त्र हमलावरों ने हमला किया जिसमें दो पुलिस अधिकारी मारे गए। समाचार एजेंसी आईआरएनए ने सिस्तान और बलूचिस्तान पुलिस विभाग के एक बयान के हवाले से कहा कि रस्क काउंटी के जकीगुर गांव में हुए हमले का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में मतपेटी को जब्त करना था।

## बॉलीवुड हलचल

### श्रद्धा कपूर ने अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की




मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री श्रद्धा कपूर ने फिल्म कल्कि 2988 एडी में अमिताभ बच्चन के अभिनय की तारीफ की है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित, कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हसन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पाटनी सहित कई शानदार कलाकार हैं। वैजयंती मूवीज द्वारा निर्मित यह फिल्म 27 जून दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का किरदार निभाया है। दर्शकों को अमिताभ का अश्वत्थामा वाला किरदार बेहद पसंद आ रहा है। इस बीच श्रद्धा कपूर ने अमिताभ की तारीफ करते हुए सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में श्रद्धा ने लिखा है, क्या नॉर्थ, क्या साउथ, क्या ईस्ट क्या वेस्ट, सारा सिनेमा एक तरफ और अमिताभ बच्चन एक तरफ।

### मेरे कपड़े फटे, गंदे थे, तभी आमिर सामने आ गए और मैं घबरा गया : नवाजुद्दीन

**मुंबई।** नवाजुद्दीन सिद्दीकी आज बॉलीवुड के बेहतरीन और टॉप एक्टर्स में शुमार किए जाते हैं और उन्हें अच्छी फीस भी मिलती है, लेकिन कभी उन्होंने फिल्मों में बिना किसी क्रेडिट के काम किया था। यहां तक उन्हें रोजाना सिर्फ एक हजार रुपये की तनख्वाह मिलती थी। नवाजुद्दीन सिद्दीकी इस वक्त नई फिल्म रौतू का राज को लेकर चर्चा में हैं, और उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपने करियर की शुरुआती फीस से लेकर ''सरफरोश'' में आमिर संग काम करने का एक्सपीरियंस शेयर किया। नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने यह भी बताया कि सरफरोश में जो उनका सीन था, उसमें वह असल में आमिर के सामने हकला रहे थे और बहुत डरे हुए थे। चूंकि उनका किरदार भी ऐसा ही था, इसलिए लोगों को लगा कि नवाजुद्दीन अच्छी एक्टिंग कर रहे हैं। नवाजुद्दीन ने आगे बताया सरफरोश में मेरा छोटा सा रोल था। पूरी स्क्रिप्ट में, मैं एसीपी राठौड़ को पढ़ सकता था।

### सोनू निगम ने धोए आशा भोंसले के पैर



मुंबई। मौका था देश की मशहूर सिंगर आशा भोंसले की बायोग्राफी 'स्वरस्वामिनी आशा' के लॉन्च का। इस बुक लॉन्चिंग में कई दिग्गज वहां पहुंचे थे, जिनमें से कई बॉलीवुड सिलेब्रिटीज़ भी थे। स्टेज पर आशा भोंसले के साथ सोनू निगम भी नजर आए और जिस तरह का सम्मान उन्होंने इस दिग्गज सिंगर को दिया है वह अक्सर हमने पढ़ा या सुना ही होगा। बॉलीवुड में इस तरह की चीजें कम ही देखने को मिलती हैं।


**खगोल विज्ञान** | शुरुआती चरण में हुई 57 ग्रहों के विकिरण की जांच

## अब विकिरण आधार पर होगी जीवन योग्य ग्रहों की खोज

**संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने रहने योग्य ग्रह की तलाश की दिशा बदल दी है। अब सूर्य के विकिरण के आधार पर खोज की जाएगी। जिसके शुरुआती चरण में 57 तारों के ग्रहों के विकिरण की जांच की है। जिसमें कई ग्रहों पर पड़ने वाला विकिरण पृथ्वी के समान है।

पृथ्वी के समान रहनेयोग्य ग्रह की तलाश में वैज्ञानिक लंबे समय से संघर्षरत हैं। अभी तक पांच हजार बाहरी ग्रहों की खोज हो चुकी है। जिनमें कुछ ग्रह जीवनयोग्य हो सकते हैं। मगर वैज्ञानिको की नई सोच कहती है कि सूर्य के विकिरण के आधार पर जीवनयोग्य ग्रहों की तलाश उद्देश्य की पूर्ति संभव है। इस क्रम में खगोलविदों ने हाल ही में पास



तारे के साथ मौजूद ग्रह। ● अमृत विचार

के 57 सितारों से आने वाले विकिरण की मात्रा को मापा है। इनमें से कुछ तारों के ग्रहों में रहने योग्य ग्रह को हमारे सूर्य से पृथ्वी के समान या उससे भी कम विकिरण प्राप्त हुआ। तारों से निकलने वाले विकिरण की मात्रा और उस तारे के ग्रहों के लिए खतरनाक हो सकता है, जिससे संभावित रूप से वे रहने लायक नहीं रह जाते हैं। इस खोज की दिशा में तारों के आस-पास रहने योग्य एक्सोप्लेनेट की तलाश तेज कर दी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ज्ञात एक्सोप्लेनेट की बढ़ती संख्या संभावित रूप से जीवन की मेजबानी कर सकती है। वैज्ञानिकों का मानना है कि किसी दूसरे बाहरी ग्रह पर जीवन की तलाश सबसे बढ़ी चुनौती है। भावी दूरबीनें इस चुनौती से पार पा सकती हैं।

### कई दूरबीनों के जरिए मापा गया विकिरण

**नैनीताल।** कैलिफ़ोर्निया स्टेट पॉलिटेक्निक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक ब्रीना बाइंडर के अनुसार वैज्ञानिकों ने विकिरण का अध्ययन करने के लिए नासा के चंद्रा एक्स-रे वेधशाला और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक्सएमएम-न्यूटन उपग्रह का उपयोग किया और सोच के अनुरूप निष्कर्ष सामने आए। जिसे अमेरिकन एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी की 244वीं बैठक में अपने निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया।